हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

• रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 • आरा • सोमवार • 21 अक्टूबर 2024 • वर्ष 09 • अंक 164 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## चीन के दबदबे को खत्म करने की तैयारी में भारत

### अमेरिका के साथ की खनिज साझेदारी समझौते की पेशकश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने अमेरिका के साथ खनिज साझेदारी समझौते की पेशकश की है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहन जैसे उद्योगों को अमेरिकी बाजार में कुछ लाभ मिलेगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी। भारत ने इस महीने की शुरुआत में मंत्री की यूएस यात्रा के दौरान यह मुद्दा उठाया था। साथ ही, दोनों देशों ने अहम खनिज आपूर्ति श्रृंखला में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कोबाल्ट, तांबा, लिथियम, निकल और दुर्लभ पृथ्वी जैसे महत्वपूर्ण खनिज पवन टर्बाइन से लेकर इलेक्ट्रिक कारों तक, स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में बड़ी भूमिका निभाते हैं। खनिज क्षेत्र में चीन के बढ़ते दबदबे पर लगाम लगाने के मकसद से इसे काफी अहम माना जा रहा है। भारत और अमेरिका के अलावा ऑस्ट्रेलिया व जापान भी महत्वपूर्ण खनिजों के सप्लाई चेन को सुरक्षित करने पर काम कर रहे हैं। इसमें खनिजों के भंडार, उनकी खुदाई और प्रॉसेसिंग से लेकर फाइनल यूज तक की प्रक्रिया शामिल है। फिलहाल प्रोडक्शन फैसिलिटी पर चीन का कंट्रोल है।



## अमेरिका से इजराइल की खुफिया जानकारी हो गई लीक

- इनमें ईरान पर इजराइली पलटवार से जुड़े सीक्रेट डॉक्यूमेंट, टेलीग्राम पर एक चैनल ने पोस्ट किए, आईडीएफ हुई अलर्ट



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका से इजराइल के सीक्रेट डॉक्यूमेंट लीक हो गए हैं। इसमें ईरान पर हमले की प्लानिंग थी। आईडीएफ की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने इस मामले में जांच भी शुरू कर दी है। एजेंसी ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से लिखा कि इस तरह से डॉक्यूमेंट का लीक होना अमेरिका के लिए गहरी चिंता का विषय है। इन डॉक्यूमेंट पर 15 और 16 अक्टूबर की तारीख लिखी हुई है। इन्हें 18 अक्टूबर, शुक्रवार को टेलीग्राम पर मिडिल ईस्ट स्पेक्टेटर नाम के चैनल ने पोस्ट किया है। इन पर टॉप सीक्रेट लिखा हुआ है। साथ में ये भी बताया गया कि ये डॉक्यूमेंट सिर्फ अमेरिका और उसके सहयोगी देश ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड और ब्रिटेन के लिए हैं। ये सभी देश खुफिया नेटवर्क फाइव आइज का हिस्सा हैं। ईरान ने इजराइल पर 1 अक्टूबर को 180 मिसाइलों से हमला किया था।

## पराली जलाने पर हरियाणा सरकार का सख्त ऐक्शन

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में कृषि और किसान कल्याण विभाग ने 38 किसानों को अगले 2 खरीद सत्रों में एमएसपी पर फसल बेचने से रोक लगा दी है। पराली जलाने पर अंकुश लगाने के मकसद से ये कड़ा कदम उठाया गया है। विभाग के निदेशक की ओर से जारी सर्कुलर के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई, जिसमें फसल अवशेष



जलाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। इन किसानों के मेरी फसल, मेरा ब्योरा रिकॉर्ड में रेड एंट्री दर्ज की गई है। इससे ई-खरीद पोर्टल के जरिए फसल बेचने पर रोक लग जाएगी, जो एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करती है। विभाग की ओर से जो सर्कुलर जारी किया गया, उसमें कड़ी कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया गया है। इसमें पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना और 2 सत्रों के लिए खरीद प्रक्रिया से बाहर करने की खातिर चिह्नित करना शामिल है। ऐसी घटनाओं को रोकने में लापरवाही करने वाले सरकारी अधिकारियों को नतीजे भुगतने की चेतावनी दी।

## पीएम मोदी ने वाराणसी को दी आई हॉस्पिटल की सौगात

**वाराणसी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंच गए हैं। पीएम मोदी ने काशी में आरजे शंकरा आई हॉस्पिटल का लोकार्पण किया है। इस दौरान उनके साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी भी मौजूद रहे। वाराणसी के दौरे पर पीएम मोदी आज बाबतपुर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के तहत न्यू टर्मिनल भवन का शिलान्यास भी किया। पीएम



मोदी ने बनारस से ही 5 राज्यों को करीब 6,611 करोड़ रुपये की 24 प्रोजेक्ट की सौगात दी। पीएम मोदी के हाथों लाकार्पित हॉस्पिटल वाराणसी ही नहीं आसपास के कई जिलों को राहत देगा। शंकरा आई फाउंडेशन के संस्थापक एवं मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. आरवी रमणी के अनुसार अस्पताल अनूठे हाइब्रिड मॉडल पर काम करेगा। इसके तहत न सिर्फ वाराणसी बल्कि उत्तर प्रदेश के आस-पास के गांवों एवं जिलों से आए मरीजों को भी सब्सिडी के साथ सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

## बारामूला और उरी में सेना ने चलाया बड़ा ऑपरेशन

**श्रीनगर (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में आतंकियों की घुसपैठ नाकाम करने के बाद अब सेना ने बारामुला और उरी में सर्च ऑपरेशन लॉन्च कर दिया है। चिनार कॉर्प्स ने बताया है कि खुफिया इनपुट्स से एलओसी से सटे इलाके में घुसपैठ की कोशिश की जानकारी मिली थी। इसके बाद सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इस इलाके पर बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन चलाया है।



संदिग्ध गतिविधियों का पता चलने के बाद जब सुरक्षाबलों ने ललकारा तो आतंकियों ने फायरिंग भी शुरू कर दी। सुरक्षाबल आतंकियों की गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। बता दें कि इससे पहले घुसपैठिए एलओसी के कमलकोट इलाके में घुसने के फिराक में थे। सेना को खुफिया इनपुट्स से इसकी जानकारी मिल गई थी। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को मार गिराया। 18 अक्टूबर को शोपियां में आतंकियों ने एक गैर कश्मीरी को निशाना बनाया था। यहां आतंकियों ने गोली मारकर युवक की हत्या कर दी थी।

## असम में 6 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त, 2 गिरफ्तार

### मादक पदार्थों की तस्करी वाले गिरोह का हुआ भंडाफोड़

दिसपुर (एजेंसी)। असम पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इनके पास से 6 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन की जब्ती की गई है। साथ ही, 2 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। बताया गया कि मणिपुर और असम के बीच इनका नेटवर्क काम करता था। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ ने ऑपरेशन चलाया। मणिपुर के कांगपोकपी से असम के निचले जिलों में ले जाई जा रही ड्रग्स की खेप बरामद कर ली गई। रिपोर्ट के मुताबिक, गुवाहाटी में मुर्तजा अहमद उर्फ भुलू को डिलीवरी के लिए ये खेप भेजी जा रही थी जिसे शनिवार रात पकड़ लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, भूलू को टाटा नेक्सन से यात्रा करते समय अमीनगांव में पकड़ लिया गया था। जांच करने पर हेरोइन से भरे 49 साबुन के डिब्बे बरामद किए गए, जिनका वजन कुल 637 ग्राम था। इन नशीले पदार्थों की बाजार में कीमत 6 करोड़ रुपये आंकी गई है। भुलू की गिरफ्तारी के बाद डोकमोका के ट्रक चालक प्रशांत टोप्पो का पता लगाया गया और फिर उसे भी हिरासत में ले लिया गया। आरोप है कि टोप्पो ने ही मणिपुर से हेरोइन ट्रांसपोर्ट किया था। हिरासत में लेने के दौरान वह कामरूप जिले के चांगसारी में एक पार्किंग फैसिलिटी पर था।



## प्रियंका 23 को वायनाड में दाखिल करेंगी नामांकन

**वायनाड (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 23 अक्टूबर को वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करेंगी। इस दौरान राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे। नामांकन के बाद प्रियंका रोड शो भी निकालेंगी। यह प्रियंका गांधी का पहला लोकसभा चुनाव होगा। उनके खिलाफ भाजपा ने नाव्या हरिदास को उतारा है। लोकसभा चुनाव 2024 में राहुल गांधी ने वायनाड और यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने गांधी परिवार की पारंपरिक रायबरेली सीट को चुना था और वायनाड छोड़ी थी।



## एआई से मिलिट्री ऑपरेशन में क्रांति की क्षमता:रक्षा मंत्री

### राजनाथ बोले- इनके पास डिसीजन मेकिंग सिस्टम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में मिलिट्री ऑपरेशन में क्रांति लाने की क्षमता है। एआई पहले से अनुमान लगाकर विश्लेषण कर सकता है। उसके पास स्वतंत्र डिसीजन मेकिंग सिस्टम भी है। राजनाथ सिंह शनिवार को दिल्ली में आयोजित 62वें राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय पाठ्यक्रम दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा- आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) में आप (जनता) लीडर होंगे, जिन्हें ये तय करना होगा कि इस तकनीक का फायदा कहां और कैसे उठाया जाए। आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में मिलिट्री लीडर्स को जियो-पॉलिटिक्स, इंटरनेशनल रिलेशन और ग्लोबल सिक्योरिटी अलायंस की परेशानियों की मजबूत समझ होना बहुत जरूरी है। सिंह ने कहा कि मिलिट्री लीडर्स के लिए गए फैसलों के दूरगामी रिजल्ट हो सकते हैं, जो युद्ध के मैदान से आगे बढ़कर डिप्लोमेसी, इकोनॉमिक्स, इंटरनेशनल लॉ के दायरे में भी फैल सकते हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों में पॉलिटिकल सीख बहुत जरूरी है।



## राजस्थान में भीषण सड़क हादसा, 12 की मौत

### तेज रफ्तार बस ने टेंपो को मारी टक्कर, शादी समारोह से लौट रहा था परिवार

**धौलपुर (एजेंसी)।** धौलपुर में नेशनल हाईवे-11बी पर तेज रफ्तार बस ने टेंपो को टक्कर मार दी है। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 1 बच्चा घायल हो गया। उसे धौलपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। मरने वालों में 8 बच्चे शामिल हैं। हादसा इतना भीषण था कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। बस का भी आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी डेड बॉडी को बाड़ी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। हादसा शनिवार रात करीब 11 बजे बाड़ी उपखंड में हुआ। जानकारी के मुताबिक, बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी, गुमट के रहने वाले परिवार के करीब 15 लोग सरमथुरा इलाके के बरौली में बहन के घर भात भरने गए थे। शादी समारोह में शामिल होकर देर रात को सभी टेंपो से बाड़ी लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे नेशनल हाईवे-11 बी पर सुन्नीपुर गांव के पास धौलपुर से जयपुर जा रही तेज रफ्तार बस ने टेंपो को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। इस दौरान हाईवे से गुजर रहे दूसरे वाहन सवार मौके पर रुके और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने टेंपो सवार लोगों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में बस भी क्षतिग्रस्त हुई है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। इरफान उर्फ बंटी के मामा अलीमुद्दीन ने बताया- उनकी दो बहनें बाड़ी में रहती हैं, जबकि तीसरी बहन सरमथुरा थाना क्षेत्र के गांव बरौली में रहती है, जहां उसकी बेटी की शादी थी। भात भरने के लिए शनिवार को हम सभी बरौली गए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद इरफान का परिवार टेंपो में आगे निकल गया था, जबकि हम 5 लोग दूसरे टेंपो में पीछे आ रहे थे। सुन्नीपुर पहुंचने पर हादसे के बारे में जानकारी मिली। इरफान का पूरा परिवार इस दुर्घटना में खत्म हो गया और उसके भाई के बेटे की भी जान चली गई। बाड़ी कोतवाली थाने के टीआई शिवलहरी मीणा ने बताया- गुमट निवासी इरफान उर्फ बंटी (38) पुत्र बब्बू का टेंपो था। सुन्नीपुर के पास बस ने टेंपो को टक्कर मार दी। हादसे में तीन महिला और 8 बच्चों समेत 12 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान इरफान उर्फ बंटी (38), उसकी पत्नी जूली (34), बेटी आसमा (14), बेटा सलमान (8), साकिर (6), इरफान का भतीजा अजान (5) पुत्र आसिफ, जरीना (35) पत्नी नहनू, उनकी बेटियां आसियाना (10), सूफी (7), बेटा सानिफ (9), परवीन (32) पत्नी जहीर खान शामिल है।



## अब जयपुर में भी एमपी और यूपी वाला ऐक्शन

- मंदिर में संघ कार्यकर्ताओं पर हमला करने वालों के घर गरजा बुलडोजर

**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर के मंदिर में 10 आरएसएस कार्यकर्ताओं पर चाकू से वार करने के मामले के बाद बुलडोजर ऐक्शन सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के घर पर बुलडोजर चला दिया है। पुलिस ने मामले के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एक मंदिर में जागरण प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान पास में रहने वाले पिता-पुत्र आए और कुछ देर चाकूसे हमला कर दिया। उन्हें देर रात चल रहे कार्यक्रम से परेशानी थी। इस वारदात के बाद अब अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए आरोपी नसीब चौधरी के घर पर बुलड़ोजर चल रहा है। इस मामले में नसीब और उसका बेटा पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने मंदिर की जमीन पर कब्जा कर 2 कमरों का घर बना लिया था। इसी अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए बुलडोजर ऐक्शन लिया गया है। बता दें, जयपुर में करणी विहार इलाके के एक मंदिर में खीर वितरण कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों के हमले में आरएसएस से जुड़े 10 लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। उसने बताया कि गुरुवार रात शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर में जागरण के बाद जब श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में खीर वितरित की जा रही थी, तभी पड़ोस में रहने वाले दो लोगों ने देर रात कार्यक्रम करने पर आपत्ति जताई। पुलिस ने बताया कि इस मामले पर कहा-सुनी होने के बाद आरोपियों ने अन्य लोगों को बुलाया और वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया।

## देश में विस्फोटक बनाने वाली कंपनियों की बम-बम

### दुनियाभर में बढ़ गई गोला-बारूद की मांग, भारत की बल्ले-बल्ले

### नागपुर बम मार्केट में जबरदस्त उछाल, हजारों करोड़ का है ऑर्डर

**नागपुर (एजेंसी)।** दुनियाभर में कई देशों के बीच चल रहे तनाव और युद्ध का फायदा विस्फोटक और गोला-बारूद बनाने वाली कंपनियों को मिल रहा है। नागपुर में भी विस्फोटक बनाने वाली कंपनियों की चांदी हो गई है। इन कंपनियों को 3 हजार करोड़ का ऑर्डर मिला है और अब तक 1 हजार करोड़ का माल सप्लाई भी हो चुका है। खास बात यह है कि यहां खरीदार रूस और यूक्रेन नहीं बल्कि बुल्गारिया, स्पेन, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, वियतनाम, ब्रीजील, पोलैंड और सऊदी अरब जैसे देशों के लोग हैं। हालांकि यह भी हो सकता है कि खरीदने के बाद इस गोला बारूद और हथियारों की सप्लाई कहीं और की जाती हो। इस मार्केट में सबसे ज्यादा मांग 155एमएम, होवित्जर गन, 40 एमएम शोल्डल फायर्ड रॉकेट की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले तीन महीने में नागपुर से 900 करोड़ से ज्यादा के कारतूस, रॉकेट और बम सप्लाई हो चुके हैं। इसके अलावा 3 हजार करोड़ से ज्यादा का ऑर्डर मिला है। इसमें कच्ची बारूद का ऑर्डर भी शामिल है। वहीं नागपुर की कंपनियों का दावा है कि यहां से एक कारतूस भी युद्धग्रस्त देशों को सप्लाई नहीं हुआ है। दूसरे देशों के खरीदार एंड यूज सर्टिफिकेट जारी करते हैं जिसके आधार पर ही भारत में निर्माताओं को सरकार से गोला-बारूद और हथियार बेचने का लाइसेंस मिलता है। वहीं कुछ देशों में इन सामानों का निर्यात प्रतिबंधित भी है। नागपुर के निर्माताओं ने कहा कि युद्धग्रस्त देशों से मुनाफा कमाने की नीति भारत के उद्योग की नहीं है। नागपुर से निर्यात होने वाले नए हथियारों में बम और ग्रेनेड शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल से जून तक नागपुर से 770 करोड़ के बम सप्लाई किए जा चुके हैं। पिछले वित्त वर्ष में चंद्रपुर जिले से 458 करोड़ के गोला-बारूद सप्लाई किए गए थे। इस जिले से अप्रैल से जून तक 171 करोड़ के बम बाहर भेजे जा चुके हैं। यांत्रा इंडिया लिमिडेड ने बोफोर्स गन का प्रोडक्शन बढ़ा दिया है। वहीं दूसरी सरकारी कंपनी म्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड ने विस्फोटक, कारतूसों का प्रोडक्शन बढ़ाया है। बड़ी मात्रा में कच्चा माल भी सप्लाई कर रही हैं।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



# तिलैया नदी छठ घाट पर पसरा है अंत्येष्टि अवशेष, सफाई की शुरुआत नहीं

» हर वर्ष लाखों रुपए खर्च पर व्रतियों की बनी रहती है परेशानी यहां चारों ओर जले हुए शव के राख और हड्डी सहित भारी गंदगी फैली हुई है।

निज संवाददाता | हिसुआ (नवादा)

हिसुआ नगर परिषद क्षेत्र के अति महत्वपूर्ण छठ घाट में शुमार रहे तिलैया नदी छठ घाट की वर्तमान स्थिति काफी दयनीय और खराब बनी पड़ी है। जबकि इस अतिमहत्वपूर्ण छठ घाट पर व्रतियों की काफी भीड़ उमड़ती है। लेकिन वर्तमान तक हाल यह है कि नगर प्रशासन और जिला प्रशासन की ओर से यहां स्थाई छठ घाट का निर्माण नहीं कराया जा सका है। यहां के अस्थायी छठ घाट पर गंदगी की सफाई को लेकर भी अब तक कोई पहल नहीं की जा सकी है। तिलैया नदी छठ घाट पर अंत्येष्टि कार्य के अवशेष बिखरे पड़े हैं। गंदगी का अम्बार लगा पड़ा है। इस बीच, अर्घ्य प्रदान करने के लायक घाट बनाने की अभी तक कोई तैयारी नहीं दिख रही है। प्रत्येक वर्ष लाखों रुपए खर्च के बावजूद भी व्रतियों की परेशानी रह ही जाती है। तिलैया नदी छठ घाट पर अभी तक गंदगी का अम्बार फैला है। नगर प्रशासन और जिला प्रशासन द्वारा अभी तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। हर वर्ष लाखों रुपए खर्च पर व्रतियों की बनी रहती है परेशानी यहां चारों ओर जले हुए शव के राख और हड्डी सहित भारी गंदगी फैली हुई है। स्थिति इतनी भयावह है कि देखकर लोग यह भी अंदाजा नहीं लगा सकते हैं कि इस जगह पर पवित्र त्योहारों में से एक छठ पूजा का अर्घ्य भगवान भास्कर को छठ वर्तियों द्वारा दिया जाता है। वर्तमान में यहां पहुंचने पर नाक पर रूमाल रखने की नौबत रहती है। इस घाट पर सामान्यतः छठ व्रतियों के अर्घ्य देने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नगर परिषद की ओर से की जाती है। हर वर्ष लाखों रुपए खर्च भी होते हैं लेकिन तात्कालिक व कामचलाऊ व्यवस्था से अधिक कुछ नहीं हो पाता। ऐसे में व्रतियों की परेशानी बनी ही रहती है। कुछ भी स्थायी नहीं होना सभी को परेशान करता रहता है। वैकल्पिक व्यवस्था के भरोसे चलाया जा रहा है काम इस संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व के नगर पंचायत और वर्तमान समय में अपग्रेड होकर बने नगर परिषद द्वारा जितनी राशि खर्च कर वैकल्पिक व्यवस्था की जाती है, उतने से कम लागत में ही यहां व्रतियों के स्नान करने और अर्घ्य देने के लिए स्थायी कुंड या तालाब का निर्माण हो सकता था लेकिन इस पर आज तक न तो किसी स्थानीय जन प्रतिनिधि या फिर नगर प्रशासन या जिला प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई कर पा रही है। इस कारण छठ घाट पर मौजूद लोगों में आक्रोश भी है। लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि छठ पूजा के वैकल्पिक व्यवस्था में लाखों रुपये का वारा-न्यारा किए जाने की मंशा के कारण यहां पर आज तक स्थायी छठ घाट का निर्माण नहीं कराया जा सका है। तीन प्रखंडों के लोगों की जुटती है भीड़ हिसुआ के तिलैया नदी छठ घाट इकलौता ऐसा छठ घाट है, जहां हिसुआ, नरहट और मेसकौर प्रखंड से काफी संख्यां में छठ व्रती अर्घ्य देने आते हैं। यही कारण है कि इस जगह पर छठ महापर्व में काफी भीड़ उमड़ती है। 10 हजार से अधिक व्रती तिलैया नदी छठ घाट पर अर्घ्य प्रदान करने पहुंचते हैं। नरहट प्रखंड के बड़ी पाली, छोटी पाली, देवरा, दौलतपुरा, मेसकौर प्रखंड के सिरसा, रेपुरा, बैजनाथपुर सहित हिसुआ नगर और आसपास के लोगों की काफी संख्यां में यहां जुटान होती है। इतनी बड़ी भीड़ को मामूली और वैकल्पिक व्यवस्था के बीच ही अर्घ्य प्रदान करने की बाध्यता रहती है। यहां चेंजिग रूम और शौचालय की भी वैकल्पिक व्यवस्था ही रहती है, जिससे व्रतियों और घाट पर जुटे उनके परिजनों को भारी फजीहत उठानी पड़ती है। इस बीच, स्थानीय वार्ड 10 की पार्षद ज्योति देवी नें कहा कि स्थायी छठ घाट का निर्माण मेरी प्राथमिकता में है। नगर परिषद की बैठक में स्थायी छठ घाट, शौचालय और चेंजिग रूम निर्माण की मांग उठाती रही हूं। कुछ बेहतर होने की उम्मीद है।

## मड़ही पूजा में गंगा-जमुनी संस्कृति की दिख रही झलक

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)** कौआकोल के पाण्डेय गंगौट स्थित मड़ही में वारिस पिया के अनुयायी व नंदबाबा के परम शिष्य महंथ बाबा की दो दिवसीय वार्षिकी पूजा का आगाज शनिवार को शुरू हुआ। शनिवार की रात सूफी भजन के बीच विधि विधान के साथ महंथ बाबा की समाधि को शुद्ध गंगाजल से पवित्र स्नान कराया गया। इसके बाद यज्ञोपवीत (जनेऊ) चढ़ाया गया। जनेऊ डालने के बाद समाधि पर धोती, कुर्ता (मिरजई) टोपी तथा सरकारी चादरपोशी सहित सभी तरह के श्रृंगार चढ़ाने के बाद 56 प्रकार के भोग लगाए गए। रस्म अदायगी के बाद से आम लोगों द्वारा चादरपोशी व पूजन का सिलसिला शुरू हुआ। इस दरम्यान मन्नतें पूरी होने पर दूर दराज व विभिन्न प्रदेशों से आये श्रद्धालुओं द्वारा चादरपोशी एवं प्रसादी चढ़ाने का सिलसिला अनवरत रूप से चलता रहा।

## गैस लिकेज से घर में लगी आग, हजारों की संपत्ति राख

**वारिसलीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के हाजीपुर पंचायत अंतर्गत मय गांव में शुक्रवार की शाम गैस लिकेज रहने के कारण एक घर में आग लग गई। जिससे कमरा में रखा नगदी सहित हजारों रुपए मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गई। पीड़ित स्व. अवध सिंह के पुत्र सौरव कुमार ने बताया कि नया गैस सिलेंडर शुक्रवार को लाया गया था। गैस सिलेंडर पूजा घर के पास रखा हुआ था। शाम संध्या दीप जलाने के क्रम में सिलेंडर में आग लग गई और देखते ही देखते पूजा घर समेत पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया। आग लगने के बाद किसी प्रकार महिला सहित घर वाले बाहर भाग कर जान बचाने में सफल रहे। आग लगने की जानकारी बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और निजी पंप सेट व अन्य माध्यमों से आज पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक घर में रखा दस हजार नगदी, बच्चों का बैग, कपड़ा, पलंग, किवाड़, अन्य कागजात, हजारों रुपए मूल्य का इलेक्ट्रॉनिक सामान इनवर्टर पंखा तार आदि जलकर राख हो गया। आग पर काबू पाए जाने के बाद घटना की सूचना गैस कंपनी को दी गई। सूचना बाद कंपनी के एक व्यक्ति पहुंचकर गैस सिलेंडर से लगी आग से हुए नुकसान का आकलन किया।

## न्यूज बाइट्स

### जिला पदाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**नवादा (नि.सं.)।** जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में प्रशासनिक/विधि-व्यवस्था तथा लोक सभा आम निर्वाचन 2024 से संबंधित कार्यों के सम्पादन में सराहनीय योगदान हेतु प्रशस्ति-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में निम्नलिखित पदाधिकारी को जिलाधिकारी के कर कमलों द्वारा प्रशस्ति-पत्र वितरण किया गया। संजय कुमार अपर समाहर्त्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नवादा, चन्द्रशेखर आजाद, अपर समाहर्त्ता-सह-जिला दण्डाधिकारी नवादा, डॉ० नीता अग्रवाल सिविल सर्जन नवादा, अखिलेश कुमार अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, आदित्य कुमार पियूष अनुमंडल पदाधिकारी रजौली, प्रमोद कुमार भूमि सुधार उपसमाहर्ता रजौली, गौरव शंकर भूमि सुधार उप समाहर्ता नवादा सदर, राजीव कुमार वरीय उप समाहर्ता नवादा, नवीन कुमार पांडेय जिला पंचायत राज पदाधिकारी नवादा, डॉ० राजकुमार सिंह अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नवादा सदर, अमरनाथ कुमार परीक्ष्यमान वरीय उप समाहर्ता नवादा, दिनेश कुमार चौधरी जिला शिक्षा पदाधिकारी नवादा एवं अन्य पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### नशा सेवन नहीं करने की अपील

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के नारदीगंज पंचायत के चार व दस वार्डों में शनिवार को नशे मुक्ति अभियान चलाया गया यह अभियान सरपंच प्रवेश रविदास ने चलाया। इस दौरान उन्होंने नशा सेवन नहीं करने की अपील की। कहा आपलोग नशा मुक्ति के लिए संकल्प लीजिए कि अपने जीवन में कभी भी नशा का सेवन नहीं करना है। जबकि बिहार सरकार ने भी राज्य में पूर्णरूपेण शराबबंदी लागू की है। जो गरीबों के हित में किया गया है। उन्होंने कहा नशा मुक्ति से गांव, समाज का विकास होगा, घर परिवार सुखी जीवन जिएंगे। मौके पर पंच राजो राम, राधा देवी, सुवि रविदास, रेखा देवी समेत अन्य शामिल हुए।

### सात महिलाओं को हुआ बंध्याकरण

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में शनिवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम हुआ।इस दौरान केंद्र में आये सात महिलाओं को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने बंध्याकरण किया। मौके पर लैब टेकनीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने बंध्याकरण के लिए आये महिलाओं का मूत्र जांच,रक्त जांच समेत अन्य जांच किये। इस दौरान फार्मासिस्ट मिथिलेश कुमार, एएनएम ममता कुमारी, स्वर्णलता कुमारी समेत अन्य रहे।

### 24836 रुपये राजस्व की हुई वसूली

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** नारदीगंज स्थित पावर सब स्टेशन में शनिवार को बिजली बिल सुधार व बिजली बिल जमा करने के लिए शिविर आयोजित हुआ। यह शिविर बिजली विभाग के जेई नवीन कुमार सिंह के देखरेख में हुआ। आयोजित शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के नौ बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए और 16 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा किये। जेई ने कहा 9 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये थे। इसमें 3 उपभोक्ताओं का बिजली बिल सुधार किया गया।अन्य बिजली उपभोक्ताओं को हिसुआ में सुधार होगा। इसके अलावा 16 बिजली उपभोक्ताओं ने 24836 रुपये राजस्व जमा किये हैं। इस दौरान जेएलएम अनन्त कुमार, विपिन कुमार के अलावा उपभोक्ता शोभा देवी, विनोद यादव, मारुतिनंदन मौर्य, हर्षनन्दन सिंह, विनोद यादव, अनिल मालाकर समेत अन्य शामिल हुए।

### पंचायत व वार्ड में आयोजित होगा पेंशन दिवस

**नवादा (नि.सं.)।** प्रभारी सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नवादा, अमरनाथ कुमार द्वारा बताया गया कि दिनांक 21.10.2024 को नवादा जिला के सभी ग्राम पंचायत एवं वार्ड (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र) में पेंशन दिवस आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर एवं जनवरी माह के तीसरा सोमवार को सभी ग्राम पंचायत एवं वार्ड (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र) में पेंशन दिवस आयोजित किया जाता है। इस आयोजन में सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के आम शिकायतों को सूचीबद्ध करने के साथ-साथ उनके बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान भी किया जायेगा। पेंशन दिवस आयोजन के संबंध में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर परिषद, नवादा सदर, वारिसलीगंज एवं हिसुआ, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत रजौली को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। एडीएसएस ने कहा कि उक्त पेंशन दिवस के आयोजन की निर्धारित तिथि के पूर्व प्रखंडों, नगर परिषद् एवं नगर पंचायतों द्वारा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित किया जाय। केन्द्रीय पेंशन योजनाओं यथा-इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना एवं राज्य पेंशन योजना यथा-मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, बिहार राज्य निःशक्तता पेंशन योजना एवं विहार शताब्दी कुष्ठ कल्याण योजना के पेंशनधारियों की सूचना अलग-अलग संधारित करने का निर्देश दिया गया। (दिनांक-21.10.2024) एवं प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर एवं जनवरी माह के तीसरा सोमवार को सभी पंचायत/वार्ड (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र) में पेंशन दिवस आयोजित कराते हुए विहित प्रपत्र में सूचना सामाजिक सुरक्षा कोषांग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

### करवा चौथ : सर्वार्थ सिद्धि और शिव योग में मना

**नवादा (नि.सं.)।** कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी पर होने वाले करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत करेंगी। रविवार को होने वाले करवा चौथ की रात में चांद का दीदार करने और चलनी से पति का चेहरा देखने के बाद महिलाएं यह व्रत तोड़ेंगी। इस साल करवा चौथ सर्वार्थ सिद्धि और शिव योग में मनाई जायेगी। वहीं इस साल चतुर्थी तिथि चतुर्थी तिथि आरंभ 20 अक्टूबर को सुबह 06:46 मिनट से शुरू हो रही है, जिसका समापन अगले दिन यानी 21 अक्टूबर को सुबह 04:16 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार, करवा चौथ का व्रत रविवार 20 अक्टूबर को रखा जाएगा। आज चंद्रमा वृषभ राशि में रहेगा मौजूद ज्योतिष गणना के अनुसार, रविवार को व्यतिपात योग कृत्तिका नक्षत्र और विष्टि, बव, बालव करण बन रहे हैं। शहर के ज्योतिषाचार्य पंडित धर्मेन्द्र झा ने बताया कि इसके साथ ही चंद्रमा वृषभ राशि में मौजूद रहेंगे। इस संयोग में करवा चौथ मनाने से वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं समाप्त होंगी, और रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। यह व्रत जीवन साथी के लिए समर्पण, प्रेम और त्याग का भाव दिखाता है। महिलाएं पति के सुखी जीवन, सौभाग्य, अच्छी सेहत और लंबी उम्र के लिए दिनभर निराहार और निर्जल व्रत करेंगी। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी यानी करवा चौथ का व्रत सूर्योदय से चंद्रोदय तक रखे जाने के कारण जटिल व्रत में से एक माना जाता है। मान्यता के अनुकूल, करवा चौथ व्रत में चंद्रमा की पूजा की जाएगी। मान्यता और परम्परा के अनुसार, करवा चौथ व्रत के क्रम में चंद्रमा के साथ-साथ शिव-पार्वती सहित गणेशजी व मंगल ग्रह के स्वामी देव सेनापति कार्तिकेय की भी विशेष पूजा सुहागिनें करेंगी। 13 घंटे 10 मिनट का होगा व्रत करवाचौथ पर सुहागिनें रविवार को 13 घंटे 10 मिनट का व्रत रखेंगी। इस बार करवाचौथ पर गज केसरी योग भी पड़ रहा है। पति की आयु और समृद्धि के लिए रखा जाने वाला यह व्रत रविवार को विधिपूर्वक मनाया जाएगा। व्रत की अवधि करीब 10 घंटे दो मिनट रहेगी। इस बार उच्च राशि का चंद्रमा होने से अक्षत सुहाग के शुभ मांगलिक योग हैं। चंद्रोदय रविवार रात 8.59 बजे होगा। भद्रा का साया नहीं रहना होगा विशेष शुभदायी भद्रा को लेकर कुछ जगहों पर भ्रम की स्थिति बन रही है, पर ज्योतिषाचार्य पंडित धर्मेन्द्र झा ने बताया कि इस बार कोई भी संशय की स्थिति नहीं है। करवा चौथ पर भद्रा का साया नहीं है। करवा चौथ पर भद्रा काल केवल 20 मिनट तक का रहेगा। यह भद्रा काल सुबह 6.48 बजे तक रहेगा। इसका करवाचौथ पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। करवा चौथ को लेकर बाजार में रही खूब रौनक नवादा। पति-पत्नी के महापर्व करवा चौथ को लेकर शनिवार को बाजार में खूब रौनक रही। पूजन सामग्री की खरीदारी जम कर होती रही।

## हिंदी साहित्य सम्मेलन में रत्नाकर जी को मिला सम्मान




निज संवाददाता | पटना

बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के 106 वां अधिवेशन में हिंदी मगही के वरिष्ठ साहित्य कर राम रतन प्रसाद सिंह रत्नाकर को साहित्य सारथी बलभद्र कल्याण स्मृति सम्मान से नवाजा गया। सम यह सम्मान बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष अनिल सुलभ ने प्रदान किया इस मौके पर प्रभात वर्मा, महेंद्र मधुकर, डॉ विपिन कुमार, हरभजन सिंह चावला, समेत हिंदी साहित्य सम्मेलन के कई पदाधिकारी गण मौजूद थे। सम्मेलन में पूरे देश के सैकड़ो की संख्या में साहित्यकारों ने भागीदारी की। सम्मेलन साहित्य सृजन के लिए प्रेरित करने का कार्य किया। बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष ने कहा कि राम रतन सिंह रत्नाकर वरिष्ठ साहित्य में लगे हैं। इस मौके पर दैनिक दस्तक प्रभात के संपादक फिल्म निर्माता प्रभात वर्मा ने सम्मान प्राप्ति के उपरांत रामरतन प्रसाद सिंह रत्नाकर को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां दी और उनके दीर्घायु की कामना की।

## धान का समर्थन मूल्य बढ़ा 117 रुपए क्विंटल

निज संवाददाता | नवादा

बिहार सरकार ने पिछले साल की तुलना में चालू सत्र 2024-25 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 117 रुपए प्रति क्विटल बढ़ा दिया है। इस बार सामान्य कोटि के धान का समर्थन मूल्य 2300 रुपए प्रति क्विंटल जबकि ग्रेड-ए धान का समर्थन मूल्य 2320 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। धान का समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने से जिले के किसानों में काफी खुशी है। सरकार ने पिछले वर्ष 2023-24 में धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया था। यूं तो उत्तर बिहार में धान क्रय 01 नवम्बर से शुरू हो जाएगा लेकिन दक्षिण बिहार के लिए धान क्रय की शुरुआत 15 नवम्बर से निर्धारित है। हालांकि नवादा जिले में धान कटनी का यही दौर रहने से नमी की अधिकता 17 फीसदी से अधिक रहने के कारण कभी भी 15 नवम्बर से धान क्रय शुरू नहीं हो पाता है। धान की नमी में कुछ कमी हो पाने की स्थिति में येन-केन-प्रकारेण 15 दिसम्बर से पूर्व कभी भी नवादा जिले में धान क्रय का आरम्भ नहीं हो पाता है। इस बार भी परिस्थितिजन्य स्थितियों और ठंड के पड़ने वाले प्रभाव के कारण नवादा जिले में 15 दिसम्बर से पूर्व धान क्रय संभव होता नहीं दिख रहा है। बल्कि 15 दिसम्बर से भी धान क्रय की औपचारिकता ही पूरी की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि नवादा जिले में धान क्रय को जनवरी माह में ही पूर्ण गति मिल पाती है। 15 फरवरी 2025 तक अंतिम रूप से धान क्रय की जाएगी। पैक्स चुनाव से धान क्रय पर पड़ सकता है प्रतिकूल प्रभाव इस बार पैक्स चुनाव के कारण भी धान क्रय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। 26 नवम्बर से लेकर 03 दिसम्बर तक नवादा जिले में पैक्स का चुनाव संपादित होना है। यह एकदम वही वक्त होगा, जब धान की खरीद पर सहकारिता विभाग पूरी तरह से केन्द्रित रहता है। ऐसे में कार्यकारिणी से सहमति लेने तथा धान क्रय के लिए समितियों का चयन करने समेत कैश क्रेडिट में तकनीकी बाधा आएगी। इसको लेकर धान क्रय की प्रक्रिया बाधित रहने की आशंका बन रही है। हालांकि जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि इस संबंध में विभाग से गाइडलाइन की मांग की गई है ताकि पैक्स चुनावों की प्रक्रिया के बीच धान क्रय का कार्य भी बाधित न हो सके। किसानों ने जताई प्रसन्नता, सुचारू व्यवस्था पर दिया जोर नवादा। समर्थन मूल्य में 117 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी से जिले के किसानों में हर्ष है। लेकिन सुचारू व्यवस्था पर भी सभी ने जोर दिया है। जिले के इच्छुक किसान विभाग के पोर्टल पर आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने को तत्पर दिख रहे हैं। किसान संजय सिंह, विपिन शाही, नारायण यादव, सुधीर सिंह, मनोज कुशवाहा, इंद्रदेव सिंह आदि ने बताया कि इस बार सरकार ने धान के समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी किया है। यह अच्छी पहल है लेकिन क्रय समितियों द्वारा ससमय और सुचारू तरीके से धान की खरीदारी प्रारंभ हो पाती है, तब ही हम किसानों को इसका उचित लाभ मिल सकेगा। किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान की खरीदारी के लिए समय पर सीसी का पैसा जारी करने की मांग भी की है।इस बार जिले में 101 फीसदी हुई धान की बुआई नवादा। इस बार जिले में धान आच्छादन का वर्धित लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। पूर्व की 83773.5 हेक्टेयर की तुलना में 84808.47 हेक्टेयर में वृद्धि के साथ पूर्व में ही नवादा जिले में धान आच्छादन का लक्ष्य निर्धारित था लेकिन मानसून का अनुकूल साथ मिलने के बाद जिले के किसानों ने 85883.63 हेक्टेयर में धान आच्छादन का कार्य ससमय पूर्ण कर लिया था। इस प्रकार, जिले में 175.16 हेक्टेयर में वर्धित लक्ष्य से भी अधिक धान की रोपाई कर जिले के किसानों ने कर डाली थी। इसके अलावा विदा होते मानसूनी बारिश ने भी किसानों का भरपूर साथ दिया।

## पुरानी रंजिश में जानलेवा हमला करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)




थाना क्षेत्र के बुढ़ियासाख जंगल से रविवार को पीटीसी सत्यदेव प्रसाद ने पुरानी रंजिश में एक युवक पर जानलेवा हमला करने वाले वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बीते 6 अक्टूबर को जोगनी गांव निवासी संतोष यादव की पत्नी बेबी देवी ने थाने को लिखित आवेदन देकर बताया कि मेरे पति जंगल मे भैंस चराने का काम करते हैं। बीते 4 अक्टूबर की संध्या लगभग पांच बजे गांव के ही स्व चांदो यादव के पुत्र मणी यादव ने पुरानी रंजिश को लेकर टांगी से सर पर जानलेवा हमला कर दिया। किन्तु टांगी से किया गया वार चूक गया और सिर पर न लगकर कंधे पर लग गया। जिससे मेरे के कंधे पर लगभग 6 इंच लंबा व गहरा जख्म बन गया और बेतहाशा खून बहने लगा। घायल पति जब बेहोश होकर जमीन पर बेसुध गिर गया, तो मणी यादव मरा हुआ समझकर भाग खड़ा हुआ। घायल पति को ग्रामीणों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया। नवादा के अस्पताल में जख्म में 10 से 12 टांका लगाया गया। इलाज के पैसे मांगने जब बेबी देवी मणी यादव के घर गई, तो मणी यादव के बेटे रविंद्र यादव और लल्लू यादव ने गाली-गलौज कर भगा दिया। घायल पति के इलाज करवाने के कारण दो दिनों बाद पीड़िता ने थाने को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़िता के द्वारा प्राप्त लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर वांछित अपराधकर्मी की गिरफ्तारी में जुट गई थी। इसी बीच रविवार को गुप्त सूचना के आलोक में मणी यादव को पुलिस बलों के सहयोग से बुढ़ियासाख जंगल से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अपराधकर्मी को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा।

## दिव्यांगों के यूडीआईडी बनाने के लिए प्रखण्ड परिसर में लगेगा शिविर

» दिव्यांगजनों का शत-प्रतिशत यूडीआईडी कार्ड प्रदान करने हेतु विशेष शिविर का आयोजन प्रखण्ड परिसर में 23 वे 24 अक्टूबर को किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड क्षेत्र के दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड बनाये जाने को लेकर आगामी 23 व 24 अक्टूबर को दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। बीडीओ संजीव झा ने बताया कि यूडीआईडी परियोजना का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने को लेकर प्रखण्ड क्षेत्र के सभी दिव्यांगजनों को ऑनलाइन दिव्यांगता प्रमाणीकरण सुनिश्चित करते हुए यूडीआईडी कार्ड निर्गत किया जाना अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि अनेकों अभियान एवं कार्यक्रम के बाद भी प्रखण्ड में शत-प्रतिशत दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड नहीं बनाया गया है। बीडीओ ने कहा कि 1 अप्रैल 2021 से ऑफलाइन निर्गत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र राज्य में मान्य नहीं है। ऑफलाइन दिव्यांगता प्रमाण-पत्रों को ऑनलाइन नहीं होने के कारण यूडीआईडी कार्ड के अभाव में ऑफलाइन प्रमाणीकृत दिव्यांगजन सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाएंगे। इस स्थिति में दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों का शत-प्रतिशत यूडीआईडी कार्ड प्रदान करने हेतु विशेष शिविर का आयोजन प्रखण्ड परिसर में 23 वे 24 अक्टूबर को किया जाना सुनिश्चित किया गया है। बीडीओ ने कहा कि शिविर केवल ऑफलाइन निर्गत दिव्यांगता प्रमाण-पत्रों के सत्यपन हेतु लगाया जा रहा है।

## पैक्स चुनाव में 120 फर्जी सदस्यों को जोड़ने का लगा आरोप

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड के हरदिया पंचायत के वर्तमान पैक्स अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद यादव पर पैक्स चुनाव के पूर्व 120 फर्जी सदस्यों का नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने को लेकर हरदिया सेक्टर बी निवासी स्व बौधु प्रसाद यादव के पुत्र हरेंद्र प्रसाद यादव ने विरोध जताया है। हरेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि चुनाव से पूर्व वतर्मान पैक्स अध्यक्ष द्वारा दूसरे पंचायतों के अपने सगे-सम्बन्धियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है,जो बिल्कुल गलत है। साथ ही बताया कि वे इस बार आयोजित होने वाले पैक्स चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बनकर चुनाव लड़ने वाले हैं। जब हरदिया पंचायत के मतदाता सूची को निकालकर जांच किया, तो 120 सदस्यों का नाम फर्जी है। उन्होंने दावा किया है कि जोड़े गए फर्जी सदस्यों में 70 सदस्य सिरोडावर पंचायत एवं 35 सदस्य रजौली के टकुआटांड़ अर्थात नगरपंचायत के हैं। इसके अलावे कुछ सदस्यगण जोगियामारण पंचायत के हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान पैक्स अध्यक्ष फर्जी सदस्यों का मत पाकर चुनाव जीतना चाहते हैं। इसके पूर्व हुए पैक्स के चुनाव में मतदाताओं की संख्या 938 थी, जो इसबार बढ़कर 1328 हुई है। इनमें कई मतदाताओं को खेत आदि भी नहीं है। साथ ही कहा कि इसकी लिखित शिकायत जिला समाहर्ता नवादा एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रजौली को किया गया है। उन्होंने शिकायत पत्र के साथ मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं को लाल रंग के कलम से चिन्हित कर दिया गया है। उन्होंने पदाधिकारियों से अपील किया है कि वे चिन्हित 120 फर्जी मतदाताओं की जांच-पड़ताल कर हटाया जाए, ताकि निष्पक्ष एवं सही मतदान हो सके। बताते चलें कि बीते 9 अक्टूबर को प्रारूप मतदाता सूची जारी कर दिया गया है। वहीं 22 अक्टूबर तक दावा आपत्ति कार्य किया जाना है। वहीं मतदाता सूची से नाम हटाने के सम्बंध में अनिवार्य रूप से फॉर्म भरकर देने की बात कही गई थी। वहीं दावे आपत्तियों के निष्पादन के बाद 25 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाना सुनिश्चित है। ऐसी स्थिति में हरदिया पंचायत के पैक्स अध्यक्ष के उम्मीदवार बनने वाले हरेंद्र प्रसाद यादव के विरोध पर पदाधिकारियों द्वारा किस प्रकार की कार्रवाई की जाएगी, यह भविष्य के गर्त में है।

## मौसमी बेरोजगारी का शिकार हो रहे प्रखण्ड के मजदूर, दूसरे राज्य में पलायन को मजबूर

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखण्ड क्षेत्र के अधिकांश मजदूर मौसमी बेरोजगारी का शिकार हो रहे हैं। वहीं अपने और अपने परिजनों के जीवन-यापन हेतु काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन होने को मजबूर हैं। हरदिया, जोगियामारण, लेंगुरा, बहादरपुर, रजौली पूर्वी व पश्चिमी, अमावां पूर्वी पश्चिमी समेत अन्य पंचायतों में मुसहरी टोला, राजवंशी टोला समेत कई मोहल्ले के लोग बेरोजगार हैं। इसके पीछे का मुख्य कारण है कि ये लोग खेती के समय में दूसरे राज्यों से मजदूरी कर वापस लौटते हैं और खेती का काम खत्म होने के बाद वापस बेरोजगार हो जाते हैं। बताया जाता है कि कृषि क्षेत्र में मौसमी बेरोज़गारी आम है।खेती का चक्र मौसम पर निर्भर करता है। साल के कुछ महीनों में खेत पर काम करने वाले बहुत व्यस्त होते हैं, लेकिन कुछ महीनों में उन्हें खाली बैठना पड़ता है। हालांकि सरकार के महत्वकांक्षी मनरेगा योजना के तहत लोगों को जॉब कार्ड बनाकर उन्हें रोजगार देने का प्रावधान है, किन्तु ये सब कागजों पर ही रह जाता है। मनरेगा में बिचौलियों की सक्रियता के कारण जरूरतमंद मजदूरों को रोजगार नहीं दिया जाता है। गरीब एवं कम पढ़े लिखे लोग दूसरे राज्यों में ईंट-भट्ठा के अलावे कल-कारखानों में जोखिम भरे काम करने को मजबूर हो जाते हैं। इन मजदूरों का शोषण गांव के कुछ कथित मजदूर ठेकेदार से लेकर दूसरे राज्यों में स्थापित कल-कारखानों के कर्मी द्वारा धड़ल्ले से जारी है। मजदूर ठेकेदार बेरोजगार मजदूरों को काम का लालच देकर उनके आवागमन की लचर-पचर व्यवस्था करते हैं। प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न जगहों से बसों एवं अन्य वाहनों द्वारा ठेकेदार कमीशन पर इन्हें दूसरे राज्य भेजा जा रहा है। इनकी दुर्दशा को देखने वाले जिम्मेदार पदाधिकारी भी मौन धारण किये हुए रहते हैं। वहीं कभी-कभार बसों आदि की जांच कर खानापूर्ति कर अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर लेते हैं। सरकार की दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाओं से इन मजदूरों को वंचित रखा जाता है। वहीं मजदूरों के बाहर जाने पर मोहल्ले में बूढ़े और बीमार लोग ही नजर आते हैं। इससे मजदूरों के स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके बच्चों का भविष्य उज्जवल होने के बजाय अंधकारयुक्त हो जाता है। मौसमी बेरोजगारी से पीड़ित मजदूरों के अधिकांश बच्चे शिक्षा से कोषों दूर रह जाते हैं। जिससे मजदूरों के बच्चों के हाथ में कॉपी-किताब के बजाय उनके हाथों में बोरे और प्लास्टिक की थैलियां होती है, जो सड़क किनारे कचरों को बीनते नजर आते हैं। यही बच्चे जब बड़े होते हैं, तो अपने माता-पिता की तरह जीवन-यापन करने के लिए दूसरे राज्यों में कम मजदूरी में काम करने को निकल जाने को मजबूर होते हैं। यह चक्र अनवरत चलता रहता है और उनके पैरों में गरीबी की बेड़ियां पड़ी रह जाती है। इन सब यातनाओं के सहने के बावजूद इन्हें दूसरे राज्यों में अपमानित भी किया जाता है और विषम परिस्थितियों में मारपीट कर काम छुड़वाकर भगा दिया जाता है। इससे राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम खराब होता है और दूसरे राज्य के लोग बिहारियों को हेय दृष्टि से देखते हैं। इन समस्याओं के निवारण हेतु स्थानीय प्रशासन द्वारा इसपर पहल किया जाना चाहिए एवं मनरेगा समेत सरकार के अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाना चाहिए। ताकि मजदूरों के बच्चे भी अपने माता-पिता द्वारा विरासत में मिलने वाली गरीबी और बेरोजगारी से मुक्त हो सकें।

## न्यूज बाइट्स

### अनियंत्रित कार ने कई को कुचला, कई की हालत गंभीर

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में सड़क हादसे के मामले में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। राज्य के अंदर शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता हो जिस दिन सड़क हादसे की वजह से लोगों की जान नहीं जाती हो इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला राजधानी पटना से निकल कर सामने आ रहा है। जहां दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। यहां अनियंत्रित कार ने कई लोगों को कुचला। इसमें सभी की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार राजधानी पटना के वीरचंद पटेल पथ पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने सड़क पर चल रहे कई लोगों को कुचल दिया है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसमें कई लोगो की हालत गंभीर है। इस कार पर हाईकोर्ट का स्टिकर चिपका हुआ है। इस घटना के बाद मौके से कार चालक फरार है। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। वहीं ड्राइवर मौके से फरार हो गया। वहीं कार में बैठे अन्य लोगों पर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। कोतवाली थाने के पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है। इधर, बताया जा रहा है कि फोर व्हीलर गाड़ी ने कई ई रिक्शा और रिक्शा को टक्कर मार दी। जिसमें कई लोग घायल हो गए। वीर चंद पटेल पथ पर बड़ा हादसा हुआ है। तेज रफ्तार फोर व्हीलर गाड़ी ने कई ई रिक्शा, रिक्शा में टक्कर मारी है। कार ने कई लोगों को कुचला है। घटना में कई लोग घायल हो गए। ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

### दुकान पर बैठे थोक दवा कारोबारी की हत्या

**अरारीया (नि.सं.)।** बिहार में अपराधी खुलेआम पुलिस प्रसाशन को चुनौती दे रहे हैं। अपराधी तबके के लोग आए दिन कहीं न कहीं हत्या,लूट और गोलीबारी की घटना को अंजाम देते हैं। इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला अररिया से सामने आया है। जहां बेख़ौफ़ अपराधी ने एक थोक दवा कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। यह घटना नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार तेरापंथ जैन धर्मशाला के सामने मारवाड़ी पट्टी के महावीर नगर वार्ड नंबर 17 स्थित गली में थोक दवा के कारोबारी पर ताबड़तोड़ फायरिंग करके बदमाश भाग गए। मृतक की पहचान दीपू भगत के रूप में की गयी है। वहीं सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छापेमारी शुरू की गयी. दवा कारोबारियों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। दो बाइक पर सवार होकर आए चार अपराधियों ने शनिवार की रात को गणपति ड्रग्स के मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी। तेरापंथ जैन धर्मशाला में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दीपू भगत अपनी दुकान पर पहुंचे। तभी सदर अस्पताल में मौजूद उनके दुकान के स्टाफ ने बताया कि करीब साढ़े 8 बजे के बाद दो बाइक पर सवार होकर चार युवक पहुंचे। उस दौरान कुछ स्टाफ गोदाम में थे। अपराधियों के हाथ में जब दुकान के कर्मी ने हथियार देखा तो वो डर गए। इधर, बताया गया कि जब अपराधियों की नजर दीपू भगत पर पड़ी तो बिना समय गंवाए उन्होंने उनपर फायरिंग करना शुरू कर दिया। गोलीबारी के बाद सभी अपराधी फरार हो गए। दीपू भगत को जख्मी हालत में अस्पताल ले जाया गया। जहां उन्हें मृतक घोषित कर दिया गया। वहीं, अस्पताल में डॉक्टर ने बताया कि मृतक को दो गोली लगी है। एक गोली दाएं सीने पर जबकि दूसरी गोली कनपट्टी में लगी है।

### गैस एजेंसी के संचालक को अपराधियों ने मारी गोली

**सीतामढ़ी (नि.सं.)।** बिहार में अपराधियों का तांडव जारी है। राज्य के अंदर हर दिन कहीं न कहीं से अपराध से जुड़ी खबरें निकल कर सामने आती रहती है। इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला सीतामढ़ी से सामने आया है। जहां बेख़ौफ़ अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद इलाके तनाव का माहौल कायम हो गया है। जानकारी के मुताबिक मॉर्निंग वॉक पर निकले गैस एजेंसी के संचालक को अपराधियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया है। थाना क्षेत्र के भलुआहा के पास हुई है। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल कायम हो गया है।

# सोन नदी में डूबे दो युवकों के शव 24 घंटे बाद बरामद, परिजनों में मचा कोहराम

**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)



तिलौथू थाना क्षेत्र में शनिवार को सोन नदी में स्नान करने के दौरान डूबे दो युवकों का शव 24 घंटे बाद बरामद कर लिया गया। एसडीआरएफ की टीम द्वारा दोनों शवों को बरामद करने में सफलता मिली है। मृतक दोनों युवकों की पहचान कोचस थाना अंतर्गत गोविंदपुर गांव निवासी जोगिंदर सिंह का 23 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार और स्वर्गीय निर्मल सिंह का 20 वर्षीय पुत्र ऋषि कुमार के रूप में की गई है। शव घटनास्थल से चार किमी दूर मीरा सराय के पास सोन नदी से बरामद किए गए हैं। बता दें कि तीन युवक अपने परिवार के साथ पहियारी जी की कुटिया पर यज्ञ में शामिल होने आए थे। शनिवार की सुबह वो सभी स्नान करने गए, इस क्रम में वो सोन नदी में गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। आसपास के लोगों ने उन्हें डूबते हुए देखा, तो बचाने गए। इसमें एक युवक मनीष कुमार (27) को बचा लिया गया। जबकि दो युवक डूब गए थे, आज उनका शव बरामद किया गया। दोनों डूबे युवक नीतीश और ऋषि आपस में चचेरे भाई हैं। शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों ने बताया कि वो सभी गत बुधवार से पहियारी जी की कुटिया पर चल रहे यज्ञ में शामिल होने आए थे। शनिवार तीनों युवक परिवार को बिना बताए सोन नदी में नहाने चले गए थे, बाद में स्थानीय लोगों द्वारा उनके डूबने की जानकारी दी गई। बताया कि 23 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार आईटीआई का छात्र है जबकि ऋषि ने इसी साल मैट्रिक पास किया है। तिलौथू थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि स्थानीय चौकीदार द्वारा युवकों के सोन नदी में डूबने की सूचना मिली थी। एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई थी, जिसके द्वारा दोनों शवों को बरामद कर लिया गया है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। तिलौथू सीओ हर्ष ने बताया कि शव बरामदगी के बाद अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक की हुई मौत

**निज संवाददाता** | वैशाली

बिहार के वैशाली से एक दर्दनाक खबर निकल कर सामने आ रही है। यहां बिजली के तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। इस घटना के बाद इलाके में मातमी माहौल देखने को मिला है। इसके साथ ही इस मामले की जानकारी नजदीकी थाने के पुलिस को दे दी गई है। उसके बाद अब पुलिस मामले की जांच में जूट गई है। जानकारी के अनुसार जिले के सराय थाना क्षेत्र के पौड़ा मदन सिंह गांव में छत के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने युवक को मृत्यु घोषित कर दिया। वहीं मृतक युवक की पहचान चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के मघौल खुर्द गांव निवासी सूबेदार राय के 34 वर्षीय पुत्र जितेश कुमार राय बताया गया है। मृतक के भाई ने बताया कि युवक कल शाम अपने बहन के यहां पौड़ा.गया था। सुबह में छत पर टहलने गया तभी छत के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घर वालों द्वारा बिजली विभाग को लगातार छतके ऊपर से हाई टेंशन तार हटाने के लिए आवेदन भी दिया लेकिन बिजली विभाग ने अब तक छत के ऊपर से हाई टेंशन तार नहीं हटवाया है।

## दानापुर-पीडीडीयू रूट पर चलती ट्रेन में यात्रियों से लूटपाट

**आरा (नि.सं.)।** बिहार में अपराधियों का तांडव लगातार जारी है। राज्य के अंदर शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता हो जिस दिन हत्या, लूट, छिनतई और गोलीबारी की खबरें निकल कर सामने नहीं आती हो। इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड से निकल कर सामने आई है। जहां बेख़ौफ़ अपराधियों ने चलती ट्रेन में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद यात्रियों में दहशत का माहौल कायम हो गया है। जानकारी के मुताबिक बिहार के दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर चलती ट्रेन में हथियारबंद अपराधियों ने यात्रियों से लूटपाट की। विरोध करने पर यूपी के एक युवक को गोली भी मार दी। वारदात सदिसोपुर स्टेशन के समीप शनिवार रात करीब एक बजे की लोकमान्य तिलक मुंबई जनता एक्सप्रेस की है। जख्मी युवक यूपी के वाराणसी जिले के मंडुआडीह थाना क्षेत्र के भूलनपुर गांव निवासी जय नाथ उपाध्याय के 40 वर्षीय पुत्र कृष्ण मोहन उपाध्याय हैं। वह पटना में एक कंपनी में काम करते हैं।

## गांजे की बड़ी खेप बरामद, 3 तस्कर भी गिरफ्तार, बनारस में होनी थी डिलीवरी

**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)



ओडिशा से गांजा लाकर बनारस में डिलीवरी करना था लेकिन इससे पहले पुलिस ने गांजे की खेप को जब्त कर लिया। वही 3 गांजा तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। रोहतास जिले के डेहरी स्थित पाली पुल के पास पुलिस ने यह कार्रवाई की है। दरअसल पुलिस को इस बात की गुप्त सूचना मिली थी कि ओडिशा से कम दाम पर गांजा खरीदकर बनारस में एक पार्टी को बेचने की योजना है। मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने सघन जांच अभियान चलाकर 23 किलो गांजा बरामद कर लिया। वहीं 3 तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान अयोध्या सिंह, विशाल पाल और अरुण कुशवाहा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अयोध्या सिंह और विशाल पाल पहले भी तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। रोहतास एसपी रौशन कुमार ने बताया कि एक स्विफ्ट डिजायर कार में छिपाकर गांजे की खेप ओडिशा से बनारस लाई जा रही थी। जिसके पीछे एक व्यक्ति उसका रेकी कर रहा था लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांजे के साथ तीनों तस्कर को दबोच लिया।

## संपत्ति विवाद में बुजुर्ग महिला को मारी गोली, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)



सासाराम में बेखौफ अपराधियों ने आपसी रंजिश में एक महिला को गोली मार दी। महिला को गंभीर हालत में सासाराम के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला का उसके गोतिया से संपत्ति क विवाद चल रहा था। घटना शिवसागर थाना क्षेत्र के बम्हौर की है। गोली से घायल हुई महिला की पहचान कुंति कुंवर के रूप में हुई है, जो अपनी बेटी-दामाद के साथ उनके ही घर में रहती थी। इसको लेकर गोतीया से संपत्ति का विवाद है। घायल महिला का दामाद पंकज सिंह ने बताया कि 20 दिन पहले वह आरोपियों पर शिवसागर थाना में केस भी दर्ज कराया है, जो उनके पड़ोस में ही रहते हैं तथा रिश्तेदार हैं। बार-बार आरोपी घर छोड़ने की धमकी दे रहे थे लेकिन आज अचानक पेट्रोल लाने के लिए एक खाली डब्बे की मांग की है और इसी बहाने घर में घुसकर फायरिंग कर दी। जिसमें कुंती कुंवर को गोली लग गई। इस दौरान उसकी पत्नी कुंती कुमार की बेटी पर भी हमला किया गया, लेकिन वह बाल बाल बच गई। शिवसागर थाना की पुलिस मौका पर पहुंच गई है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## कला उत्सव में अपना जौहर दिखाएंगे 12 वीं तक के विद्यार्थी

**निज संवाददाता** | नवादा

बिहार शिक्षा परियोजना जिले के नौवीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों में कला प्रतिभा निखारने के लिए कला उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नौ थीम में विद्यार्थी अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। डीपीओ समग्र शिक्षा ने बताया कि 26 अक्टूबर तक विद्यालय स्तर पर कला उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जबकि जिलास्तरीय कला उत्सव का आयोजन 28 व 29 अक्टूबर को किया जाएगा। जिन छह थीमों में विद्यार्थी शामिल होंगे । उनमें संगीत गायन, संगीत वादन, नृत्य थिएटर, दृश्य कला और पारंपरिक कहानी वाचन शामिल है। स्कूलों के संगीत शिक्षकों को स्कूल स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित कर छात्र-छात्राओं को चयनित करने का निर्देश दिया गया है। जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों का चयन किया जाएगा। शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय वादन समूह, लोक गायन समूह, लोक नृत्य, थिएटर और कहानी विधा में पारंगत छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा। स्कूल स्तर पर सभी विद्याओं में पहला स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता 26 अक्टूबर तक आयोजित कर बच्चों का चयन किया जाएगा। चयनित छात्रों की सूची फोटोग्राफ सहित विभागीय अधिकारियों के कार्यालय में जमा की जाएगी। ताकि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल करते समय बच्चों की पहचान की जा सके। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होने के बाद छात्रों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा, जहां से चयनित होकर जिले का नाम रोशन करेंगे। कला जौहर का प्रदर्शन करेंगे विद्यार्थी कला उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। जिले के 207 हाई व इंटर स्कूलों में विद्यार्थी इसकी तैयारी कर रहे हैं। संगीत शिक्षक हर दिन बच्चों को रिहर्सल करवा रहे हैं। हर विधा में एक- एक बच्चे का चयन किया जाएगा। बच्चों को हर विधा में अपनी कला की प्रस्तुति करने का समय भी अधिकतम 5 मिनट दिया जाएगा। शहर के गांधी इंटर स्कूल, कन्या इंटर स्कूल, प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल, कन्हाई इंटर स्कूल , सत्येन्द्र नारायण सिंह इंटर स्कूल सहित जिले के विभिन्न हाई व इंटर स्कूलों में इसकी तैयारी की जा रही है। 21 अक्टूबर से स्कूल स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसे 26 तक पूरा किया जाएगा। स्कूल स्तर पर जिन विधाओं में बच्चों का चयन किया जाएगा। उसकी सूची जिलास्तर पर डीईओ कार्यालय को एचएम उपलब्ध कराएंगे। जिससे विद्यार्थियों को जिलास्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने में आसानी होगी। कार्यक्रम को लेकर बच्चों में खुशी का माहौल कला उत्सव को लेकर बच्चों में खुशी का माहौल है। विद्यार्थी राकेश कुमार, रौशन कुमार, प्रीति कुमारी, खुशी कुमारी, आदित्य कुमार आदि ने बताया कि कला उत्सव में भाग लेकर वे जिला व राज्य स्तर पर सफलता हासिल करने का प्रयास करेंगे। इसको लेकर संगीत, गीत व नृत्य की तैयारी की जा रही है। संगीत शिक्षक के माध्यम से इसकी तैयारी की जा रही है। घर में भी इसका रियाज किया जा रहा है।

## रिश्वतखोर महिला पर्यवेक्षिका का वीडियो वायरल, वाउचर पास करने के एवज में ले रही थी रिश्वत

**निज संवाददाता** | कटिहार



बारसोई में एक महिला पर्यवेक्षिका घूस लेते वीडियो वायरल हुआ है। महिला पर्यवेक्षिका वाउचर पास करने के नाम पर आंगनबाड़ी सेविका से रिश्वत लेती दिख रही है। वीडियो सामने आने के बाद डीएम ने जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। दरअसल, किरण कुमारी बारसोई प्रखंड में महिला प्रवेशिका के रूप में पदस्थापित है। आंगनबाड़ी सेविका का वाउचर पास करने के नाम पर बाल विकास कार्यालय मैं बैठकर रिश्वत लेते किरण कुमारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वाउचर पास करने के नाम पर पैसे लेने का खेल चल रहा है। सेविका पति और महिला पर्यवेक्षिका किरण कुमारी का क्षेत्र में और अन्य सेविका से वाउचर पास करने के नाम पर 2500 लेने का ऑडियो भी वायरल हो रहा है। ऑडियो में साफ-साफ महिला पर्यवेक्षिका किरण कुमारी कह रही है की सभी सेविका 2500 रुपए दे रही हैं और हम ले भी रहे हैं। इस संबंध में जदयू नेता रोशन अग्रवाल ने जिला पदाधिकारी कटिहार से मांग करते हैं कि इसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। मामला संज्ञान में आने के बाद कटिहार डीएम ने जांच के आदेश दिए हैं। सोशल मीडिया पर घूसखोरी का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है हालांकि फर्स्ट बिहार वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

## शव के साथ प्रदर्शन कर रही भीड़ ने पुलिस पर किया हमला, अधिकारियों को बंधक बनाया

**निज संवाददाता** | पूर्णिया



बिहार के पूर्णिया से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां पुलिस और पब्लिक के बीच झड़प हो गयी। गुस्सायी भीड़ ने पुलिस को निशाना बनाया और हमला बोल दिया। यह घटना सरसी थाने के कचहरी बलुआ की यह घटना है। जहां सोमवार को दो शवों के साथ सड़क जाम कर रहे लोगों को हटाने गयी पुलिस पर हमला बोला गया। जानकारी के अनुसार उग्र भीड़ ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। अधिकारियों ने एक पेट्रोल पंप के कमरे में जाकर खुद को बचाया लेकिन भीड़ वहां भी पहुंच गयी और सबको बंधक बना लिया। थानेदार पर जानलेवा हमला करने की भी कोशिश की गयी। इससे पहले सरसी थाना क्षेत्र के कचहरी बलुआ निवासी लक्ष्मण राम के दो बेटों उपेंद्र राम और राजेंद्र राम की हत्या एक जमीन विवाद में कर दी गयी थी। बताया जा रहा है कि आरोप गांव के ही कुछ दबंगों पर लगा था. बीच-बचाव करने पहुंचे दो महिलाओं समेत लोगों को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया था। दोनों मृतकों के शव को लेकर परिजन आज रविवार को सड़क पर प्रदर्शन करने बैठ गए थे. इस दौरान बनमनखी, चंपानगर समेत अन्य जगह जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया था। इधर,पुलिस को जब इसकी सूचना मिली तो जाम हटवाने के लिए सीओ अजय कुमार और सरसी थानाध्यक्ष मनीष चंद्र यादव दलबल के साथ पहुंचे।

## केजी रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन नहीं हो पा रहा सुचारू

**निज संवाददाता** | नवादा

किऊल-गया रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन हर कवायद के बाद भी सुचारू नहीं हो पा रहा है। इस रूट पर ट्रेनों की लेटलतीफी राजरोग बन कर रह गई है, जिसका कोई इलाज नहीं निकल पा रहा है। सुविधा बढ़ाने के नाम पर लगातार विशेष ट्रेनों का परिचालन शुरू किया जा रहा है लेकिन अदूरदर्शी तरीके से इसका परिचालन निर्धारित किए जाने से नियमित ट्रेनों के परिचालन में यह बड़ी बाधा साबित हो रही है। यूं तो सामान्यतः केजी रेलखंड पर दो से तीन घण्टे का विलम्ब एकदम से सामान्य बात सी हो कर रह गई है। एक्सप्रेस और फास्ट पैसेंजर ट्रेनों के सुचारू परिचालन को लेकर पूर्व से ही नियमित ट्रेनों को जहां-तहां रोक कर रखने की परम्परा बना दी गई थी, जबकि अब तो इस कुव्यवस्था का शिकार वन्दे भारत जैसी लग्जरी ट्रेन भी पड़ने लगी है। कुव्यवस्था का आलम यह है कि शुक्रवार को लाइन खाली नहीं रहने के कारण वजीरगंज स्टेशन के आउटर पर वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को आधे घंटे से अधिक देर तक रोक कर रखा गया। इससे यात्री बुरी तरह से हलकान रहे। केजी रेलखंड की इस कुव्यवस्था का नजारा देख कर अब आम यात्री पूरी तरह से निराश हो चुके हैं कि पैसेंजर ट्रेनों की स्थिति में कोई बेहतर बदलाव हो सकेगा। अदूरदर्शी तरीके से विशेष ट्रेनों का हो रहा परिचालन आम यात्रियों समेत दैनिक यात्रियों ने इस बात पर गहरी निराशा जताई है कि इन दिनों कई विशेष ट्रेनें केजी रेलखंड पर परिचालित तो कर दी गई हैं लेकिन सभी का समय अदूरदर्शी तरीके से निर्धारित किया जाना मुसीबत बन कर रह गई है। राजगरी-किऊल-राजगीर के लिए परिचालित बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस विशेष ट्रेन 03266 और 03265 सभी नियमित ट्रेनों को बुरी तरह से प्रभावित कर रही हैं। सुबह तिलैया जंक्शन पर गया से आने वाली 03386 और 05404 लगातार इस विशेष ट्रेन के कारण तिलैया में फंस रही है जबकि शाम को भी किऊल से वापसी के क्रम में इस ट्रेन के कारण 03355 मेमू ट्रेन लगातार अटका कर रखी जा रही है। ठीक इसी प्रकार, सुबह और शाम को वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 22500 तथा 22499 के कारण केजी रेलखंड की पूरी व्यवस्था में ही उथल-पुथल मच गई है। बुद्ध पूर्णिमा और वन्दे भारत की भेंट चढ़ गई मेमू ट्रेन शनिवार को वन्दे भारत एक्सप्रेस की फिराक में गया से विलम्ब से ही परिचालित हो रही 03356 मेमू ट्रेन तिलैया में एक घंटे तक फंसी पड़ी रही। तिलैया जंक्शन पर मेमू ट्रेन 08:30 बजे की बजाय 09:29 बजे पहुंची जबकि यहां से पहले बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस और फिर गया-हावड़ा एक्सप्रेस से मेल के बाद वन्दे भारत एक्सप्रेस को रवाना किया गया। इसके बाद 10:37 बजे इसे नवादा के लिए भेजा किया गया। पूरे दो घंटे लेट हो कर यह ट्रेन 11:00 बजे नवादा स्टेशन पर पहुंची। निराशाजनक तो यह भी है कि विभिन्न साप्ताहिक ट्रेनें भी निर्धारित समय से काफी देर चलने के कारण सभी नियमित ट्रेनों को बुरी तरह से प्रभावित कर रही हैं, जिसका खामियाजा आम यात्री भुगतने को अभिशप्त हैं।

## वंचितो के लिये शहादत भी देनी पड़े तो देने के लिये तैयार : निशिकांत

**निज संवाददाता** | नालंदा



सूबे के पिछड़े एवं वंचित समुदाय को उनकी जन भागीदारी के अनुसार राजनीतिक हिस्सेदारी दिलाने के लिए समाजसेवी निशिकांत सिन्हा 'जन आशीर्वाद संवाद यात्रा के दूसरे दिन बिहार शरीफ स्थित श्रम कल्याण मैदान में आयोजित विशाल जन सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार के लेनिन कहे जाने वाले शहीद जगदेव बाबू के विचारों के अनुरूप वंचित एवं पिछड़े समुदाय के हक व हुकूक के लिये यह जन आशीर्वाद संवाद का प्रारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक के वंशज रहे कुशवाहा समाज की बिहार में 14 प्रतिशत आबादी है, लेकिन आज तक आबादी के अनुरूप इस समाज को राजनीतिक भागीदारी नहीं मिल पाई। उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों ने इस जाति को सिर्फ अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए इस्तेमाल किया। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतनी बड़ी आबादी के बावजूद आज केंद्र में हमारा एक भी प्रतिनिधि नहीं है। यहीं नहीं आये दिन कुशवाहा जाति के लोगों की हत्याएं हो रही है, लेकिन सरकार में हमारे कुशवाहा समाज के नेता सिर्फ तमाशबीन बने हुए हैं। ऐसे में, अब यह जरूरी हो गया है कि कुशवाहा समाज नए एवं समाज के प्रति समर्पित युवा प्रतिनिधि की तलाश करें। यह संवाद उसी दिशा में एक शुरूआत है। श्री सिन्हा ने राजनीतिक पार्टियों पर पिछड़े एवं वंचित समुदाय के युवाओं की राजनीतिक भागीदारी को लेकर भी चिंता जाहिर की। कहा कि वे युवाओं का वोट तो लेते हैं लेकिन किसी भी राजनीतिक पार्टियों द्वारा इन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं दी जाती। उन्होंने कहा कि कुशवाहा समाज राजनैतिक पिछलगु बन कर नहीं रहेगा। हमें हमारे भागीदारी के अनुरुप सत्ता में हिस्सेदारी भी लेनी होगी। उन्होंने कहा कि देश में इतनी बड़ी आबादी होने के बाबजूद केंद्र में एक भी मंत्री नहीं होना कुशवाहा समाज के लिये बड़ा ही दुःख कि बात है। उन्होंने कहा कि मैं पुरे बिहार में समाज के लोगों से उनका विचार लेकर बिखरे समाज को एकत्रित करने का प्रयास भी करूंगा।अगर जरूरत पड़ी तो राजनीति के लिये ठोस रणनीति तय भी की जाएगी।

## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, दहेज हत्या का लगा आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**निज संवाददाता** | मुंगेर

बिहार में अपराधियों का तांडव लगातार जारी है। राज्य के अंदर आए दिन लोगों की जान जा रही है। हत्या, लूट, छिनतई और गोलीबारी की खबरें हर दिन कहीं न कहीं से निकल कर सामने आती रहती है। इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला मुंगेर से निकल कर सामने आ रहा है। जहां तीन माह के दुधमुहे बच्चे की 26 वर्षीय मां की संदेहास्पदक मौत हुई है। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर खाना में जहर देकर हत्या का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के कासिमबाजार थाना क्षेत्र के लल्लू पोखर अड़गड़ा रोड स्थित एक गांव में 26 वर्षीय प्रियंका कुमारी की संदिग्ध मौत ने सनसनी फैला दी है। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। प्रियंका की शादी महज डेढ़ साल पहले रौशन नामक युवक से हुई थी, जो बेंगलुरु में एक निजी कंपनी में मैकेनिक का काम करता था। वहीं, मृतका के परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज की मांग करते थे और प्रियंका को प्रताड़ित करते थे। उन्होंने बताया कि प्रियंका के पास तीन महीने का एक बच्चा भी है। मृतका के परिजनों का कहना है कि बीती रात ससुराल वालों ने प्रियंका के खाने में जहर मिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इधर, ससुराल पक्ष का दावा है कि प्रियंका की अचानक तबीयत खराब हो गई थी और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अब जांच रिपोर्ट आने के बाद भी इस मामले में कुछ कहा जा सकता है।

## न्यूज बाइट्स

### विद्युत चोरी रोकने को ले चला छापेमारी अभियान, दो पर प्राथमिक

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** विद्युत विभाग, रफीगंज द्वारा सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज के नेतृत्व में बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान नहरखाप गांव में देवगिरी यादव के घर छापेमारी की गई, जहां घरेलू परिसर में विद्युत बिल नहीं जमा करने के कारण पूर्व में कनेक्शन काट दिया गया था।इसके बावजूद उनके द्वारा विद्युत का उपयोग किया जा रहा था। उस पर 51428 रुपया फाइन किया गया। वहीं इसी गांव में गया यादव के घर में छापेमारी की गई, जहां बिजली बिल बकाया होने के कारण पूर्व में कनेक्शन काटा गया था। इसके बावजूद अवैध रूप से विद्युत का उपयोग किया जा रहा था। इन पर 22000 रुपया जुर्माना लगाया गया। सभी पर रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि विद्युत चोरी के विरुद्ध विद्युत विभाग द्वारा दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है। इस अभियान में कनीय विद्युत अभियंता रविशंकर कुमार, संतोष कुमार, कनीय सारणी पुरुष ओम प्रकाश कुमार, अजीत कुमार सहित अन्य विद्युत कर्मी शामिल थे।

### औरंगाबाद में झारखंड निवासी की सड़क हादसे में हुई मौत

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** शहर के ओवरब्रिज के पास सड़क हादसा हुआ। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। स्थानीय पुलिस ने औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के 18 घंटे बाद मृतक की पहचान हो पाई। शनिवार की रात करीब 8:00 बजे तक मृतक के परिजन खोजबीन करते हुए औरंगाबाद नगर थाना पहुंचे। जहां पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह आसपास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। परिजन सदर अस्पताल पहुंचे, जहां शव देखकर मृतक की पहचान की। मृतक व्यक्ति की पहचान झारखंड के लातेहार जिला के गारू थाना क्षेत्र के चौड़ा गांव निवासी छोटन उरांव के 26 वर्षीय बेटे धिरेंद्र उरांव के रूप में की गई है। मृतक के परिजन प्रदीप उरांव ने बताया कि मृतक धीरेंद्र उरांव राजस्थान में रहकर मजदूरी का कार्य करते थे। उन्होंने जानकारी पूर्व में दी थी कि अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन से बाय रोड होते हुए हम घर आएंगे। शनिवार को घर नहीं आने पर हम लोगों ने खोजबीन शुरू की। खोजबीन में जानकारी मिली कि धीरेंद्र उरांव की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। मृतक अज्ञात व्यक्ति की पहचान लगभग 18 घंटे बाद हुई। शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### लक्ष्मी पूजा को लेकर आजाद निकेतन संघ की बैठक संपन्न

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** अब्दुलपुर सामुदायिक भवन में आजाद निकेतन संघ के द्वारा लक्ष्मी पूजा से संबंधित बैठक की गई।अध्यक्षता पूर्व सचिव हरेंद्र कुमार ने की। उन्होंने बताया कि इस बार से आजाद निकेतन संघ की जिम्मेदारी नव युवक लोगों की कंधे पर दी गई है। 31 अक्टूबर को पूजा के बाद एक और दो नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद राजेंद्र यादव, राकेश यादव, इंदल पासवान, डायरेक्टर उमेश प्रसाद, विनोद कुमार, विकास कुमार, छोटू कुमार, रंजन यादव, बृजेश यादव, संजीत चौधरी, अनुज वर्मा, संजीत कुमार सहित आजाद निकेतन संघ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### बुजुर्ग के साथ मारपीट

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज शहर में रेलवे क्रॉसिंग एवं तिवारी बिगहा के बीच सिहुली खैरा निवासी योगेंद्र सिंह उर्फ जयप्रकाश सिंह को घेर कर कुछ लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। घटना में योगेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका ईलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रफीगंज में किया गया। प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए चिकित्सकों ने सदर अस्पताल, औरंगाबाद रेफर कर दिया। वहीं घायल के बयान पर सिहुली खैरा गांव के ही उदय यादव, शिवनारायण यादव एवं रामनारायण यादव को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। उलेख किया है कि उक्त आरोपी पिस्टल का भय दिखाते हुए मेरे साथ मारपीट किया जिससे सर फट गया। पॉकेट से 10 हजार रुपया निकाल लिया। राहगीर को आते देखकर सभी भाग गये। मारपीट की घटना का कारण बताते हुए उलेख किया है कि खैरा मोड़ मंदिर के पास पोखरा को लेकर विवाद हुआ था। यह पोखरा डिस्ट्रिक्ट बोर्ड की जमीन है। आरोपी हड़पना चाहते हैं।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री पहुंचे औरंगाबाद, कोरी महारैली की तैयारी को लेकर लोगों को दिया आमंत्रण

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



पूर्व केंद्रीय मंत्री और शोषित इंकलाब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि ने बिहार की नीतीश सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। आगामी 23 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाले कोईरी आक्रोश महारैली की तैयारी को लेकर रविवार को औरंगाबाद पहुंचे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने औरंगाबाद के अतिथि गृह में प्रेसवार्ता में कहा कि नीतीश सरकार ने कोईरी समाज को जलील और अपमानित करने के साथ ही समाज का गला काटने का काम किया है। इस वजह से नीतीश कुमार के सत्ता में रहते हुए कोईरी समाज का भला नहीं होने वाला है।

नीतीश कुमार का लव-कुश की बात करना पूरी तरह ढ़कोसला है, क्योंकि वे सिर्फ अपने समाज का भला करने का काम कर रहे हैं। कोईरी जाति की लगातार उपेक्षा हो रही है। कोईरी समाज को किसी भी क्षेत्र में अपेक्षित भागीदारी नहीं मिल रही है। इतना ही नहीं कोईरी समाज को हाशिए पर धकेलने के लिए नीतीश सरकार ने हमारी जाति की आबादी को भी कम दिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में कोईरी समाज की 12 प्रतिशत और समाज की उप जाति दांगी की आबादी 2.5 प्रतिशत है। यानी बिहार में हमारी कुल आबादी 14.5 प्रतिशत है। इसके बावजूद नीतीश सरकार ने जान बूझकर कोईरी समाज को नीचा दिखाने का पूरा प्रयास किया है। इसी प्रयास के तहत बिहार सरकार ने जातीय सर्वेक्षण को धरातल पर नहीं कराते हुए कुछ खास पदाधिकारियों की मिलीभगत से खानापूर्ति कर कोईरी जाति की जनसंख्या को 12 से घटाकर 4.5 प्रतिशत और दांगी की आबादी को 2.5 से घटाकर मात्र आधा प्रतिशत दिखाने का काम किया है।

इतना ही नहीं राज्य सरकार ने भूमिहार, राजपूत और ब्राह्मण समाज को भी अपमानित करते हुए इनकी संख्या को 5.5 से घटाकर महज 2 से 3 प्रतिशत के बीच सीमित कर दिया। उन्होंने कहा कि कलाल मुस्लिम समाज की जाति है, जिसे जातीय सर्वेक्षण में हिंदू बताया गया है। जिससे साबित होता है कि बिहार के गांवों में सर्वेक्षण हुआ ही नहीं और सिर्फ कागज पर ही इसकी खानापूर्ति कर दी गई। उन्होंने स्वीकार किया कि जातीय सर्वेक्षण में यादव समाज की आबादी को 14 प्रतिशत बताया गया है, जिसे वह सही मानते हैं लेकिन कोईरी समाज की आबादी यादव समाज से 3-4 प्रतिशत ही कम है। इस लिहाज से कोईरी समाज की आबादी कम से कम 10 प्रतिशत होनी ही चाहिए, जिसे सर्वेक्षण में इतनी संख्या में नही दिखाया जाना हमारे समाज के साथ पूरी तरह नाइंसाफी है। जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कारण नीतीश सरकार को हटाना जरूरी हो गया है और सरकार को हटाने के लिए ही उन्होंने नीतीश हटाओ देश बचाओ का नारा दिया है। कहा कि यह नारा सिर्फ नारा नहीं रहेगा, बल्कि धरातल पर उतरेगा और कोईरी समाज को नीचा दिखाए जाने से समाज में उत्पन्न जबरदस्त आक्रोश की झलक आगामी 23 फरवरी 2025 को प्रदेश की राजधानी पटना के गांधी मैदान में आयोजित होने वाली कोईरी आक्रोश महारैली में दिखेगी। उन्होंने कहा कि कोईरी समाज के साथ हुई नाइंसाफी को लेकर ही यह महारैली आयोजित की गई है। इस रैली के माध्यम से कोईरी समाज अपने अपमान का बदला लेना चाहता है और इसी उद्देश्य से कोईरी समाज को एकजुट करने के लिए वे पूरे बिहार की यात्रा कर रहे हैं। इसी कड़ी में वे समाज को एकजुट करने औरंगाबाद आए है।

# अवैध बालू खनन के खिलाफ चलाया गया विशेष अभियान

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)



अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ औरंगाबाद पुलिस ने एक निर्णायक कार्रवाई की है, जो क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में पुलिस ने ग्राम डिहरा लक में अवैध गतिविधियों का पर्दाफाश किया, जहां दो ट्रैक्टरों को जब्त कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य खनन माफियाओं के नेटवर्क को तोड़ना और उन्हें कड़ी सजा दिलाना है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन से न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है, बल्कि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है।

पुलिस ने इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों से भी अपील की है कि वे अवैध खनन की गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि सख्त कार्रवाई की जा सके। इस तरह के अभियान से यह संदेश जाता है कि कानून का पालन न करने वालों के खिलाफ कोई रियायत नहीं दी जाएगी और ऐसे माफियाओं के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

इस कार्रवाई से यह स्पष्ट है कि औरंगाबाद पुलिस अपने क्षेत्र की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, और वे किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## सदस्यता अभियान में तेजी लाने हेतु भाजपा ने की बैठक

**हसपुरा( औरंगाबाद)(नि.सं.)।** भाजपा के हसपुरा मंडल द्वारा पार्टी के सदस्यता अभियान में तेजी लाने के लिए पचरुखिया बाजार में एक बैठक की हुई। बैठक में पार्टी को संगठन को मजबूत करने व पार्टी के विस्तार पर विचार किया गया। बैठक में पार्टी के जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सदस्यता अभियान प्रभारी सतीश सिंह, जिला महामंत्री रवि शंकर शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमन कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, चितरंजन सिंह, बबलू सिंह, चुन्नू सिंह सहित अन्य कार्यकर्त्ता शामिल रहे।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)



रविवार को औरंगाबाद जिले के प्रखंड देव के ग्राम पंचायत ऐरौरा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आया। यह कार्यक्रम पंचायत सरकार भवन में आयोजित हुआ, जहां महादलित टोला की महिलाओं और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों, सुरक्षा, और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परियोजना प्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह ने किया। उन्होंने इस योजना के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'हमारी बेटियां हमारे भविष्य की निर्माता हैं। उन्हें शिक्षित करना और सुरक्षित रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।' उनके विचारों ने उपस्थित महिलाओं और किशोरियों में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया। पंचायत के मुखिया श्री निरंजन कुमार सव ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि समुदाय को जागरूक करना और नकारात्मक सोच को समाप्त करना आवश्यक है। कार्यक्रम में शिक्षा, सुरक्षा, संरक्षा, और सशक्तिकरण के मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। खासतौर पर कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह जैसे गंभीर विषयों पर विचार-विमर्श किया गया, जो हमारे समाज के लिए चुनौती बने हुए हैं।

प्रतिभागियों को यह जानकारी भी दी गई कि जिले में सखी वन स्टॉप सेंटर संचालित है, जहां महिलाएं और लड़कियां कानूनी सहायता और अन्य आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकती हैं। इस दिशा में टॉल फ्री नंबर-181 और आपातकालीन नंबर-112 का भी उल्लेख किया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता मिल सके। कार्यक्रम में प्रखंड समन्वयक देव अविनाश कुमार, वार्ड सदस्य, सरपंच, पंचायत समिति के सदस्य, और अन्य ग्रामीण जनों की भी उपस्थिति रही। यह आयोजन न केवल एक जागरूकता फैलाने का साधन था, बल्कि महिलाओं और किशोरियों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी था। इस तरह की पहलों से न केवल समाज में बदलाव लाने की कोशिश की जा रही है, बल्कि महिलाओं के प्रति पूर्वाग्रहों को समाप्त करने की दिशा में एक नई आशा भी जागृत हो रही है। यह जागरूकता कार्यक्रम स्थानीय समुदाय के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर उभरा है, जिससे महिलाएं और लड़कियां अपने अधिकारों और पहचान के प्रति सजग हो सकें। इस दिशा में उठाए गए कदम भविष्य में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखते हैं।

# सिंचाई विभाग के मौसमी कर्मियों का आंदोलन विधानसभा के समक्ष दो दिवसीय धरना

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




औरंगाबाद जिले के सिंचाई विभाग के मौसमी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर एक बड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया है। कर्मचारी संघ ने शीतकालीन सत्र के दौरान बिहार विधानसभा के समक्ष दो दिवसीय धरने का आयोजन करने का ऐलान किया है। इस धरने का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों की सेवा का नियमितीकरण और अन्य चौदह सूत्री मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाना है।

रविवार को औरंगाबाद सदर प्रखंड के उनथु फॉल नहर पुल के समीप आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस बैठक में महासंघ (गोपगुट) के जिला सचिव सत्येन्द्र कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने हाल ही में खरांटी नहर पर झिकुलाही में बने नए पुल के ध्वस्त होने की घटना की जांच के लिए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो से कराने की आवश्यकता पर बल दिया। महासंघ (गोपगुट) के जिलाध्यक्ष रामइशरेश सिंह ने इस मौके पर कहा कि अब नहीं तो कभी नहीं' की तर्ज पर हमें राज्य स्तर पर एक धारावाहिक संघर्ष की शुरुआत करनी होगी। इस संघर्ष का उद्देश्य हमारे सालों भर के कार्य और नियमितीकरण की मांगों को लेकर सरकार और अधिकारियों पर निर्णायक दबाव बनाना है।

बैठक में 14 सूत्री मांगों की पूर्ति के लिए राज्य स्तर से लेकर डिवीजन स्तर तक जुझारू आंदोलन जारी रखने का निर्णय भी लिया गया। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के औरंगाबाद जोन अध्यक्ष देवगीर यादव ने की, जबकि संचालन का कार्य यूनियन के जोन सचिव अर्जुन प्रसाद ने किया। बैठक में यूनियन के अन्य वरिष्ठ नेताओं, जैसे कि देवपूजन सिंह (कोषाध्यक्ष), सुभाष यादव (उपाध्यक्ष) और प्रमोद सिंह (टेकारी डिवीजन के अध्यक्ष) ने भी अपने विचार रखे और इस आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## कार ने बाइक में मारी टक्कर, तीन लोग घायल

**मदपुर (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** मदनपुर में शनिवार की रात अज्ञात चारपहिया वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के सढ़इल मोड़ के समीप की है। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती करवाया।बताया जाता है कि एक बाइक पर तीन युवक मदनपुर की ओर से औरंगाबाद की ओर जा रहे थे। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के समीप अज्ञात चार पहिया वाहन की चपेट में आने से तीनों घायल होकर सड़क पर गिर गए।

## दसवीं उतीर्ण 27 बच्चों को किया गया प्रोत्साहित

**गोह(औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह प्रखंड के मुंजहड़ा गांव में सेवानिवृत्त प्रबंधक नागेंद्र प्रसाद के द्वारा इस वर्ष दसवीं पास बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। स्थानीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सादे समारोह का संचालन समाजसेवी सिकंदर पटेल ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में गोह थानाध्यक्ष कमलेश पासवान उपस्थित थे। उन्होंने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य का निर्धारण करें। सफलता जरूर मिलेगी। अपने को कभी भी कमजोर नहीं समझे। हिन्दी के साथ अंग्रेजी भाषा की पढ़ाई भी आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी दिलीप विश्वकर्मा ने कहा कि अपने अंदर घृणा की भावना को खत्म करें। दिमाग मे कभी भी अर्थिक एवं सामाजिक स्तर पर कमजोर नहीं समझे। एकाग्रचित्त होकर पढ़ाई करें। कम्पटीशन की तैयारी ग्रुप बनाकर करें। सेल्फ स्टडी एवं ग्रुप डिस्कशन से हर मुकाम को हासिल किया जा सकता है। आयोजक ने कहा कि गांव के 27 बच्चो को शैक्षणिक किट दिया गया। जिसमें कॉपी, पेन एवं डिक्शनरी शामिल है।

# दोमुहान सूर्य मंदिर को पर्यटन का दर्जा दिलाने के लिए किया गया आग्रह

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला मुख्यालय औरंगाबाद के रिसियप थानांतर्गत पुण्यदायिनी बटाने एवं बतरे के संगम तट पर अवस्थित दोमुहान सूर्य मंदिर में देव सूर्य मंदिर के बाद छठ पूजा में सर्वाधिक भीड़ होती है।दोमुहान सूर्य मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अवकाश प्राप्त पुलिस पदाधिकारी सिंहेश सिंह ने बताया कि इस मंदिर के प्रांगण में कार्तिक छठ के मौके पर लाखों की भीड़ होती है और 10000 छठ व्रतियों के ठहरने की व्यवस्था की जाती है।चार दिवसीय मेला का आयोजन होता है। पिछले दो दशक से इस मौके पर महोत्सव का भी आयोजन किया जाता रहा है। इससे संबंधित महोत्सव को राजकीय दर्जा दिलाने वास्ते समिति के अध्यक्ष ने विभिन्न जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखा जिसमें विधान परिषद दिलीप कुमार सिंह, औरंगाबाद सदर विधायक आनंद शंकर सिंह का नाम शामिल है उन लोगों ने इस स्थल को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने, महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिलाने एवं महोत्सव करने वास्ते कला संस्कृति विभाग बिहार सरकार को 25 लाख रुपया आवंटित करने की मांग की है। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने सूर्य मंदिर के बारे में बताया कि संगम तट पर अवस्थित इस सूर्य मंदिर की स्थापना चार दशक पूर्व नागा बाबा ने की थी।यदि किसी संगम तट पर भगवान सूर्य का मंदिर हो तो वहां सूर्योपासना करने का विशेष फल मिलता है।

# पुलिस ने किया आर्म्स एक्ट अभियुक्त को गिरफ्तार



निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)

गोह थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए आर्म्स अभियुक्त परमानन्द पासवान उर्फ परमा पासवान को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी रविवार को दोपहर लगभग 1:30 बजे गोह हमीदनगर मोड़ के समीप की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी कुमार ऋषिराज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। डीएसपी ने बताया कि परमानन्द पासवान पर गोह थाना कांड संख्या-242/22 के तहत गंभीर धाराएं, जैसे कि 25 (1-बी) ए/26/35, लगाई गई हैं। इसके अतिरिक्त, हसपुरा थाना में भी उसके खिलाफ कई मामलों की जांच चल रही है, जिनमें नक्सल गतिविधियों और अन्य आपराधिक गतिविधियों के आरोप शामिल हैं। इस गिरफ्तारी को एक महत्वपूर्ण कदम मानते हुए, डीएसपी ने कहा कि इससे नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगाने में मदद मिलेगी। पुलिस ने इस ऑपरेशन के लिए स्थानीय सूत्रों और गुप्त जानकारी का भरपूर इस्तेमाल किया।

# प्रतिष्ठित पल्स वूमेन हॉस्पिटल में स्त्री कैंसर जांच शिविर का आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



रविवार को शहर के प्रतिष्ठित पल्स वूमेन हॉस्पिटल में एक विशेष निशुल्क स्त्री कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रखा गया था, जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शोभा रानी और जिला संचारी एवं गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन ने अहम भूमिका निभाई। शिविर में विशेष अतिथि के रूप में जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पटना की डॉ. माला सिन्हा और डॉ. हर्ष प्रिया ने शिरकत की। इस शिविर में दोनों महिला डॉक्टरों ने मिलकर दर्जनों मरीजों की जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। डॉ. शोभा रानी ने बताया कि अक्सर कैंसर के प्रारंभिक चरण में लक्षण स्पष्ट नहीं होते, जिससे इसकी पहचान में कठिनाई होती है। उन्होंने स्तन कैंसर के कुछ प्रमुख लक्षणों की जानकारी साझा की, जैसे कि स्तन में गांठ या मोटापन, आकार और आकृति में बदलाव, त्वचा में गड्ढे, लालिमा या अन्य परिवर्तन, निप्पल से असामान्य या खूनी तरल पदार्थ का निकलना। डॉ. रानी ने जोर देकर कहा कि असामान्य स्तन गांठ पाए जाने पर तुरंत चिकित्सीय देखभाल लेनी चाहिए, भले ही गांठ से दर्द न हो। उन्होंने आगे बताया कि स्तन कैंसर का उपचार उसके उपप्रकार और फैलाव के स्तर पर निर्भर करता है। उपचार की प्रक्रिया में सर्जरी, विकिरण चिकित्सा, हार्मोनल थेरेपी, कीमोथेरेपी और लक्षित जैविक थेरेपी शामिल हैं। समय पर उपचार शुरू करने से कैंसर के पुनरावृत्ति की संभावना कम होती है और इससे मरीज की सहनशीलता भी बढ़ती है। इस शिविर का आयोजन महिलाओं में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने और प्रारंभिक पहचान के महत्व को समझाने के लिए किया गया था। इस तरह के कार्यक्रमों की जरूरत अब और भी बढ़ गई है, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रह सकें और किसी भी संभावित समस्या का समय पर समाधान कर सकें। इस तरह के प्रयासों से न केवल जागरूकता बढ़ती है, बल्कि समाज में स्त्री स्वास्थ्य की रक्षा के लिए एक मजबूत आधार भी बनता है।

### शिक्षक संवाद कार्यक्रम सह स्वागत समारोह में बोले पूर्व एमएलसी, कहा

# नीतियों के क्रियान्वयन के स्तर पर शिक्षा विभाग में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




जदयू के वरीय नेता और पूर्व विधान पार्षद संजीव श्याम सिंह ने स्वीकार किया है कि शिक्षा विभाग में नीतियों के क्रियान्वयन के स्तर पर भारी गड़बड़ी है, जिसे सरकार के स्तर से पहल कर हर हाल में दूर किया जाएगा। श्री सिंह ने रविवार को यहां सम्राट अशोक भवन में आयोजित शिक्षक संवाद कार्यक्रम सह स्वागत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कहा कि कार्यक्रम में शिक्षकों ने सरकार की नीतियों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर जो सवाल उठाए है, वें कुछ हद तक जायज हैं लेकिन नीतीश सरकार की नीतियों पर शक की कोई गुंजाइश नही है। उन्होने कहा कि सरकार नीतियां बनाती है लेकिन उसका क्रियान्वयन अधिकारियों के माध्यम से कराया जाता है। इसलिए क्रियान्वयन के स्तर पर होने वाली गड़बड़ियों के लिए सरकार को गलत ठहराया जाना उचित नही है। कहा कि नीतीश सरकार ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई काम किए है, जिससे राज्य की शिक्षा व्यवस्था में आमूल चूल परिवर्तन आया है। बीपीएससी से बहाली से सरकारी स्कूलों में योग्य शिक्षक चुन कर आए है, जिससे शिक्षा के स्तर में लगातार सुधार हो रहा है। इसके बावजूद क्रियान्वयन के स्तर यानी शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा गड़बड़ी किए जाने की जो शिकायते आ रही है, उन पर लगाम लगाया जाएगा। कहा कि यदि शिक्षा विभाग के किसी अधिकारी को लेकर रिश्वतखोरी, शिक्षकों को बेवजह प्रताड़ित करने और नियमों की अवहेलना कर मनमानी करने की कोई शिकायत है, तो इसकी शिकायत जुबानी नही बल्कि लिखित रूप से करे। सरकार इस पर सख्ती से कार्रवाई करेगी। इसके पूर्व कार्यक्रम में नियोजित शिक्षको, बीपीएससी शिक्षकों, वित्त रहित शिक्षको, संस्कृत विद्यालय के शिक्षकों एवं प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने अपनी-अपनी समस्याओं को प्रमुखता से पूर्व विधान पार्षद के समक्ष रखा, जिनका समाधान कराने का उन्होंने आश्वासन दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत प्राध्यापक प्रो. चंद्रशेखर पांडेय ने की। कार्यक्रम में औरंगाबाद नगर परिषद के मुख्य पार्षद उदय गुप्ता, रेडक्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, सेवानिवृत प्राध्यापक प्रो. शिवपूजन सिंह, डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, प्रो. रामाधार सिंह, प्रो. सुरेंद्र मिश्र, संस्कृत हाई स्कूल के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक डॉ. सूरजपत सिंह, वृजमोहन सिंह, प्रधानाध्यापक मोहन सिंह, शिक्षक संतोष कुमार, श्रीनिवास शर्मा, आलोक कुमार, अभय कुमार एवं दयाशंकर कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### पुलिस ने शराब के चार ठिकानों पर की छापेमारी

# तीन हजार किलो जावा महुआ किया विनष्ट, 210 लीटर महुआ देशी शराब बरामद



निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)

रफीगंज पुलिस ने कजपा टोला अनंत बिगहा, बन बिगहा दोसीला, चरकावां उपरिडीह एवं मई भुईयां बिगहा में शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाय। जिसमें लगभग 3000 किलो जावा महुआ को विनष्ट किया गया। वहीं 210 लीटर महुआ शराब एवं शराब बनाने वाला गैस सिलेंडर, तसला, देगची, सहित अन्य उपकरण जब्त किया गया। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि चार गांव में शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान में एसआई परमजीत कुमार मंडल, कुशों कुमार, वर्षा कुमारी, सोनाली, ध्रुव कुमार, एएसआई बबन एवं थाना के चौकीदार विनोद कुमार द्वारा छापेमारी की गई। जैसे ही गांव में पुलिस पहुंची वहां के लोग में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घर के आसपास एवं खेत में शराब के लिए सर्च किया।कारोबारी द्वारा शराब बनाने के लिए भारी मात्रा में भूमि में डब्बो को गाड़कर महुआ फुलाया जा रहा था। पुलिस ने जमीन खोदकर गड्ढे से निकाला। चारो जगहों में जावा फूल को निकालने के क्रम में नष्ट कर दिया गया। शराब बनाने का उपकरण व बर्तन बरामद किया गया। मामले में ढ़ोसिला बन बिगहा गांव निवासी जितेंद्र भुईयां की पत्नी राजमानिया देवी को हिरासत में लिया गया। जिसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

# दुर्गा पूजा में योगदान देने वाले पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

रविवार को एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एसीआईबी) की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिले के कार्यालय में किया गया। इस बैठक में संगठन के जिला प्रभारी ओमप्रकाश ने अध्यक्षता की, जबकि संचालन का दायित्व जिला सचिव सुमित कुमार ने संभाला। बैठक के मुख्य अतिथि, संगठन के राष्ट्रीय सचिव आदित्य श्रीवास्तव, ने शहर में हाल ही में संपन्न दुर्गा पूजा समारोह के दौरान शांति और समरसता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पदाधिकारियों को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह ने बैठक को और भी खास बना दिया, जहाँ विभिन्न पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया। आदित्य श्रीवास्तव ने कहा, 'यह हमारे संगठन की मेहनत और एकजुटता का परिणाम है कि दुर्गा पूजा का आयोजन शांति और भाईचारे के साथ सम्पन्न हुआ। उन्होंने पदाधिकारियों को आगे भी इसी तरह की सक्रियता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में रणवीर सिंह, निखिल सिंह, अनिल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, ओम प्रकाश, सुमित कुमार, अमर कुमार सहित अन्य सदस्य भी मौजूद थे। सभी ने मिलकर संगठन की योजनाओं और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की, ताकि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को और प्रभावी बनाया जा सके।

# पूर्व विधायक की दावेदारी सुनिश्चित बाकी कतार में, भारी असमंजस में प्रत्यासी

निज संवाददाता | छतरपुर,पलामू

चुनावी घोषणा के बाद छतरपुर विधानसभा में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के लिए प्रत्याशियों के असमंजस के बीच रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने सबसे पहले अपने प्रत्यासी के नाम की घोषणा कर दी, भाजपा से एक बार पुनः पूर्व विधायक पुष्पा देवी के नाम की घोषणा के साथ ही उनके समर्थकों ने भारी उत्साह के साथ पटाखे जलाएं। वहीं इंडिया गठबंधन से अब तक कुछ स्पष्ट नहीं किया गया है कि वह किस पार्टी के नाम पर किस प्रत्यासी पर दाव लगाएगी, इसलिए कई नए पुराने चेहरों में आशा और निराशा के दोहरे भाव देखे जा सकते है। गौरतलब है कि पिछले कुछ चुनाव से छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में एनडीए और राजद अब तक मुख्य पार्टियां बन कर उभरी है, इस बार ममता भुइयां, विजय राम, प्रकाश राम, चंचला देवी राजद से टिकट के बड़े दावेदार हैं, साथ ही इस बार जेएमएम एवं कांग्रेस के बैनर तले भी कई प्रत्यासी अपनी




दावेदारी सुनिश्चित करने की रेस में है। वहीं पाटन छतरपुर से पांच बार विधायक का चुनाव जीत चुके राधाकृष्ण किशोर ने भी रविवार को नामांकन पत्र क्रय कर यह साफ कर दिया कि वह इस बार भी चुनावी मैदान में दिखेंगे हालांकि अभी तक अपना रुख जाहिर नहीं किया है. लोकसभा चुनाव से पहले राधाकृष्ण किशोर ने राष्ट्रीय जनता दल से इस्तीफा दे दिया था। अंचल अधिकारी के हवाले से प्राप्त जानकारी के मुताबिक पहले दिन नामांकन पत्र की बिक्री शून्य रही वही दूसरे दिन पांच बार के विधायक राधा कृष्ण किशोर सहित, संदीप कुमार,लक्ष्मी रवि, कन्हाई राम के द्वारा नामांकन पत्र क्रय किया गया है| मालूम हो कि छतरपुर - पाटन विधानसभा में पहले चरण के चुनाव के लिए 25 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे एवं 13 नवम्बर को वोट डाला जाना है। चुनावी प्रक्रिया शांति पूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर स्थानीय एवं जिला प्रशासन ने भी कमर कस ली है, चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराने के साथ मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कराने को लेकर भी प्रयासरत है। विधानसभा के आंकड़े एक नजर में अनुसूचित जाति आरक्षित सीट 78पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 316061 है. पुरुष 162627 जबकि महिला 153434 हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में पाटन, छतरपुर, नौडीहा बाजार, पड़वा प्रखंड आते हैं, जिसमें कुल 335 मतदान केंद्र हैं। विधानसभा क्षेत्र की सीमा बिहार से सटी हुई है। इस विधानसभा क्षेत्र को पूरे

### पाटन छतरपुर से अब तक के विधायक

- 1977 में जोरावर राम
- 1980 और 1985 में राधाकृष्ण किशोर
- 1990 में लक्ष्मण राम
- 1995 में राधाकृष्ण किशोर
- 2000 में मनोज कुमार
- 2005 में राधाकृष्ण किशोर (जदयू , 39667 मत )
- 2009 में सुधा चौधरी ( जदयू , 25854 मत )
- 2014 में राधाकृष्ण किशोर (बीजेपी,43805 मत )
- 2019 में पुष्पा देवी ( 64127 मत, बीजेपी )

राज्य में सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता रहा है। पूरे पलामू में सबसे ज्यादा पुलिस बल की तैनाती पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में है। पिछले एक दशक में पाटन छतरपुर का इलाका पत्थर खदान कारोबार का हब बन गया है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में कई पत्थर खदानें हैं, जिसने छतरपुर को पलामू की आर्थिक राजधानी के रूप में विकसित किया है। हालांकि, इसके बावजूद पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र पलायन और सूखे के लिए मशहूर है। इस क्षेत्र का ज्यादातर हिस्सा कृषि आधारित अर्थव्यवस्था पर निर्भर है, लेकिन सिंचाई के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। रोजगार की तलाश में बड़ी संख्या में लोग इस क्षेत्र से पलायन करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### खूंटी विधानसभा सीट पर बीजेपी का कब्जा, लेकिन पलायन और नियोजन की समस्या बरकरार

**खूंटी, एजेंसी।** भगवान बिरसा मुंडा व मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की धरती खूंटी विवादित पत्थलगड़ी, नक्सलवाद, उग्रवाद, और अफीम की अवैध खेती से लेकर खेल प्रतिभाओं तक को लेकर चर्चित रही है. अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित खूंटी विधानसभा में खूंटी शहरी क्षेत्र, खूंटी ग्रामीण, मुरहू प्रखंड व कर्रा प्रखंड की 13 पंचायतें शामिल हैं. 1951 में गठित खूंटी विधानसभा सीट पर पिछले 25 वर्षों से भाजपा के नीलकंठ सिंह मुंडा का कब्जा है. आजादी के बाद हुए देश के पहले चुनाव में झारखंड पार्टी ने खूंटी विधानसभा सीट जीती थी. उसके बाद से लगातार तीन बार खूंटी से झारखंड पार्टी के ही विधायक चुने गये. कांग्रेस ने झारखंड पार्टी से खूंटी सीट 1967 में छीनी थी. इसके बाद राज्य गठन तक एक बार छोड़ कर लगातार खूंटी पर कांग्रेस का ही कब्जा रहा. वर्ष 2000 तक खूंटी से कांग्रेस के सात विधायक विधायक चुने गये. 1977 में जनता पार्टी ने कांग्रेस को हरा कर चुनाव जीता. लेकिन, अगले चुनाव में फिर से कांग्रेस प्रत्याशी विजय हुए. राज्य गठन के बाद वर्ष 2000 से भाजपा के नीलकंठ सिंह मुंडा अब तक लगातार पांच बार खूंटी पर विजयी पताका फहरा रहे हैं. वह 1985 से लगातार तीन बार विधायक रहीं कांग्रेस की सुशीला केरकेट्टा को हरा कर विधायक बने थे.

### पर्यटन व ऊर्जा निगम के 100 करोड़ की हेराफेरी में सामने आएगा सच! 6 को हिरासत में ले पूछताछ में जुटी एनआईटी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड ( जेटीडीसी ), झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड व झारखंड ऊर्जा उत्पाद निगम लिमिटेड के खाते से करीब 100 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी मामले में एसआइटी ने छह संदिग्धों को हिरासत में लिया है ।इनमें दो संदिग्ध ओडिशा से हिरासत गए हैं, जिन्हें लेकर एटीएस की टीम रांची रवाना हो चुकी है। वहीं, चार संदिग्ध झारखंड के विभिन्न इलाकों से उठाए गए हैं। सभी छह संदिग्धों से पूछताछ जारी है ।सीआइडी थाने में दर्ज प्राथमिकी की जांच के क्रम में एटीएस के एसपी ऋषभ झा के नेतृत्व वाली एसआइटी ने अब तक चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसआइटी ने जिन्हें जेल भेजा था, उनमें जेटीडीसी के तत्कालीन लेखापाल सह कैशियर गिरजा प्रसाद सिंह, केनरा बैंक हटिया के तत्कालीन शाखा प्रबंधक अमरजीत कुमार, साजिशकर्ता बोकारो के रूद्र सिंह उर्फ समीर कुमार तथा रांची के डिबडिह निवासी लोकेश्वर साह उर्फ लोकेश शामिल हैं। आरोपितों पर झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के खाते से 10 करोड़ 40 लाख रुपये, झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के खाते से 65 करोड़ 50 लाख रुपये व झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के खाते से 40.50 करोड़ रुपये की निकासी का आरोप है। साइबर थाने के सहयोग से एसआइटी ने अब तक करीब 47 करोड़ रुपये फीज करवा दी है ।पूर्व में एसआइटी ने गिरफ्तार आरोपित रांची के डिबडिह निवासी लोकेश्वर साह के ठिकाने से 85 लाख रुपये नकद व 15 लाख रुपये के सोने के जेवरात को जब्त किया था। जांच का दायरा बढ़ने के साथ ही विभाग के कुछ और पदाधिकारियों-कर्मियों पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है।

### किरीबुरु: महिला की हत्या कर शव को बालू के नीचे दबाया

**चाईबासा।** टोंटो थाना अन्तर्गत अत्यन्त नक्सल प्रभावित बुंडू गांव के मानकी टोला निवासी स्व0 ओयबन अंगारिया की पत्नी गुरुवारी अंगारिया की हत्या कर शव को कारो नदी तट पर बालू अथवा मिट्टी के नीचे दबाकर छिपाने का मामला प्रकाश में आया है. विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार गुरुवारी अंगारिया की पति की मृत्यु 10 वर्ष पहले हो चुकी है. वह अपने घर में अकेला रहती थी. सूत्रों अनुसार गांव के ही दो लोग अंधविश्वास के चक्कर में आकर बीते गुरुवार की रात लगभग 7-8 बजे उसकी हत्या कर शव को छिपा दिया. सूत्रों अनुसार गुरुवारी का शव रोवाम गांव के समीप अस्पताल भवन के बगल से गुजरी कारो नदी के तट पर जमीन अथवा बालू के नीचे छिपा दिया गया है.

## झामुमो के टिकट पर सरायकेला से लडूंगा चुनाव: गणेश महली

**सरायकेला।** भाजपा की सूची शनिवार की शाम जारी होते ही भाजपा के नेताओं में भगदड़ मच गई. एक ओर पोटका से दो बार विधायक रही मेनका सरदार ने जहां पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के साथ सभी पदों से इस्तीफा दे दिया, वहीं दूसरी ओर चंपाई सोरेन के पार्टी में आने और सरायकेला से चुनाव लड़ने की आशंका के बाद खुद को खरसावां से प्रत्याशी बनाने की मांग करने वाले पार्टी के कद्दावर और दो बार सरायकेला से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ चुके भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महाली ने भी पार्टी से बगावत करते हुए झामूमो से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी. वे शाम में ही सूची में अपना नाम नहीं देख भड़के हुए थे.

रात करीब 10 बजे अपने



शुभचिंतकों और समर्थकों से विचार विमर्श करने के उपरांत शुभम संदेश को दूरभाष पर फोन कर गणेश महाली ने कहा कि वे झामुमो की टिकट पर सरायकेला से चुनाव लड़ेंगे. उनका झामुमो के आला नेताओं से बात पक्की हो चुकी है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिस पार्टी का 25 वर्षों से झंडा ढोया वो आज दूसरे दलों की राह पर ( परिवारवाद ) चल पड़ी है. ऐसे में मैंने अपने शुभचिंतकों और समर्थकों के सम्मान के लिए झामुमो से चुनाव लड़ने का मन बना लिया है. यहां की जनता की यही मांग है.

### राष्ट्रपति करेंगी तीन नई रेलवे लाइन का शिलान्यास

**जमशेदपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 23 अक्तूबर को खड़गपुर मंडल के बांगडीपोसी से तीन नई रेलवे लाइन का शिलान्यास करेंगी। इनमे बादामपहाड़-क्योंझार, गुरुमाहिसानी-बांगडीपोसी और चाकुलिया-बुरामारा नई लाइन की योजना शामिल है। राष्ट्रपति के कार्यक्रम में टाटानगर और चक्रधरपुर मंडल के रेल अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में तीन नई लाइन के शिलान्यास को भी शामिल किया गया है। मालूम हो कि केंद्र सरकार ने झारखंड, ओडिशा और बंगाल के लिए चाकुलिया से बुरामारा, बादामपहाड़ से केंदुझारगढ़ (क्योंझर) और गुरुमहिसानी से बांगडीपोसी नई लाइन को मंजूरी दी है। तीनों मार्ग में 227 किमी से ज्यादा लंबी नई लाइन बिछाने में रेलवे 57 सौ करोड़ से ज्यादा रुपये खर्च करेगा। नई लाइन बिछने से टाटानगर से हावड़ा-मुंबई और ओडिशा रेलमार्ग में लाइन जाम की समस्या खत्म हो जाएगी।

## मैथन बॉर्डर पर पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान, दो वाहनों से 11.38 लाख कैश बरामद

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही राज्य में आदर्श आचार सहिंता लागू हो गयी है. इसी के साथ मैथन पुलिस भी चौकस हो गयी है. जिला पुलिस शांतिपूर्ण, भयमुक्त और निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराने को लेकर लगातार सघन जांच अभियान चला रही है. इसी क्रम में पुलिस ने शुक्रवार देर रात मैथन बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग की और दो अलग-अलग वाहनों से 11 लाख 38 हजार रुपये कैश बरामद किये. बरामद कैश को पुलिस ने जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गयी है. वहीं पुलिस ने दोनों लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है. बताया जा रहा है कि एक वाहन जमशेदपुर के हरजिंदर सिंह का है, उनकी कार से 10 लाख बरामद हुए हैं. वहीं दूसरी कार गिरिडीह के कीर्तन सिंघानिया की है, जिससे 1 लाख 38 हजार मिले हैं. इधर दो वाहनों से भारी मात्रा में कैश बरामद होने की सूचना पर बीडीओ मधु कुमारी वहां पहुंची और पूरे मामले को संज्ञान में लिया. बता दें कि दो दिनों में वाहन चेकिंग के दौरान अलग-अलग वाहनों से करीब 14 लाख रुपये बरामद किये गये हैं.



## रांची नगर निगम ने डीएवी स्कूल में 200 पौधों का किया वितरण



**रांची, एजेंसी।** रांची नगर निगम, लायंस क्लब ऑफ समर्पण और रिलेशंस की ओर से शुक्रवार को कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल में छात्रों के बीच 200 पौधाो का वितरण किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत सेमिनार का भी आयोजन किया गया।

रांची नगर निगम के नगर आयुक्त संदीप सिंह के निर्देश पर पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण अभियान हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को पर्यावरण एवं प्रकृति की रक्षा के लिए आगे आना पड़ेगा, तभी हम अपनी प्रकृति को हरा भरा, स्वच्छ एवं सुंदर रख सकते हैं। इस दौरान रांची नगर निगम के सहायक अभियंता सौरभ केशरी, लायंस क्लब ऑफ समर्पण की अध्यक्ष सीमा सिंह, रीना अग्रवाल,हेमा बंका, सुमिता बेदी, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, सिंधु बाला, आर्य प्रहलाद, रांची नगर निगम के सुपरवाइजर राज कुमार, सुधाकर यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## चुनाव शुरू होते ही अवैध शराब पर छापेमारी शुरू

**» ख़ास कर अवैध रूप से बिकने वाली शराब चुनावों के समय राजनीतिक पार्टियाँ मतदाताओं को लुभाने के लिए अवैध व असंवैधानिक तरीके अपनाती हैं। इसमें शराब का वितरण मुख्य रूप से शामिल है।**

निज संवाददाता | छतरपुर



चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही पुलिस की गतिविधियां तेज़ हो जाती है। काश पुलिस की गतिविधियां हर समय इसी तरह चुस्त-दुरुस्त होता तो अवैध रूप से किया जा रहा कच्ची शराब का निर्माण, बिक्री और इसकी तस्करी, जो क्षेत्र में एक गंभीर मुद्दा है नही फल-फूल पाता। लेस्लीगंज पुलिस की इसी तत्परता ने आज कई गांव में दारूबाजों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए उनकी शराब भठ्ठियों को ध्वस्त किया साथ ही शराब बनाने के लिए सड़ाये जा रहे महुवा के जावा को भी नष्ट किया। भारतीय चुनावों में प्रशासन का काम है कि वह निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करे, लेकिन कई बार यह देखा गया है कि प्रशासनिक तंत्र में मिलीभगत, लापरवाही या भ्रष्टाचार के कारण अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से नियंत्रण नहीं हो पाता। ख़ास कर अवैध रूप से बिकने वाली शराब चुनावों के समय राजनीतिक पार्टियाँ मतदाताओं को लुभाने के लिए अवैध व असंवैधानिक तरीके अपनाती हैं। इसमें शराब का वितरण मुख्य रूप से शामिल है। कुछ राजनीतिक दल जानबूझकर दारू की तस्करी करते हैं ताकि वे अपने वोट बैंक को सुरक्षित कर सकें। कई बार स्थानीय प्रशासन या पुलिस के कुछ अधिकारी अवैध शराब की बिक्री में शामिल होते हैं। यह प्रशासनिक स्तर पर मिलीभगत का नतीजा हो सकता है। चुनावों के दौरान जब प्रशासन को अवैध गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए, तब कुछ अधिकारी अवैध कारोबारियों से रिश्वत लेकर उन्हें मौन समर्थन देते हैं। प्रशासन द्वारा अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाना एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन यह अक्सर चुनाव के समय ही अधिक होती है। यह जनता को दिखाने के लिए होता है कि प्रशासन कार्य कर रहा है। हालांकि, यदि यह अभियान चुनाव से पहले या चुनाव के समय में कड़ा होता है, तो सवाल उठता है कि क्या ये अभियान वास्तविकता में प्रभावी हैं या महज दिखावा हैं। भारतीय चुनाव आयोग और स्थानीय सरकारें अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए कई नियम और कानून बनाते हैं, लेकिन इनका प्रभावी कार्यान्वयन अक्सर चुनौतीपूर्ण होता है। कुछ क्षेत्रों में, विशेषकर ग्रामीण इलाकों में, शराब की बिक्री पर नियंत्रण करना कठिन हो सकता है। यहां पर स्थानीय तस्कर और पुलिस के बीच की मिलीभगत स्थिति को और जटिल बना देती है। चुनाव के समय अवैध शराब की बिक्री और प्रशासन की भूमिका एक जटिल विषय है। इसमें राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक कई कारक शामिल होते हैं। यह आवश्यक है कि चुनावी प्रक्रिया को सही मायने में निष्पक्ष और स्वतंत्र बनाने के लिए प्रशासनिक तंत्र में सुधार किया जाए और अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जाए।

## बाघमारा विधानसभा के बदले गये 22 बूथ, राजनीतिक दलों की सहमति के बाद लिया गया फैसला

बाघमारा, एजेंसी। धनबाद के बाघमारा विधानसभा के 22 बूथों को बदल दिया गया. विभिन्न राजनीतिक दलों की सहमति के बाद ये फैसला लिया गया है. लोकसभा चुनाव के बाद विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधि मंडल ने इसे लेकर एक बैठक की थी. जिसमें यह प्रस्ताव पारित हुआ था. नयी अधिसूचना के मुताबिक अब बूथ नंबर 11 प्राथमिक विद्यालय भीमकनाली उत्तर भाग को अब आंगनबाडी केंद्र भीमकनाली डैमचलकरो , बूथ न53 में शिफ्ट कर दिया गया. इसके अलावा सामुदायिक भवन बिल्बेड़ा बढ़ई बस्ती का बूथ आंगनबाड़ी केंद्र बिल्बेड़ा 1, बूथ नंबर 55 की जगह गेस्ट हाउस हिदुस्तान जिंक लिमिटेड पूर्व भाग को मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र चीताही बरमसिया, बूथ नंबर 56 में कर दिया गया.

गेस्ट हाउस हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड पूर्वी भाग को उत्क्रमित उच्च विद्यालय टुन्नड्डू , बूथ न58, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिनीडीह उत्तर भाग को आंगनबाड़ी केंद्र ब्राह्मणडीहा, बूथ नंबर 59, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिनीडीह दक्षिण भाग को पंचायत सचिवालय सिनीडीह, बूथ नंबर 96, प्राथमिक विद्यालय केशरगढ़ पूर्व भाग को राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिद्पोकी, बूथ नंबर 100, मधुबन कॉलयरी ऑफिस को पंचायत सचिवालय मधुवन, बूथ नंबर 113, मध्य विद्यालय खरखरी मध्य को पंचायत सचिवालय खरखरी, बूथ नंबर 116, प्राथमिक विद्यालय फुलवारी टॉड पूर्वी भाग को पंचायत सचिवालय फुलवारी टॉड कमरा नंबर 1, बूथ नंबर 117 प्राथमिक विद्यालय फुलवारी टॉड पश्चिमी भाग को पंचायत सचिवालय फुलवारीटॉड कमरा नंबर- 2, बूथ नंबर 119 परियोजना पदाधिकारी कार्यालय फुलवारीटॉड को मध्य विद्यालय नावागढ़ कमरा न 2, बूथ नंबर- 198, उत्क्रमित उच्य विद्यालय जमुआटॉड को नया प्राथमिक विद्यालय खमारगोंडा, बूथ नंबर 247, अंबेडकर विद्यालय जमुआ को मध्य विद्यालय भटमुड़ना कमरा नंबर- 1, बूथ नंबर- 295, देवग्राम पंचायत भवन कमरा- 1 को पंचायत सचिवालय कुमारजोरी, बूथ नंबर- 296, देवग्राम पंचायत भवन, कमरा नंबर 2 को राजकीय प्राथमिक विद्यालय पटराकुल्ही, बूथ नंबर 297, टिस्को क्लब आदर्श नगरी कंचनपुर को उर्दू प्राथमिक विद्यालय रामपुर, बूथ नंबर 305 प्राथमिक विद्यालय बांधडीह को आंगनबाड़ी केंद्र बांधडीह में कर दिया गया.

### विधानसभा चुनाव से पहले पलामू में नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई,

**पलामू, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले पलामू जिले में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इसमें पुलिस को सफलता भी हाथ लगी है। भाकपा माओवादी के खिलाफ हुई इस कार्रवाई में पुलिस के हाथ हथियारों का जखीरा लगा है। इसमें एके-47, एसएलआर, इंसास समेत कई हथियारों के कारतूस शामिल हैं।पलामू जिले के पिपरा थाना की पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के खिलाफ अभियान चलाया था। पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि पिपरा के चेड़ीस्थान जाने वाली सड़क पर मौजूद झरना पहाड़ के पीछे पहाड़ी इलाके में नक्सलियों ने हथियारों का जखीरा जमा कर रखा है।इसी सूचना के आलोक में पलामू जिले की पिपरा पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस को इस अभियान के दौरान 1,000 राउंड गोली और एक थ्री नॉट थ्री का रायफल मिला।

## विधानसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त और एसएसपी ने किया चेकपोस्ट का निरीक्षण

**रांची, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव को लेकर रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन और एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार देर रात मुरी चेकपोस्ट, झारखंड बंगाल बॉर्डर एवं दुलमी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार भी उपस्थित थे। उपायुक्त और एसएसपी चेक पोस्ट में तैनात पुलिस पदाधिकारी को अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला बारूद, शराब, नगदी की धर-पकड़ करने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिया गया।




उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान मौजूद थाना प्रभारी सिल्ली को निर्देश देते हुए कहा की अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला बारूद, शराब, असमाजिक तत्वों इत्यादि पर विशेष नजर रखें ताकि चुनाव में कोई गड़बड़ी ना हो। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन करते हुए निर्वाचन की शुद्धता बनाए रखने तथा चुनाव प्रचार के अत्यधिक व्यय, नगद एवं सामग्री के माध्यम से वोट के लिए प्रलोभन, अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला बारूद, शराब, असमाजिक तत्वों इत्यादि पर निर्वाचन के दौरान रोकथाम एवं व्यय अनुश्रवण पर निगरानी रखने के लिए चेक पोस्ट स्थापित किया गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टकराई बाइक, दादा व पौत्र की मौत, बहू घायल, चल रहा ईलाज

**मिर्जापुर , एजेंसी।** मड़िहान थाना क्षेत्र के वन रेंज आफिस के पास रविवार की सुबह शव लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली में असंतुलित बाइक पीछे से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दादा, पौत्र की मौत हो गयी। साथ में बैठी पुत्रबधू गंभीर रूप से घायल हो गयी।

स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल की इलाज के लिए सीएचसी मड़िहान पहुँचाया गया। मटिहानी गांव निवासी मुख्तार 50 अपने पौत्र बाबू 5 व बहु रुबीना को बाइक से कोतवाली देहात क्षेत्र के शाहपुरबर्जी गांव रिश्तेदार के यहाँ निमंत्रण में जा रहे थे। मड़िहान थाना क्षेत्र के वन रेंज आफिस के पास ट्रैक्टर-ट्राली में टकरा गये। हादसे में दादा व पौत्र की मौत हो गई। घटना के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### रेंजर पर लकड़ी माफिया ने किया हमला, गाड़ी पर पथराव...टायरों में लगा दिए कीले; दर्ज हुआ मुकदमा

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के जैतपुर के कमतरी गांव में रेंजर अमित कुमार की गाड़ी को पथराव कर क्षतिग्रस्त करने एवं टायरों में कीलें लगाने के मामले में पुलिस ने लकड़ी माफिया दिनेश कुशवाह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। 17 अक्तूबर को उसके खिलाफ अवैध कटान का केस दर्ज हुआ था।

आरोप है कि 18 अक्तूबर को उसने फोन पर रेंजर अमित कुमार, डिप्टी रेंजर धर्मेंद्र माथुर को क्षेत्र में आने पर देख लेने की धमकी दी थी। शुक्रवार की रात रेंजर धर्मेंद्र माथुर, यतेंद्र सिंह, अनुज आदि के साथ अवैध कटान की सूचना पर कमतरी पहुंचे थे। पुल से पहले फैक्टरी के पास सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर कांबिंग को टीम गई थी। वापस लौटे तो गाड़ी के शीशे क्षतिग्रस्त मिले। बोनट पर पत्थर पड़े थे। टायर में कीलें घुसी थीं। थानाध्यक्ष जैतपुर ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। डिप्टी रेंजर ने बताया कि 17 अक्तूबर को लकड़ी कटान के केस के बाद धमकी देने के बाद गाड़ी को क्षतिग्रस्त किया गया है। धमकी के वक्त फोन पर दिनेश कुशवाह के साथ अन्य लोगों के धमकाने की आवाज भी आ रही थी। संवाद

### फलों पर थूक लगाकर बेचते युवक पकड़ा, थाने में हंगामा, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ में थाना बन्नादेवी क्षेत्र के बारहद्वारी इलाके में थूक लगाकर फल बेचने के मामले में फल विक्रेता को लेकर स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। वीडियो वायरल होने के बाद फल विक्रेता की यह हरकत सामने आई। मामले को लेकर करणी सेना के पदाधिकारियों ने देर रात थाने में पहुंचकर जमकर हंगामा किया। मामले में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बारहद्वारी इलाके में मोहम्मद दानिश निवासी ईदगाह रोड देहलीगेट का फल विक्रेता ढकेल लगाकर फल बेचता है। 19 अक्टूबर की देर रात कुछ महिलाएं फल खरीदने के लिए पहुंची।

### बेटे ने सिर पर ईंट मारकर की पिता हत्या, आठ बिस्वा जमीन के होता था झगड़ा

**उन्नाव , एजेंसी।** उन्नाव जिले में अजगैन के भांड़ी गांव में आठ बिस्वा जमीन को लेकर बेटे ने ईंट से सिर कूचकर पिता की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद पुलिस को सूचना दी कि बड़े भाई ने पिता को मार डाला है। पुलिस ने जांच की, तो सूचना देने वाला बेटा ही हत्यारोपी निकला। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। मृतक के बड़े बेटे ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भांड़ी गांव निवासी शिवनारायण दीक्षित (92) के पांच बेटों में गोपाल, सुनील, सोनू, दीपू और संदीप है। रविवार की भोर पहर करीब पांच बजे छोटे बेटे संदीप ने पिता से अपने हिस्से की आठ बिस्वा जमीन अपने नाम करने को कहा। पिता ने करने से मना किया और कहा कि हमारे मरने के बाद बच्चों में बराबर-बराबर जमीन मिल जाएगी। इससे आक्रोशित होकर संदीप ने पास पड़े ईंट से पिता के सिर पर कई वार कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया।

# उपचुनाव में मंत्रियों से लेकर पदाधिकारियों तक की जिम्मेदारी तय, सीएम योगी ने दिए निर्देश



**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव की तैयारियों को लेकर सीएम योगी ने शनिवार को अपने आवास पर मंत्रियों के साथ तीन घंटे से भी अधिक समय तक मंथन किया। बैठक में सीएम ने सभी मंत्रियों के साथ ही पदाधिकारियों को भी हर हाल में सभी सीटें जीतने का काम देते हुए प्रभार वाली सीटों की जिम्मेदारी भी तय की है। उन्होंने बूथ स्तर तक चुनाव प्रबंधन को और मजबूत करने के साथ ही चौपालों के माध्यम से जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिए।

सीएम ने मंत्रियों को बूथस्तर तक के संगठन का काम देख रहे पदाधिकारियों से फीडबैक लेकर बेहतर तालमेल के साथ काम करने को कहा। सीएम ने कहा कि अब समय नहीं है, सभी मंत्री अपने-अपने प्रभार वाले सीटों पर ही अधिक समय दें। जनता से सीधे संवाद करें, उनकी समस्याओं को सुनकर उसका निस्तारण कराएं। मंत्रियों व पदाधिकारियों को सीएम ने जिम्मेदारी निभाने में किसी भी स्तर पर कमी न रहने देने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा उपचुनाव जीतना सिर्फ चुनावी सफलता नहीं बल्कि जनता के विश्वास की जीत होगी। बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मौजूद नहीं रहे जबकि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, मंत्री सुरेश खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह समेत सभी मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी व महामंत्री संगठन धर्मपाल मौजूद रहे।

**योगी के नेतृत्व में होगा उपचुनाव : भूपेंद्रः** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि पार्टी की सभी नौ सीटों के लिए चुनावी तैयारी पूरी हो चुकी है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ही यह उपचुनाव होगा और सभी सीटें जीतेंगे भी। उन्होंने कहा भाजपा पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतर चुकी है। मिल्कीपुर सीट पर चुनाव न होने के सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही इस सीट पर चुनाव होगा और चुनाव टलवाने की साजिश करने वालों की धूल चटा देंगे।

**कानून-व्यवस्था पर भी हुई चर्चाः** मुख्यमंत्री ने बैठक में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर भी मंत्रियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने चुनाव की तैयारियों के साथ ही कानून-व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए जिम्मेदारों से लगातार चर्चा करते रहने और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने को भी कहा।

**जातीय नेताओं से रखें लगातार संपर्कः** उन्होंने सीटों पर जातीय समीकरण के लिहाज से भी रणनीति तैयार करने को कहा। सीएम ने कहा कि सीट ही नहीं, बूथ स्तर तक जातीय समीकरण के लिहाज से नेताओं को सक्रिय करें और उस जाति के लोगों से संवाद करें। प्रवासी मतदाताओं की सूची बनाएं, उन्हें बुलाने की व्यवस्था करें। मतदान को प्रभावित करने वाले लोगों और जातियों के नेताओं के साथ संपर्क कर समर्थन जुटाएंगे।

**मंत्रियों ने सौंपी विपक्ष की रणनीति की रिपोर्टः** सीएम ने सभी मंत्रियों और पदाधिकारियों को सीटवार घर-घर दस्तक देने के साथ ही नामांकन के बाद से लेकर मतदान के दिन तक का रोडमैप तैयार कर काम करने को कहा। इस मौके पर मंत्रियों ने खुद की तैयारियों के साथ ही विपक्ष की चुनावी तैयारी और घोषित प्रत्याशियों की स्थिति पर भी रिपोर्ट सीएम को सौंपी। सीएम ने कहा कि नामांकन के बाद सभी मंत्री विधानसभा क्षेत्र में प्रवास करेंगे।

## बृजभूषण सिंह का दिखा अलग अंदाज, मंच से सुनाई शायरी, मैं झुक जाता तो मसला खत्म हो जाता



**प्रयागराज, एजेंसी।** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह संगम नगरी में अलग ही अंदाज में दिखे. भोजपुरी को प्रोत्साहित करने के लिए शनिवार को अयोजित चतुर्थ माई महोत्सव में उन्होंने मंच पर न सिर्फ गाना गाया बल्कि शायरी भी की। कहा मैं झुक जाता तो मसला खत्म हो जाता, पर मेरे किरदार का कत्ल हो जाता। कार्यक्रम में मौजूद लोगों की डिमांड पर पूर्व सांसद ने गीत भी सुनाया।

कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि अवधी और भोजपुरी में कोई फर्क नहीं है। अवधी की जींस भोजपुरी से ही है। आगामी नौ सीटों के लिए होने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर कहा कि जनता का क्या रुख है यह मीडिया अच्छी तरह जानती है। बहराइच हिंसा को घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए। लोकसभा चुनाव में टिकट ना मिलने सवाल पर कहा कि होइहैं वही जो राम रचि राखा। उन्होंने कहा कि मैं छह बार सांसद रह चुका हूं। अब राजनीति में ज्यादा पाने की इच्छा भी नहीं बची है।

इसके साथ ही सीएम योगी के राज में यूपी की काम काज के सवाल पर उन्होंने कहा नो कमेंट, जबकि पीएम मोदी के काम को अच्छा बताया। बृजभूषण ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष का पद छिनने के बाद खेलों में सक्रियता को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। जो लोग भी धरने पर बैठे थे, वो अपने छोटे स्वार्थ को लेकर धरने पर बैठे थे। इस धरने से देश के खेल और खिलाड़ियों का हो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई की कोशिश की जा रही है। 2025 में प्रयागराज की धरती पर महाकुंभ लगने जा रहा है और सरकार इसके लिए बेहतर इंतजाम हो रहा है।

## तीन साल से नहीं आई वृद्धावस्था पेंशन, कार्यालय की दौड़ लगाते एड़ियां घिसीं

**हसनगंज , एजेंसी।** संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में शनिवार को डीएम के पास कई ऐसे शिकायतें पहुंचीं जिनका पूर्व में प्रार्थनापत्र देने के बाद भी समाधान नहीं हुआ। दो बुजुर्ग महिलाओं ने तीन साल से वृद्धावस्था पेंशन न मिलने पर गुहार लगाई। एक महिला ने दो बार प्रार्थनापत्र देने के बाद भी प्लॉट पर कब्जा न मिलने की शिकायत की।

सलेमपुर निवासी वृद्धा रामश्री व टिकाना ने डीएम को दिए गए प्रार्थनापत्र में बताया कि तीन साल से वृद्धावस्था पेंशन नहीं आई है। कई बार कागज और प्रार्थनापत्र दिया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। कार्यालय की दौड़ लगाते एड़ियां घिस गई हैं। डीएम गौरांग राठी ने बीडीओ से रिपोर्ट तलब की। कादिलपुर निवासी इशरत जहां ने प्रार्थनापत्र देकर बताया कि गांव के ही तीन लोगों ने दो बिस्वा के प्लॉट पर कब्जा कर लिया है। कब्जा छोड़ने के लिए दो लाख रुपये मांग रहे हैं। आरोप लगाया कि दो बार प्रार्थनापत्र दिया लेकिन फर्जी निस्तारण कर दिया गया।

बरातीखेड़ा निवासी मुन्नीलाल ने बताया कि पिता की मौत के बाद जमीन की वरासत के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था लेकिन लेखपाल रिपोर्ट नहीं लगा रहे हैं। मुरव्वतपुर के महिपाल ने बताया कि अंत्योदय कार्ड है। कोटेदार अंगूठा लगाकर राशन की बोरी देकर फोटो खींचने के बाद वापस ले लेता है। रफीगढ़ी की प्रिया सिंह ने बताया कि गांव के ही तीन लोगों ने उनकी चार बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया है। डीएम ने टीम गठित कर जांच के आदेश दिए।

रसूलपुर बकिया के प्रधान इंद्रेश रावत व अन्य ग्रामीणों ने प्रार्थनापत्र देकर बताया कि लोक निर्माण विभाग की सड़क पर गंदा पानी भरा है। जलनिकासी की व्यवस्था नहीं है। निकलना मुश्किल हो गया है। डीएम ने कुल 275 प्रार्थनापत्रों में से 111 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने 17 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया।

दो घंटे देर से पहुंचे डीएम को शिकायत बताने के लिए फरियादियों की भीड़ रही। दो बजे के बाद डीएम चले गए। सभी फरियादियों के प्रार्थनापत्र लेकर संबंधित विभागों को 15 दिन में निस्तारण के निर्देश दिए। साथ पुनः प्राप्त शिकायती पत्रों पर मौके पर ही रिपोर्ट तलब की, लेकिन घंटों रिपोर्ट न आने पर डीएम ने एसडीएम रामदेव निषाद से नाराजगी जताई। एसपी दीपक भूकर, कार्यवाहक तहसीलदार आशुतोष पांडेय व सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मंडी में हो रहा नकद भुगतान, फिर क्रय केंद्रों पर धान बेचने क्यों जाएं किसान, वहां पसरा सन्नाटा

**अलीगढ़ , एजेंसी।** सरकारी क्रय केंद्रों की अपेक्षा अधिक कीमत और नकदी भुगतान की वजह से किसान मंडियों में धान बेच रहे हैं। यहीं वजह है कि एक तरफ सरकारी क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है तो वहीं, मंडी में किसानों की भीड़ उमड़ रही है।



अलीगढ़ जिले में इस बार धान की बंपर फसल हुई है। त्योहार से पहले किसान धान बेचने में जुटे हुए हैं। ऐसे में मंडी में अधिक कीमत मिलने और हाथों-हाथ भुगतान होने की वजह से किसान क्रय केंद्रों के बजाय सीधे मंडियों में धान बेच रहे हैं। सरकारी क्रय केंद्रों पर जहां मोटे धान का समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल है तो वहीं, मंडी में इसी धान की कीमत 2500 रुपये तक मिल रही है।

सरकारी क्रय केंद्रों पर ग्रेड ए धान की कीमत 2320 रुपये है। किसानों को इसी धान की कीमत मंडी में 3200 रुपये तक मिल रही है। यहीं वजह है कि जहां मंडियों में अब तक 12 लाख क्विंटल धान की बिक्री हो चुकी है तो वहीं, सरकारी क्रय केंद्रों पर सिर्फ 40 क्विंटल धान की खरीद ही हुई है।

मंडी में भीड़ का आलम यह है कि यहां धान रखने के लिए जगह नहीं मिल पा रही। किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। मंडी में जनपद के किसानों के अलावा हाथरस, एटा, आगरा, कासगंज, मैनपुरी, फिरोजाबाद तक के किसान धान लेकर आ रहे हैं। जिले में धनीपुर के अलावा खैर, गभाना, अतरौली, हरदुआगंज, छर्रा, इगलास की मंडियों में धान की बंपर खरीद हो रही है।

## थाने में पुलिस ने भाजपाइयों को पीटा, देर रात तक हंगामा, बाजार बंद की दी चेतावनी



**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ के मवाना में गुड़ मंडी स्थित मंदिर को लेकर विवाद में दो पक्ष देर शाम थाने में आपस में भिड़ गए। आरोप है कि पुलिस ने भाजपा जिला सह संयोजक सौरभ शर्मा व उनके साथियों को थाने में पीटा। जानकारी होते ही भाजपा कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और हंगामा किया।

भाजपाई आरोपियों और पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में धरना देकर बैठ गए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दूसरे पक्ष व आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो रविवार को बाजार बंद किया जाएगा।

बताया गया है कि संपूर्ण समाधान दिवस में व्यापार संगठन अध्यक्ष विनोद गुप्ता ने भाजपा नेता व एक महिला सहित छह लोगों पर गुड़ मंडी में ठेली तथा पटरी वालों से तह बाजारी वसूलने का आरोप लगाते हुए शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। वहीं दूसरे पक्ष से श्री रामलीला व शिव मंदिर कमेटी की ओर से सौरभ शर्मा आदि ने दो लोगों पर मंदिर का सामान चोरी छिपे ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी।

भाजपा जिला सह संयोजक सौरभ शर्मा ने बताया कि शाम के समय एक महिला मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए गई थी। जहां पर दूसरे पक्ष ने महिला पर टिप्पणी की। इसके बाद दोनों पक्ष के लोग थाने पहुंच गए। यहां दोनों पक्षों में विवाद और नोकझोंक हो गई।

भाजपा जिला सह संयोजक सौरभ शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष मनीष शर्मा, रोबिन गुप्ता, अमित गुप्ता, आशु त्यागी से पुलिस ने मारपीट की। पुलिस ने उन्हें अपराधी की तरह घसीटकर अंदर ले जाकर बैठा दिया। इसके बाद अन्य भाजपाई थाने में पहुंच गए और नारेबाजी कर कार्रवाई की मांग करने लगे।

भाजपाइयों का कहना है कि वे पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। इसके बाद भी पुलिस दूसरे पक्ष का साथ दे रही है। सपा के लोग अंदर चाय पी रहे हैं, भाजपाइयों को थाने में पीटा जा रहा है।

## सिखों ने मनाया गुरू रामदास जी महाराज का प्रकाश पर्व, शबद कीर्तन से संगत को किया निहाल/लंगर भी छका

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में सिखों के चौथे गुरू रामदास जी महाराज का प्रकाश पर्व शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। उत्तर प्रदेश सिख फाउंडेशन ने मोतीझील में इसे गुरमत समागम के रूप में मनाया। इसमें दिल्ली से आए जगजीत सिंह बबीहा ने गुरू रामदास रखना गरीब की लाज करना ना मोहताज...शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। कानपुर से 32 स्त्री सत्संग जत्था के ओर से रेहरास साहिब का पाठ किया गया।



इसके बाद भक्तों ने गुरु का अटूट लंगर भी छका, जो देर रात तक चलता रहा। मोतीझील मैदान में सबसे पहले पंज प्यारों की अगुवाई में गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश किया गया। फिर लखनऊ से आए हुए गगनदीप सिंह ने धन-धन रामदास गुरु जिन सीरिया तिन्हें सवारिया, पूरी होई करामात आप सिर जन हारे धारेया... से संगत को निहाल किया।

वहीं, कवलजीत सिंह चंबे वाले ने रामदास सर हाथ धरंयो शब्द गायन करके संगत को निहाल किया। चंडीगढ़ से आए हुए ज्ञानी नरेंद्र सिंह ने गुरु रामदास के जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं, लुधियाना पंजाब से आए हुए गुरु गोविंद सिंह स्टडी सर्किल के कन्वीनर सरदार विजेंद्र पाल सिंह ने गुरु रामदासजी के इतिहास का वर्णन कर लोगों को भाव विभोर कर दिया।

बच्चों व महिलाओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान मीरी पीरी बाल सखा के बच्चों को गुरमत कॉम्पीटिशन के तहत पुरस्कृत किया गया। इसमें सौ में से सौ अंक हासिल करने वाले ग्रुप ए प्लस में जसनूर सिंह, गगनजोर कौर, ग्रुप-ए में बलजीत कौर, ग्रुप-बी में जपनजोत सिंह, जपनीत कौर, सवलीन कौर, हरलीन कौर को लखनऊ से आए कुलदीप सिंह ने प्रथम पुरस्कार दिया। वहीं, 200 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। 108 महिला जत्था को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया।

### मेडिकल कैंप का भी हुआ आयोजन

इस दौरान पवन गंगा सेवा संस्थान की ओर से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने रक्तदान, शुगर की जांच, आंखों के डॉक्टरों ने आंखों की जांच, फिजियोथैरेपिस्ट के माध्यम से संगत का उपचार किया गया। संगत ने अपने दांतों की भी जांच करवाई। दशमेश शस्त्र दल ने लंगर में एंट्री की सेवा, गुरसेवक जत्था ने लंगर बनाने व वितरित करने की सेवा, यंग मेन सिख एसोसिएशन ने जोड़ा घर की सेवा, सिंह सोल्जर ने लंगर वितरित करने की सेवा की।



# पशुपालन के बिना संभव नहीं टिकाऊ खेती

**कृषि कार्य से धन अर्जन प्राचीन समय से किया जा रहा है प्राचीन सभ्यताएं स्वावलम्बी कृषि पर ही निर्भर रहीं। जब भी कृषि में स्वावलंबन समाप्त हुआ सभ्यताएं गिर गई। स्वावलम्बी कृषक बाहर के आदानों का मूल्य नहीं चुकाता है, वह उन्हें स्वयं उत्पादित करता है। स्वावलम्बन का अर्थ है पर्याप्त उत्पादन करना, पैसा कमाना तथा विपत्ति के दिनों के लिये बचाकर रखना है।**

भारत के किसान अपने परम्परागत ज्ञान को परिमार्जित करते हुए कृषि कार्य द्वारा मिट्टी से सोना बनाने का कार्य करता रहे, परन्तु आज पाश्चात्य् कृषि शिक्षा का प्रभाव, हरित क्रांति की चकाचौंध, कृषि के मशीनीकरण, रसायनिक खाद एवं कीटनाशकों के तात्कालिक लाभों को देखकर भारतीय किसान कृषि के स्वावलम्बन से दूर होकर रसायनिक खेती अपनाने लगा। किसान अधिक उपज लेने के लिये आवश्यकता से अधिक उर्वरक एवं रसायनिक दवाओं का प्रयोग करने लगा जिससे उत्पादन में बढ़ोत्तरी अवश्य होती है परन्तु साथ ही साथ प्रति हेक्टेयर खर्चा भी बढता जा रहा है। इससे न केवल किसानों की आय में कमी देखी जा रही है बल्कि पर्यावरण पर भी विपरीत असर होता दिखाई दे रहा है। पिछले चार दशकों में कृषि रसायनों (खाद, कीटनाशक, नींदानाशक, और बढ़वार कारकों) और पानी के अविवेकीय अन्धाधुन्ध उपयोग ने मृदा उर्वरता, कृषि उत्पादकता के कारकों, उत्पाद गुणवत्ता एवं पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव डाला है। रसायनिक खेती या गहन कृषि पद्धति की ओर प्रेरित किया है क्योंकि विश्व की जनसंख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है और खाद्यान्न की आवश्यकता में भी वृद्धि होती जा रही है।

इस प्रकार से टिकाऊ खेती में वह सभी बातें समाहित हैं जिससे वातावरण सुधरे, आर्थिक लाभ हो एवं समाज में समानता आए। यहां पशुपालन की टिकाऊ खेती में बराबर की हिस्सेदारी है क्योंकि पशुओं की कृषि में आर्थिकउपयोगिता है, व साथ ही ये चराहाग एवं फसलों के अवशेषों आदि को मनुष्य को खाने योग्य बनाने में मदद करते हैं। टिकाऊ खेती का सबसे उत्तम उपाय है जैविक खेती। जैविक खेती से तात्पर्य है कि खेती में रसायनिक खाद, कीटनाशक व जैविक वृद्धिकारकों का उपयोग करके उत्पादन लिया जाय। जैविक खाद बनाने के लिये पशुओं की आवश्यकता पड़ेगी। क्योंकि पशुओं से ही गोबर, मलमूत्र इत्यादि प्राप्त होंगे।

इसके अतिरिक्त मुर्गी खाद भी भूमि की उर्वराशक्ति को बढ़ाने में काफी मदद करती है, क्योंकि मुर्गी खाद में लगभग 20 प्रतिशत प्रोटीन पाई जाती है। जिससे इस खाद में नाइट्रोजन की मात्रा अधिकतम लगभग 3 प्रतिशत व फास्फोरस एवं पोटाश क्रमशः 2-2 प्रतिशत होती है। वहीं सुअर के मल में नत्रजन, फास्फोरस एवं पोटाश क्रमशः 0.7, 0.6 एवं 0.7 प्रतिशत पाए जाते हैं।

इसके अतिरिक्त जैविक खेती में विभिन्न खादों जैसे गोबर व फसल अवशेष के मिश्रण से खाद (नाडेप या कम्पोष्ट खाद), गोबर गैस संयंत्र से उपलब्ध खाद एवं वर्मी कम्पोस्ट आदि का उपयोग होता है। वर्मी कम्पोस्ट केंचुए की मदद से बनने वाला खाद है। एक क्विंटल ताजा वर्मी कम्पोस्ट से भूमि को 800 ग्राम पोटेशियम प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त इसमें सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे कि जस्ता 0.16: तांबा 0.09 और लोहा 1.38 अनुपात होते हैं। इसमें कुछ पादप हार्मोन्स और एन्टीबायोटिक्स भी होते हैं जो कि फसल की अच्छी पैदावार एवं पौध संरक्षण को बढ़ावा देते हैं। वर्मी कम्पोस्ट की अम्लीयता क्षारीयता 6.8 से 7.2 के बीच होती है। इसमें मृदा का तापमान संतुलित रहता है व मिट्टी में पानी सोखने की प्रवृति बढती हैं। इसके अतिरिक्त मुख्य उपयोग पशु का ये है कि वह जमीन जो कि अत्यंत अनउपजाऊ एवं बंजर होती है उसको भी उपजाऊ बनाने में मदद करते हैं।

उपरोक्त के अलावा टिकाऊ खेती में प्राकृतिक संसाधनों का भी प्रभावी ढंग से उपयोग करना है। इसके लिये हम पशु ऊर्जा का उपयोग मशीनी ऊर्जा के स्थान पर कर सकते हैं। पशु ऊर्जा का उपयोग क्यों करना चाहिए यह निम्न बातों से स्पष्ट होता है-

- पशुओं का उपयोग किसान की कार्यक्षमता को बढ़ाता है। यह फसलों के विविधीकरण कृषि क्षेत्र को बढाने एवं समय पर कृषि कार्यों को सम्पन्न करने में सहायक है।
- मशीनों पर आधारित उत्पादन तन्त्र कुछ ही फसलों तक सीमित रह जाता है और इस तरह विविधता को तहस-नहस कर देता है।
- पशु चलित यन्त्र सस्ते, सुलभ और गांवों में भी बनाये जा सकते हैं।
- पशु ऊर्जा का उपयोग मंहगे और अनवीनीकरण ईंधन पर होने वाले खर्च को बचाना है। पशु खेतों से ही आने वाले फसलों के अवशेष को खाकर उसे उपयोगी चीजों जैसे- दुग्ध, बायोगैस, खाद इत्यादि में बदल देते हैं, और ये भोजन के लिये मानव के प्रतियोगी भी नहीं है।
- ऊर्जा पशुओं का उपयोग पशुओं को फसलोत्पादन से जोड़ने में किसानों की मदद करता है। इस तरह पशुओं की शक्ति का फसलोत्पादन निरन्तर बनाये रखने के लिये दोहन होता रहता है।
- एक बार ट्रैक्टर या पावर टिलर की जीवन अवधि जो कि प्रायः बहुत छोटी होती है, समाप्त हो जाती है तो उसका कोई प्रयोगात्मक उपयोग नहीं रह जाता है। पशु उस पर किये गये खर्च को कई तरह से लौटाता है। वह जीवनभर व मृत्यु उपरान्त भी पशु पालकों को अनेक उपयोगी चीजें देता है। मशीनों के साथ किसानों के कर्ज में फंसने का डर बना रहता है। यदि बढ़ी ऋण सहायता से मशीनीकरण पूर्ण हो भी जाये तो अधिकतर कृषक आबादी अपनी भूमि छोड़ने के लिये बाध्य हो जायेगी। क्योंकि मशीनों की सहायता से बड़े से बड़ा क्षेत्र कुछ ही हाथों द्वारा तैयार किया जा सकता है। इस प्रकार से स्पष्ट है कि टिकाऊ खेती में पशुओं का बहुत बढ़ा योगदान है जिसकों अनदेखा नहीं किया जा सकता है।



## रसायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग से कृषि योग्य भूमि में निम्ननिखित परिणाम देखने को मिले हैं

- भूमि की सतह का सख्त होना।
- लाभप्रद जीवाणुओं की संख्या में कमी।
- भूमि की जलधारण क्षमता में कमी।
- मृदा की क्षारीयता, लवणता तथा जलागम में वृद्धि।
- भूमि में जीवाश्म की मात्रा में कमी।
- फसलों में कीट, व्याधियों व खरपतवारों की समस्या में वृद्धि ।
- भूमि की उत्पादकता में निरन्तर कमी।

उपरोक्त कारणों की वजह से आज कृषक को खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। आज हमारे विश्व की जनसंख्या लगभग 6 अरब है व सन् 2050 तक इसका 9 अरब होने का अनुमान है। लेकिन हमारी कृषि उत्पादकता बढ़ने की बजाय स्थिर हो गई है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए कृषि वैज्ञानिक आधारित या टिकाऊ खेती करने पर जोर दे रहे हैं।

टिकाऊ खेती से तात्पर्य फसल एवं पशुपालन उत्पादन के एकीकरण तंत्र से है। जो लम्बे समय तक निम्न बातें पूर्ण कर सके।

- मनुष्य के भोजन की पूर्ति कर सके।
- वातावरण की गुणवत्ता एवं प्राकृतिक संसाधनों को बचायें।
- उन सभी संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग हो जिनका पुर्नउत्पादन नहीं हो सकता है।
- भूमि की आर्थिक उपयोगिता को बनाये रखें।
- कृषक व समाज के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाएं।

# आलू में रोग अनेक उपाय एक



## पत्तियों व तने में आने वाले रोग

### विषाणु रोग

हरी पत्तियों पर हल्के हरे अथवा हल्के पीले धब्बे या फफोले से होना (कबरापन या मोजाइक) पत्तियां छोटी, भंगूर, किनारे लहरदार, मुड़े से (लीफरोल) अथवा पौधों की ऊपरी भाग की पत्तियों का गुच्छा सा बन जाना, उसमें मोजाइक दिखाई देना है।

### नियंत्रण

बीज किसी प्रमाणित संस्था अथवा उन्नत आलू बीज कृषक से ही खरीदना चाहिए। अगर बीज बनाने के लिये फसल लगाई है तो 25-30 रोज बाद रोगग्रसित पौधों को निष्कासित (रोगिंग) करना चाहिए। तथा मिट्टी चढ़ाते समय दी जाने वाली नाइट्रोजन खाद के साथ ही फोरेट 10-जी नामक सिस्टेमिक, दानेदार कीटनाशक 10 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से डालें। जनवरी के प्रथम सप्ताह में इमीडाक्लोप्रिड जो बाजार में कई नामों से मिलती है का 2 मिलीलीटर प्रति 10 लीटर पानी में घोल बनाकर फसल पर छिड़काव करें। अगर आलू की फसल खाने के लिए लगाई गई है तो कोई भी कीटनाशक का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

## पिछेती झुलसा यानि लेट ब्लाइट

सबसे खतरनाक बीमारी है जिसमें खड़ी फसल 48 घंटों में पूरी तरह झुलस जाती है।



यह फाइटोप्थोरा इनफेसटेन्स नामक फफूंद से फैलती है। दूसरे सप्ताह के बाद अगर 3-4 रोज लगातार हल्की बारिश हो जाये, बादल छाये रहें, तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहे तो बनता है। सुबह के समय देखने पर पत्तों पर पानी से भीगे से गले से धब्बे दिखाई देते हैं जिनकी निचली सतह पर सफेद रंग की फफूंदी के धागे से नजर आते हैं। धूप निकलने पर ये भूरे रंग के झुलसे हुए धब्बों में बदल जाते हैं। तने पर भी छोटे-छोटे हल्के भूरे रंग के निशान दिखाई देते हैं जिन्हें खरोचने पर अंदर भूरे कार्क जैसा दिखाई देता है। पिछेती झुलसा ग्रसित आलू न तो खाने योग्य होते है और न ही बीज के लिये शीत गृह में रखने योग्य। शीत गृह में ये सड़ते नहीं है तथा अगली फसल में बीमारी फैलाने का काम करते हैं। नियंत्रण- प्रतिरोधी क्षमता वाली किस्में लगानी चाहिए जैसे कुफरी चिप्सोना-1, कुफरी चिप्सोना-2, कुफरी चिप्सोना-3, कुफरी चिप्सोना-4, कु. फ्राईसोना, कु. बादशाह, कु. पुष्कर, कु. आनंद, कु. कंचन आदि इनके अलावा कु. ज्योति व कु. पुखराज में भी कुछ हद तक प्रतिरोधी क्षमता है। इसके अलावा दिसम्बर के दूसरे सप्ताह में एक छिड़काव मेन्कोजेब दवा जो कि बाजार में कई नामों से मिलती है का दे देना चाहिए। इस दवा की 2 किलोग्राम मात्रा को 800 से 1000 लीटर पानी में घोलकर इस तरह छिड़काव करें कि दवा का घोल पत्तों से टपकने लगे तथा पत्तों की निचली सतह पर दवा पहुंच जाये। हल्की बारिश हो तो कोई भी स्टीकर मिला दें। पिछेती झुलसा रोग आ चुका है तो तुरंत सिस्टेमिक फफूंदीनाशक मेटालोक्सिल फॉर्मूलेशन या कर्जेट फॉर्मूलेशन का 2.0 से 2.5 किलोग्राम दवा 1000 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़कें।



## पत्तों पर अगेती झुलसा

भूरे काले गोल धब्बे जिनमें चक्कर से बने हों दिखाई देते हैं यह भी एक फफूंदी से होती है जिसका नाम आल्टरनेरिया सोलेनाई है। चूंकि इस क्षेत्र में यह देरी से आती है तथा प्रकोप भी कम रहता है। अतः अलग से कोई दवा छिड़कने की आवश्यकता नहीं है, पिछेती झुलसा रोग के लिए जिस दवा का छिड़काव दिया गया है उसी से इसकी भी रोकथाम हो जाती है। दिसम्बर माह में ही पौधों की निचली पत्तियों पर बहुत अधिक संख्या में छोटे-छोटे काले धब्बे दिखाई देते हैं, जिनकी निचली सतह धसी सी व चमकदार होती है। ये वातावरण में ओजोन की मात्रा बढ़ने से होती है। यूरिया का 2 प्रतिशत घोल बनाकर पत्तों पर छिड़काव करने से इस बीमारी को रोका जा सकता है। कु. ज्योति व कु. लवकर किस्मों में यह बीमारी बहुत अधिक आती है।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


# विचार-मंथन

## संपादकीय

### हवाई जहाज की यात्रा भी अब सुरक्षित नहीं, यात्री खौफ में

हवाई यात्रा को बेहद सुरक्षित और सुगम्य साधन माना जाता है। रेलगाड़ियों में भीड़भाड़ और अधिक समय लगने से यात्रियों का एक बड़ा वर्ग हवाई यात्रा को प्राथमिकता देता है। मगर यहां भी लेटलतीफी, उड़ानों के रद्द होने और विमानों में बम रखे जाने के फर्जी संदेशों तथा धमकियों ने उन्हें मुश्किल में डाल दिया है। बीते दिनों दिल्ली से शिकागो जा रहे एअर इंडिया के विमान सहित सात उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी से विमानन कंपनियों में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में यात्री सांसत में पड़ गए। उन्हें काफी दिक्कत हुई और वे गंतव्य तक काफी देर से पहुंचे।एअर इंडिया के विमान को कनाडा में आपात स्थिति में उतारना पड़ा, जबकि अन्य विमानों को अलग-अलग हवाई अड्डों पर उतार कर उनकी सघन जांच की गई। इसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। सुरक्षा अधिकारी सोशल मीडिया मंच के माध्यम से दी गई धमकी की जांच कर ही रहे थे कि बुधवार को दिल्ली से बंगलुरु जा रहे विमान में बम रखे होने की फिर धमकी मिली। बीते तीन दिनों में ऐसे कई फर्जी संदेश मिले। ऐसे मामलों से आरोपियों का तुरंत न पकड़ा जाना चिंता की बात है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एक कारगर तंत्र की जरूरत है। यह एक बड़ा सवाल है कि सोशल मीडिया मंच से या ई-मेल भेज कर कोई इस तरह खुलेआम धमकी कैसे दे सकता है। यह हाल तब है जबकि ऐसे फर्जी संदेशों को पकड़ने की आधुनिक तकनीक हमारे पास उपलब्ध है। फिर भी सुरक्षा एजंसियां झूठी धमकियां देने वालों का पता नहीं लगा पातीं। आरोपी कहीं भी बैठ कर अपनी हरकत दोहराते रहते हैं। ऐसी घटनाओं से जहां एक ओर सुरक्षित यात्रा के प्रति भरोसा टूटता है, वहीं यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है। नागरिक उड्डयन सचिव ने कहा है कि आरोपियों की पहचान की जा रही है। मगर सवाल यही है कि इसमें इतना वक्त लगता ही क्यों है। हाल की घटनाएं विमानन कंपनियों के लिए चुनौती हैं, एक सबक भी। फर्जी संदेशों का खौफ खत्म करने के लिए कारगर तकनीकी तंत्र विकसित करना जरूरी है।

### महंगाई की मार, खुदरा दर में हुई बढ़ोत्तरी

पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बहुत बदहाल है, उसी का लाभ उठा कर चीन उसे अपने पाले में खींचने में सफल हो गया। वह उसे वित्तीय सहयोग दे रहा है, मगर इतने भर से वहां विकास की बयार बह जाएगी, यह मानना सिर्फ खामखयाली ही होगी। चीन का मकसद सड़क, समुद्री और हवाई मार्गों के जरिए भारत को घेरना है। पाकिस्तान उसकी इस रणनीति में एक मोहरा मात्र है। अपना मकसद पूरा होने के बाद चीन कब उसका हाथ झटक कर अलग हो जाएगा, इसका पाकिस्तान को तनिक भी इल्म नहीं। पाकिस्तान शुरू से भारत विरोध की चादर फैला कर अपनी बदहाली को ढकने का प्रयास करता रहा है। इस तरह काफी हद तक वह अपने अवाम का असल मसलों से ध्यान भटकाए रखने में कामयाब भी हुआ है। मगर वहां के लोग अब इस हकीकत को जान चुके हैं। चीन के साथ गलबहियां करके उसे लगता है कि भारत पर दबाव बनाए रखने में कामयाब होगा, मगर असलियत यह है कि वह खुद चीन के चंगुल में बुरी तरह कसता जा रहा है। भारत के पड़ोसी देशों ने चीन की इस चाल को समझते हुए फिर से भारत के साथ नजदीकी बढ़ाने का प्रयास शुरू कर दिया है, मगर पाकिस्तान अलग-थलग पड़ता जा रहा है। जब तक वह आतंकवाद और चीन के चंगुल से मुक्त नहीं होता उसकी तरक्की के रास्ते बंद ही रहेंगे।

## बदलाव की ओर कदम बढ़ाता बस्तर

(विभूति नारायण राय, पूर्व आईपीएस अधिकारी)

बस्तर में बाजार पहुंच गया है। बाजार तो पहुंचता ही पर माओवादियों ने इस प्रक्रिया को थोड़ा विलंबित कर दिया था। अब जब सशस्त्र संघर्ष के जरिये राज्य मशीनरी पर कब्जा करने का सपना अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है, इस आंदोलन के धुर विरोधी भी मानते हैं कि यदि आदिवासियों ने हथियार न उठाए होते, तो इस बात की पूरी आशंका थी कि राज्य ने उन्हें हाड़-मांस का पुतला न समझकर सिर्फ संग्रहालयों में सजाकर रखने वाली चीज समझा होता। सुदूर जंगलों और पर्वतों पर फैले इनके गांवों को सड़कों, बिजली, स्कूलों या अस्पतालों की भी जरूरत हो सकती है, यह समझने में भारतीय राज्य को काफी समय लगा। पिछले एक हफ्ते से मैं पुराने बस्तर जिले में घूम रहा हूं। पिछले कुछ समय में यह सात जिलों में बंट चुका है। मुझे याद आता है, अपने छात्र जीवन का बस्तर, जो सैकड़ों मील दूर रहने वाले मुझ जैसों के लिए हकीकत से अधिक फसाना होता था। किसी शहरी के लिए आदिवासी एक खास तरह की रोमांटिक और सपनीली दुनिया के अंग होते थे। उन दिनों की लोकप्रिय पत्रिकाओं धर्मयुग और साप्ताहिक हिन्दुस्तान में हम नृत्य करते और चावल की शराब पीकर झूमते आदिवासियों को किसी दूसरे लोक का प्राणी समझते। विवाह पूर्व रिश्तों से जुड़ी उनकी संस्था 'घोटुल' हमें किसी कल्पना-लोक की चीज लगती थी। ऐसा लगता कि रात भर नाचते-गाते, ढोल-नगाड़ा बजाते और जंगलों में प्रकृति के सान्निध्य में खिलखिलाते वनवासियों के जीवन में कोई दुख नहीं है। यह तो अपने एक सहपाठी से पहली बार पता चला कि पत्रिकाओं के रंगीन पृष्ठों पर पसरी हंसती खिलखिलाती तस्वीरों वाले आदिवासियों के पीछे खड़े पहाड़ दुखों के हैं। जिन जंगलों में वे रहते हैं, उन पर कब्जा हत्यारों और बलात्कारियों का है। मेरे उस सहपाठी के पर-बाबा पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसी गांव से रोजी-रोटी की तलाश में निकलकर आज के बीजापुर जिले के जंगलों में छिपे किसी दुर्गम पहाड़ी गांव में बिला गए। वर्षों बाद जब

> *सशस्त्र आंदोलन के चलते पुलिस, जंगलात और राजस्व कर्मियों की ज्यादतियों पर कुछ अंकुश लगा। तेंदू पत्ते का संग्रहण करने वाले ठेकेदारों को उनकी मजदूरी बढ़ानी पड़ी। यह सब हुआ, पर बड़ी कीमत चुकाने के बाद। माओवादियों और सुरक्षाकर्मियों, दोनों ने सैकड़ों जानें लीं। मैं लगातार इस इलाके में घूम रहा हूं और दिलचस्पी से उन परिवर्तनों को पकड़ने की कोशिश कर रहा हूं।*

वह एक सुबह अपने गांव में प्रकट हुए, तो उनकी गठरी-मोठरी में ग्रामीणों को चकित कर सकने वाली संपदा थी, जो उन दिनों के चलन के मुताबिक अलग-अलग अंगों पर चढ़े वस्त्रों में सावधानी से सिली हुई थी। इनके अलावा उनके पास कहानियों के खजाने थे, जो अलग-अलग वय के लोगों के लिए अलग रंगों की दुनिया लिए हुए थीं। मसलन, बच्चों को यह रहस्य बड़ा मनोरंजक लगता कि आदिवासी इतने 'भोले' थे कि एक मुट्ठी नमक के बदले वे उनसे लढ़ी (बैलगाड़ी) भर चिरौंजी, इमली, शहद, लाख या तेंदू पत्ते ले लेते थे। कस्बों में मंडियां थीं, जहां तक वे माल पहुंचाते और फिर वहां से आढ़तिए उसे विशाखापत्तन या रायपुर ले जाते। बच्चों को दूर हटाकर वे अपने हमउम्रों को आंखें मटका-मटकाकर उन औरतों के बारे में बताते थे, जो पुलिस, जंगलात या राजस्व कर्मचारियों के साथ जबरिया या चुटकी भर नमक के बदले सोने के लिए अभिशप्त थीं। सहपाठी की बातें सुनकर पता चला कि तस्वीरों में मुस्कराते चेहरों के पीछे दुखों के पहाड़ थे। इस दुख से निजात की पहली कोशिश एक राजा ने की। उड़ीसा (अब ओडिशा) के किसी राज परिवार के वंशज को जगदलपुर का राजपाट मिला। उसी श्रृंखला के अंतिम राजा प्रवीर चंद्र भंजदेव ने, जिन्हें आदिवासी देवता मानकर पूजते थे, उन्हें संगठित करने की कोशिश की, पर वे भारतीय राज्य की संप्रभुता को चुनौती देते हुए 1966 की एक पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। आदिवासियों को उनके दुखों से मुक्ति दिलाने के सबसे गंभीर और निर्णायक प्रयास उस सशस्त्र आंदोलन के जरिये हुए, जो पश्चिम बंगाल में 1970 के दशक में नक्सलबाड़ी नामक एक छोटे से कस्बे से शुरू हुआ था। बंगाल में तो यह आंदोलन दो दशकों में खत्म हो गया, पर आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पुराने मध्य प्रदेश और मौजूदा छत्तीसगढ़ के संधिस्थल पर अब भी हिचकियां ले रहा है। शुरुआती दौर में नक्सल नाम से चर्चित इस आंदोलन को बंगाल के बाहर माओवाद कहा गया। छत्तीसगढ़ का पूरा बस्तर प्रखंड इस आग में झुलसा और चार दशक लग गए माओवादियों को यह समझने में कि अब राज्य इतनी मजबूत संस्था में तब्दील हो गया है कि किसी एक कोने में सशस्त्र संघर्ष से उसे उखाड़ना तो दूर, हिलाया भी नहीं जा सकता। आज जब मैं वर्षों के अंतराल पर बस्तर के गांवों-कस्बों में घूम रहा हूं, तो स्पष्ट दिख रहा है कांकेर, कोंडागांव, जगदलपुर जैसे इलाकों में आंदोलन पूरी तरह से खत्म हो चुका है और दंतेवाड़ा , सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर में अंतिम सांसें गिन रहा है। पिछले साल भर में डेढ़ सौ से अधिक माओवादी लड़ाके पुलिस मुठभेड़ों में मारे जा चुके हैं और अबूझमाड़ जैसे दुर्गम इलाकों में भी सड़कें और संचार के आधुनिकतम उपकरण पहुंच गए हैं, जो सुरक्षा बलों को बढ़त दे रहे हैं। सरकारों की भी समझ में आ गया है कि आदिवासियों को सड़क, अस्पताल और विद्यालय की जरूरत है। सशस्त्र आंदोलन के चलते पुलिस, जंगलात और राजस्व कर्मियों की ज्यादतियों पर कुछ अंकुश लगा। तेंदू पत्ते का संग्रहण करने वाले ठेकेदारों को उनकी मजदूरी बढ़ानी पड़ी। यह सब हुआ, पर बड़ी कीमत चुकाने के बाद। माओवादियों और सुरक्षाकर्मियों, दोनों ने सैकड़ों जानें लीं। मैं लगातार इस इलाके में घूम रहा हूं और दिलचस्पी से उन परिवर्तनों को पकड़ने की कोशिश कर रहा हूं, जो माओवाद और फिर उसके खात्मे के बाद इस इलाके में घट रहे हैं। सड़कों का जाल बिछ जाने के बाद स्वाभाविक था कि बाजार का यहां प्रवेश हुआ। मैंने इसके सकारात्मक पहलू को हर जगह अनुभव किया। चाहे वह नवा रायपुर में बस रही राजधानी का बड़ा सरोवर हो या चित्रकोट का जलप्रपात, हर जगह रेहड़ी वाले स्थानीय लोग हैं और लगभग सभी क्यूआर कोड के जरिये ऑनलाइन पेमेंट ले रहे हैं। यह बाजार का ही असर है कि 75 दिनों तक चलने वाले जगदलपुर के दशहरे में राजस्थानी मिठाइयों की बड़ी दुकान थी, कच्चे लोहे के बने औजार और कलाकृतियां बस्तरिया कारीगर बेच रहे थे। दंतेश्वरी माता की चौकी के साथ चल रहे स्थानीय नौजवान जोर से बोलो, तुम भी बोलो, सारे बोलो जय माता दी, के पंजाबी जयकारे लगा रहे थे। वर्दी पहने ज्यादातर पुलिसकर्मी आदिवासी लग रहे थे और मेरी अनुभवी आंखें भांप सकती थीं कि उनका व्यवहार जनता के साथ रूखा तो नहीं ही था।

## अब झारखंड और महाराष्ट्र में महासमर

(नीरजा चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार)

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के साथ-साथ दो लोकसभा और 48 विधानसभा क्षेत्रों के उप-चुनाव के लिए तारीखों का एलान मंगलवार को कर दिया गया। ये चुनाव काफी अहम हैं, क्योंकि हरियाणा का करीब-करीब हारा हुआ रण जीतकर भाजपा ने विपक्ष के सभी समीकरण ध्वस्त कर दिए हैं। कांग्रेस अगर हरियाणा जीत गई होती, तो मुमकिन है कि महाराष्ट्र व झारखंड चुनावों में वह गठबंधन में अधिक दम-खम दिखा पाती, लेकिन अब माना जा रहा है कि उस पर सहयोगी दलों का दबाव बढ़ गया है। ऐसे में, आगामी चुनावों में जीत की खुराक ही अब उसे नई ऊर्जा देने का काम कर सकती है। मगर, एनडीए गठबंधन के लिहाज से ये चुनाव पूरे देश में नैरेटिव बदलने का एक माध्यम होंगे। हरियाणा की जीत ने भाजपा को लोकसभा चुनाव के झटके से उबरने में मदद की है। अब अगर महाराष्ट्र व झारखंड को भी एनडीए अपने नाम कर ले गया, तो भाजपा का यह दावा फिर से मजबूत हो जाएगा कि लोगों का विश्वास भगवा झंडे पर कायम है। बहरहाल, राष्ट्रीय राजनीति में महाराष्ट्र की अहमियत को समझना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह देश का वह सूबा है, जहां से उत्तर प्रदेश के बाद सर्वाधिक 48 सांसद लोकसभा में पहुंचते हैं। उत्तर प्रदेश से 80 सदस्य चुने जाते हैं। महाराष्ट्र देश की वित्तीय राजधानी है, जिसके कारण भी इसे खासा महत्व दिया जाता है। लोकसभा चुनाव में विपक्षी 'इंडिया' ब्लॉक के खाते में यहां की 30 सीटें गई थीं, जिसका एक बड़ा कारण महाअघाड़ी सरकार का गिरना माना गया। तब कहा गया था कि राष्ट्रवादी कांग्रेस और शिव सेना में हुई टूट के विरोध में आम लोगों ने 'इंडिया' के पक्ष में मतदान किया है। मगर इस बार भी क्या सहानुभूति का यह कार्ड वैसे ही काम करेगा, इसके बारे में अभी साफ-साफ नहीं कहा जा सकता? ऐसा इसलिए भी, क्योंकि कई लोगों का मानना है कि जनता एक ही मुद्दे पर हर चुनाव में वोट नहीं करती। वास्तव में, महायुति व महाअघाड़ी, दोनों गठबंधन के लिए इस बार वहां बराबरी का मुकाबला है, जिसमें बाजी किस गठबंधन के हाथ लगेगी, इसका पता 23 नवंबर को चलेगा। यहां मुद्दे लगातार बदल रहे हैं और 20 नवंबर को मतदान के दिन तक कौन-कौन से मुद्दे हावी रहेंगे, इसकी भविष्यवाणी मुश्किल है। अगस्त में लग रहा था कि बदलापुर कांड का चुनाव पर काफी असर पड़ेगा। उस समय नाबालिग बच्चियों के साथ कथित छेड़छाड़ के विरोध में मानो पूरा महाराष्ट्र सड़कों पर उतर आया था। फिर शिवाजी की मूर्ति गिरने के बाद अचानक से माहौल बदल गया और 'मराठा अस्मिता' की चर्चा होने लगी। अब पूर्व मंत्री और चर्चित नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या का मसला सुर्खियों में है। लोगों में यह बहस चलने लगी है कि क्या महाराष्ट्र फिर से 90 के दशक में लौट रहा है, जब 'गैंग' का बोलबाला हुआ करता था? जाहिर है, कानून-व्यवस्था को लेकर यहां चिंताएं बढ़ गई हैं। यहां 'लड़की बहिन योजना' भी चुनावी मुद्दा बन सकती है। इस योजना के तहत महिलाओं को मासिक 1,500 रुपये देने की बात कही गई है। पिछले दिनों एकनाथ शिंदे सरकार ने दिवाली बोनस देने का भी एलान भी किया है। माना जा रहा है कि जिस तरह से मध्य प्रदेश में 'लाडली लक्ष्मी योजना' चुनावी हवा बदलने में सफल साबित हुई, उसी तरह का असर इस योजना का भी पड़ सकता है। वैसे, महाराष्ट्र की तरह ही झारखंड में भी यह साफ-साफ नहीं कहा जा सकता कि कौन सा मुद्दा जनता को प्रभावित करेगा? हालांकि, हमंत सोरेन सरकार की भी नजर बतौर वोट बैंक महिलाओं पर है और उसने दिसंबर से 'मइया सम्मान योजना' की राशि बढ़ाकर 2,500 रुपये करने का एलान किया है। पहले इस योजना के तहत 18 से 60 साल तक की महिलाओं को 1,000 रुपये मासिक दिए जा रहे थे। इस योजना के जवाब में भाजपा ने भी गोगो दीदी योजना लाने का वायदा किया था, जिसमें महिलाओं को 2,100 रुपये प्रतिमाह सहायता राशि देने की घोषणा की गई थी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5528

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 4 | | 6 | |
| 3 | | | | 6 | 8 | 2 | | |
| 4 | 6 | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 3 | 4 | | 5 | | 7 | 2 | |
| | 9 | | 2 | | | | | |
| 6 | | | | 8 | | | 7 | 9 |
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 8 |
| | 7 | | 9 | | | | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5527

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 9 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 6 | 7 |

## वर्ग पहेली 5528

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | |
| | ■ | 6 | | | | | ■ |
| 7 | 8 | ■ | 9 | | ■ | 10 | 11 |
| 12 | | | ■ | ■ | 13 | ■ | |
| 14 | | ■ | ■ | 15 | | 16 | |
| ■ | 17 | 18 | 19 | ■ | 20 | | |
| 21 | ■ | 22 | | | ■ | ■ | |
| 23 | | | | ■ | ■ | 24 | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. भारत रत्न से सम्मानित फिल्म जगत का प्रथम व्यक्ति (5)
5. कला आदि खिखाने वाला व्यक्ति, उस्ताद, दीर्घ मात्रा (2)
6. प्रतिष्ठा नष्ट करना, इज्जत बिगाड़ना , सामाजिक छवि धूमिल करना (5)
7. चौड़े मुंह का गोल पेंदे वाला मिट्ठी, पत्थर आदि का बना पात्र (2)
9. अनुरक्त, समाया हुआ, तन्मय (2)
10. जबड़ा, चिबुक, ठुड्डी (2)
12. कहा जाता है कि तेरहवीं शताब्दीं में अमीर खुसरों ने इस वाद्य का निर्माण किया (3)
14. दंत, दांत (2)
15. टेक्स या कर देने वाला (4)
17. सीमांतर स्थान या प्रदेश, दूरी पर (3)
20. यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा नगर है इसके उपनगरों को मिलाकर यह विश्व का दूसरा सबसे बड़ा शहर है (3)
22. प्रलापी, बहिरभमुखी, बातूनी (3)
23. जो रिश्तें में नाना का पिता हो (4)
24. शास्त्रीय संगीत में ऋषभ स्वर (1)

**ऊपर से नीचे**

1. समान अंतर पर होने वाला (5)
2. जीवित रहना, शरीर में प्राण रहना (2)
3. बिना चर्खे के सूत कातने और लपेटने का एक छोटा उपकरण (3)
4. ऐसी भूमि जहां नदी की बाढ़ का पानी न पहुंच सके (3)
5. अपराध, कसूर, जुर्म (3)
8. धाक, रोब, आतंक (4)
11. बुराई ढूंढना, दोष निकालना (5)
13. धारणकर्ता, वेशधारी, धारण करने वाला (3)
16. राजा या सम्राट को यह भी कहा जाता है (2)
18. कैरिबियाई सागर का मोती कहलाने वाले देश क्यूबा की यह राजधानी है (3)
19. आरंजित करना, रंग करना, रंगना (3)
21. मिथ्या संवाद, झूठी खबर (2)

### वर्ग पहेली 5527 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | ला | हा | बा | द | बैं | क | ■ |
| न | मा | ज | ■ | ख | ■ | म | ना |
| क | ■ | मा | कू | ल | ■ | ज | न |
| म | धु | ■ | ट | ■ | सि | फ | ■ |
| ■ | न | ■ | प्र | हा | र | ■ | को |
| अ | ■ | ■ | बं | ■ | उ | दा | स |
| सु | ध | बु | ध | ■ | ठा | न | ना |
| र | ■ | ध | ■ | चु | ना | व | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन मिलाजुला रहेगा। मानसिक अशांति, खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। माता-पिता के सहयोग से आपको आशीर्वाद प्राप्त होगा। ससुराल पक्ष से आज नाराजगी के संकेत मिलेंगे। बेहतर होगा कि आपको किसी से बात करने में मधुरवाणी का प्रयोग करें, वरना आपके संबंध किसी के साथ प्रभावित हो सकते हैं।

### वृष
आज दिन लाभ से भरा होगा और आपको सम्मानित किए जाने से मन खुश होगा। यदि आप किसी व्यक्ति, बैंक या संस्था से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिलेगी और आपका काम आगे बढ़ता जाएगा। किसी से पैसे उधार न लें तो आपके लिए अच्छा होगा। पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा और नए मित्र भी बनेंगे। पत्नी पक्ष के लोगों से सहयोग प्राप्त होगा।

### कर्क
आज लाभ होगा और आपको विद्या और ज्ञान की प्राप्ति होगी। आपके अन्दर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी और आप लोगों की मदद के लिए खुद आगे आएंगे। आपको भाग्य की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।और इस कारण से आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है।

### सिंह
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको न चाहते हुए भी ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे जो कि करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा। अपने व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण हो जाएंगे। किसी नये कार्य में इनवेस्ट करना पड़े तो अवश्य करें, भविष्य में लाभ होगा और आपके कार्य पूर्ण होंगे।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से मन प्रसन्न रहेगा। साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। अपने माता-पिता का सुख सहयोग प्राप्त होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। व्यर्थ व्यय का योग भी है। आप मन से लोगों का भला सोचेंगे।

### कन्या
आज मन किसी कारण से परेशान और अशांत रहेगा। व्यापार में वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। सांयकाल तक आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई मुकदमा लंबित चल रहा है तो उसके पूर्ण होने की संभावना है।

### तुला
आज आपको दिन भर काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी। ज्यादा भागदौड़ करने से बचें और अपने काम पर फोकस करें। आपको निर्णय लेने की क्षमता का लाभ होगा और पूरा दिन आनंद के साथ प्रसन्नता में बीतेगा। मन काफी प्रसन्न होगा और आपके रुके हुए कार्यों की पूर्ति होगी। किसी काम में निवेश करने का मन हो तो आज का कर सकते हैं और उसमें आपको लाभ होगा।

### वृश्चिक
आज करियर के मामले में दिन शुभकारक है। आपके अधिकार और सम्पत्ति में वृद्धि होगी। दूसरों की मदद करने में आपका वक्त बीतेगा और आपको खुशी होगी। अपने गुरु के प्रति पूर्ण भक्ति भाव व निष्ठा रखें। आज नये कार्यों में इनवेस्ट करना पड़े तो शुभ रहेगा। आपको आगे चलकर अच्छा लाभ और मुनाफा हासिल होगा। आपकी कार्ययोजनाएं सफल होंगी।

### मकर
आज सफलता प्राप्त होगी और आपके आनंद में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। आपको अपने पारिवारिकजनों से विश्वासघात होने की संभावना है। सांसारिक सुख भोग, नौकर चाकरों का सुख आपको भरपूर मिलेगा। सायंकाल से लेकर रात्रि तक समीप की यात्रा पर जा सकते हैं और उसमें आपको लाभ होगा।

### कुंभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका काफी समय से लटका काम पूरा होगा। किसी विवाद का हल निकल आएगा। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपके करीब आने का प्रयास करेंगे। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा और रुके कार्य पूर्ण होने से खुशी होगी। आपको माता-पिता का आशीर्वाद मिलने का चांस है आपका मन काफी खुश रहेगा।

### धनु
आज करियर के मामले में लाभ होगा। बेहतर होगा कि आप फिजूल के खर्चे से बचें। आपको किसी कारण से कष्ट में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक क्रियाकलापों में व्यवधान उपस्थित होगा। कुछ अकस्मात लाभ होने से आपका मन खुश होगा और आपकी धर्म के प्रति आस्था भी काफी बढ़ेगी। आपको संतान पक्ष के लोगों से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा।

### मीन
आज दिन उत्तम रहेगा। आपको परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा। आपको धन सम्मान के मामले में लाभ होगा और परिवार के लोग आपकी बातों से काफी खुश रहेंगे। परिवार के लोगों से आपको विशेष सहयोग मिलने की संभावना है। आप अपनी शान शौकत के लिए धन खर्च करेंगे जिससे आपके शत्रु परेशान होंगे। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित **संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, स्थानीय संपादक- **साकेत अम्बष्ट**, -9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, **RNI-BIHHIN/2017/72765**

# महाराष्ट्र में 250 सीटों पर एनसीपी-शिवसेना के साथ चर्चा पूरी, भाजपा ने 99 प्रत्याशी घोषित किए

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे की व्यवस्था पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार रात नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि बातचीत अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि कुल 288 सीटों में से केवल 30-35 सीटों पर सहमति बननी बाकी है। उन्होंने कहा कि अंतिम सीट बंटवारे की घोषणा एक या दो दिन में की जा सकती है वहीं भाजपा ने 99 प्रत्याशी घोषित किए।

शिंदे ने कहा, हमारी अमित शाह के साथ चर्चा सकारात्मक और रचनात्मक रही। मतभेदों को दूर कर लिया गया है और बातचीत बिना किसी मुद्दे के अंतिम चरण में है। केवल 30-35 सीटें हैं जिन पर अंतिम बातचीत लंबित है। अगर जरूरत पड़ी तो उनके साथ फिर से चर्चा होगी और इसे एक या दो दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा।



वहीं, भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य के प्रमुख नेताओं के साथ लगभग 160 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम को लेकर भी चर्चा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पार्टी ने सत्ता विरोधी माहौल को कम करने के लिए 30 से 40 फीसदी विधायकों के टिकट काटने का फैसला किया गया है।

भाजपा मुख्यालय में बुधवार शाम लगभग तीन घंटे चली बैठक में केंद्रीय नेतृत्व ने भाजपा के हिस्से में आने वाली लगभग 160 सीटों पर नामों चर्चा की थी। सूत्रों के अनुसार पार्टी ने 100 से ज्यादा उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए हैं। कुछ सीटों को रणनीति के हिसाब से रोका गया है। बाकी पर दूसरे दलों के उम्मीदवारों को देखकर फैसला किया जाएगा। सहयोगी दलों के साथ एक-दो सीटों की अदला-बदली की संभावना बनी हुई है।

सूत्रों के अनुसार भाजपा अपनी पिछली बार लड़ी 164 सीटों में कुछ में बदलाव कर सकती है, ताकि सहयोगी दलों को संतुष्ट किया जा सके। शिवसेना (शिंदे गुट) और राकांपा (अजित पवार गुट) को दी जाने वाली सीटों पर भी सहमति बन चुकी है। हालांकि, इसकी घोषणा अभी नहीं की गई है।

**आधे विधायकों के खिलाफ माहौल:** केंद्रीय नेतृत्व को अंदरूनी तौर पर जो रिपोर्ट मिली है, उसमें लगभग आधे विधायकों के खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल माना गया है, लेकिन पार्टी में बगावत न हो जाए इस डर से 30 से 40 फीसदी के बीच ही टिकट काटने की संभावना है। पहली सूची जारी करने के पहले पार्टी कुछ और समीकरणों पर विचार करेगी। बुधवार की बैठक में जिन सीटों के लिए उम्मीदवार तय किए गए हैं, उनमें लगभग 60 मौजूदा विधायक शामिल हैं।

## आखिरी सांस तक रहूंगा कांग्रेसी; इस्तीफे के 2 दिन बाद कैप्टन अजय सिंह यादव का यू-टर्न

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने 17 अक्टूबर को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। यादव ने पार्टी में अपने साथ हुए खराब व्यवहार का आरोप लगाते हुए यह कदम उठाया। लेकिन अब उन्होंने महज दो दिन बाद अपने फैसले पर यू-टर्न ले लिया है।

कैप्टन अजय यादव ने एक्स पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को टैग करते हुए लिखा, मैं जन्म से कांग्रेसी हूं और आखिरी सांस तक कांग्रेसी ही रहूंगा। उन्होंने कहा कि ओबीसी विभाग में की गई उनकी मेहनत को हाईकमान द्वारा सराहना न मिलने से वह नाराज थे और कुछ कठोर शब्दों ने उन्हें इस्तीफा देने पर मजबूर कर दिया। हालांकि, उन्होंने ठंडे दिमाग से सोचने के बाद पार्टी को मजबूत करने का फैसला किया है। यादव ने यह भी जिक्र किया कि सोनिया गांधी और उनके बेटे चिरंजीव राव के कहने पर उन्होंने अपना फैसला बदला है।

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी से हुई मुलाकात के दौरान यादव ने अपनी नाराजगी जाहिर की थी। बताया जाता है कि गुरुग्राम से लोकसभा टिकट न मिलने और हरियाणा विधानसभा चुनाव में उपेक्षा के कारण वह असंतुष्ट थे। मुलाकात के दौरान जब उन्होंने अपनी शिकायतें सामने रखीं, तो राहुल गांधी ने उनके प्रदर्शन पर सवाल उठाए, जिससे यादव और भी आहत हो गए थे।

## संक्षिप्त समाचार



### जयपुर में हड़ताल पर रेजिडेंट डॉक्टर, अजमेर-उदयपुर में भी करेंगे काम का बहिष्कार

**जयपुर , एजेंसी।** जयपुर में रेजिडेंट डॉक्टरों ने शनिवार रात से हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। रेजिडेंट डॉक्टरों ने राजस्थान सरकार पर उनकी मांगों के प्रति उदासीन होने का आरोप लगाया है। जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स के अध्यक्ष डॉ. मनोहर सियोल ने बताया कि रेजिडेंट डॉक्टर्स ने शनिवार रात को हड़ताल कर दी। रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल से इमरजेंसी और चुनिंदा सेवाएं तत्काल बंद कर दी गई हैं। जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स के अध्यक्ष डॉ. मनोहर सियोल ने बताया कि राजस्थान सरकार ने इस साल अगस्त में कार्यस्थल पर सुरक्षा उपायों और स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सहित मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं सामने आई है। रेजिडेंट डॉक्टरों ने 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, जो शनिवार रात आठ बजे समाप्त हो गया।

### धौलपुर में बस ने टेंपो को मारी टक्कर, दर्दनाक हादसे में 8 बच्चों सहित 11 लोगों की मौत

**धौलपुर , एजेंसी।** राजस्थान के धौलपुर जिले के बाड़ी सदर थाना इलाके में एनएच 11बी पर सुनीपुर गांव के नजदीक रात करीब 11 बजे स्लीपर कोच बस ने टेंपो को टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में आठ बच्चे सहित ग्यारह लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी गुमट मोहल्ला निवासी नहनू पुत्र गफूर खान सरमथुरा थाना क्षेत्र के गांव बरौली में अपने परिवार के सदस्यों को साथ लेकर रिश्तेदारी में भात कार्यक्रम में शामिल होने गया था। शनिवार देर रात को भात कार्यक्रम में शामिल होकर परिवार के सभी सदस्य टेंपो में सवार होकर वापस घर लौट रहे थे, लेकिन बाड़ी की तरफ से तेज रफ्तार में जा रही स्लीपर कोच बस ने सुनीपुर गांव के नजदीक सामने से टक्कर मार दी।मृतक और घायल स्लीपर कोच बस और टेंपो की टक्कर में 14 वर्षीय आसमा पुत्री इरफान उर्फ बंटी,38 वर्षीय इरफान उर्फ बंटी पुत्र गफ्फो,8 वर्षीय सलमान पुत्र इरफान उर्फ बंटी,6 वर्षीय साकिर पुत्र इरफान उर्फ बंटी,10 वर्षीय दानिश पुत्र जहीर,5 वर्षीय अजान पुत्र आसिफ,35 वर्षीय जरीना पत्नी नहनू,10 वर्षीय आशियाना पुत्री नहनू,7 वर्षीय सुखी पुत्री नहनू, 9 वर्षीय सानिफ पुत्र नहनू की घटना स्थल पर मौत हुई है। वहीं जिला चिकित्सालय धौलपुर रेफर किए गए घायलों में महिला 32 वर्षीय जूली पत्नी इरफान उर्फ बंटी ने रास्ते में दम तोड़ दिया। जबकि घायल 38 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र मलखान एवं 10 वर्षीय साजिद पुत्र आसिफ,32 वर्षीय प्रवीण पत्नी जहीर को जिला चिकित्सालय धौलपुर भर्ती कराया गया है।

### जेवर एयरपोर्ट के विस्तार पर विचार, 1200 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव होगा तैयार

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 12 सौ हेक्टेयर जमीन का और अधिग्रहण किया जाएगा। यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) जल्द जमीन अधिग्रहण से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर प्रशासन को भेजेगा। शासन से एविएशन हब का क्षेत्रफल बढ़ाने की स्वीकृति मिल चुकी है। नोएडा एयरपोर्ट को छह रनवे के साथ देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनाने के लिए और अधिक जमीन की जरूरत पड़ रही है। इसके साथ ही और कई बड़ी परियोजनाओं को धरातल पर उतारना है। इसे देखते हुए मास्टर प्लान-2041 में एविएशन हब का दायरा बढ़ाया गया है। नोएडा एयरपोर्ट के लिए यमुना प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में पांच हजार हेक्टेयर जमीन आरक्षित की गई थी। दो रनवे के साथ नोएडा एयरपोर्ट के पहले चरण के लिए 1334 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण हो चुका है।

## आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अधिक बच्चे पैदा करने की सलाह दी

**हैदराबाद, एजेंसी।**
आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य के निवासियों को अधिक बच्चे पैदा करने की सलाह दी है। नायडू ने प्रदेश में उम्रदराज लोगों की बढ़ती आबादी को देखते हुए यह सलाह दी है। उन्होंने शनिवार को कहाकि प्रदेश सरकार पॉपुलेशन मैनेजमेंट की योजना बना रही है। इसके तहत विधेयक लाने के बारे में भी सोचा जा रहा है, जिसमें अधिक बच्चे वाले परिवारों को इन्सेंटिव दिया जाएगा। सिर्फ इतना ही नहीं, एक ऐसा कानून बनाने पर भी विचार चल रहा है, जिसके तहत सिर्फ वही लोग स्थानीय निकाय चुनाव लड़ पाएंगे, जिनके दो से अधिक बच्चे हैं।

चंद्रबाबू नायडू ने कहाकि पहले हमने ऐसा कानून बनाया था जिसमें अधिक बच्चे वाले लोग चुनाव नहीं लड़ सकते थे। लेकिन अब हमने उस कानून को खत्म कर दिया है और इसे रिवर्स करने की सोच रहे हैं। अधिक बच्चों वाले परिवारों को सरकार अधिक सुविधाएं देने के बारे में विचार कर रही है। नायडू ने कहाकि वैसे तो हमारे पास 2047 तक डेमोग्राफिक एडवांटेज है। लेकिन दक्षिणी राज्यों खासकर आंध्र प्रदेश में बढ़ती उम्र वालों की आबादी चिंता में डालने वाली बात है।



उन्होंने कहाकि जापान, चीन समेत कुछ यूरोपीय देश भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। दक्षिण भारत में यह समस्या इसलिए हो रही है क्योंकि युवा लोग देश के दूसरे हिस्सों में या फिर विदेश चले जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने दक्षिणी राज्यों में गिरती प्रजनन दर पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहाकि यहां फर्टिलिटी रेट 1.6 परसेंट है जो राष्ट्रीय दर 2.1 से काफी कम है। अगर यही हाल रहा तो हमारे यहां 2047 तक बुजुर्गों की आबादी काफी ज्यादा हो जाएगी। उन्होंने कहाकि आंध्र प्रदेश ही नहीं, देश के कई गांवों में अब सिर्फ बुजुर्ग ही बचे हैं। नायडू ने जनसंख्या नियंत्रण पर अपने पहले के प्रयासों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहाकि तब हालात कुछ और थे। तेजी से बढ़ती आबादी के चलते प्राकृतिक संसाधन खतरे में थे। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं।

## बच्चों में विदेश जाने की नई बीमारी, देश के भविष्य के लिए अच्छा नहीं: उपराष्ट्रपति धनखड़

**सीकर, एजेंसी।**
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि विदेश जाना देश के बच्चों को जकड़ने वाली नई बीमारी है। उन्होंने कहा कि यह विदेशी मुद्रा का पलायन और प्रतिभा का पलायन है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा के व्यावसायीकरण से इसकी गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जो देश के भविष्य के लिए अच्छा नहीं है। राजस्थान के सीकर में एक निजी शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित समारोह में बोलते हुए धनखड़ ने कहा, बच्चों में एक और नई बीमारी है - विदेश जाने की। बच्चा उत्साह से विदेश जाना चाहता है, वह एक नया सपना देखता है; लेकिन उसे इस बात का कोई आकलन नहीं होता कि वह किस संस्थान में जा रहा है, किस देश में जा रहा है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिक्षा के 'व्यवसायीकरण' पर चिंता जताते हुए शनि?वार को कहा कि इससे बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में



निवेश भविष्य, आर्थिक उत्थान, शांति और स्थिरता में निवेश करने जैसा है। उन्होंने कहा, शिक्षा के व्यावसायीकरण ने उसकी गुणवत्ता को प्रभावित किया है। शिक्षा कभी भी आय का स्रोत नहीं था, यह त्याग और दान का एक माध्यम था, जिसका उद्देश्य समाज की मदद करना था लेकिन हम देखते हैं कि इसको फायदे के लिए बेचा जा रहा है। कुछ मामलों में तो यह जबरन वसूली का रूप ले रहा है।

आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने कहा, शैक्षणिक संस्थाओं को अगर आप अर्थ-लाभ के चश्मे से देखेंगे तो आपका उद्देश्य धूमिल हो जाएगा। हमें आवश्यकता है हम ऐसा ना होने दे। मेरा यह आग्रह रहेगा की संस्था का पैसा संस्था के विकास के लिए ही लगे। उन्होंने कहा, हमारा संकल्प होना चाहिए कि जब भारत 2047 में विकसित राष्ट्र बने तब हम दुनिया की 'सुपर नॉलेज पावर' होने चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने व्यापार, उद्योग, वाणिज्य और व्यवसाय जगत में लोगों से अपील करते हुए उनसे संस्थानों के विकास में उदारतापूर्वक योगदान देने की बात कही। उन्होंने कहा, शिक्षा में निवेश हमारे भविष्य, आर्थिक उत्थान, शांति और स्थिरता में निवेश है। धनखड़ ने कहा, आज युवाओं के बीच लगातार बढ़ते अवसरों को लेकर जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा, आज भारत का विश्व में बहुत महत्व है। आज, भारत की आवाज वैश्विक स्तर पर पहले से कहीं अधिक बुलंद है। ऐसी स्थिति में हर व्यक्ति को यह धारणा और निष्ठा रखनी चाहिए कि हमें अपने राष्ट्र पर विश्वास करना है। हर परिस्थिति में हमें राष्ट्र को पहले रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक, व्यक्तिगत या आर्थिक हितों को राष्ट्र के ऊपर नहीं रखना चाहिए और यह हमारा दायित्व है कि हम राष्ट्रविरोधी शक्तियों को निष्क्रिय करें।

## महाराष्ट्र में एक गांव की महिलाओं ने रोका सीएम शिंदे का काफिला

**सतारा, एजेंसी।**
चुनावी राज्य महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शनिवार को अपने पैतृक ग्राम सतारा जिले के डेरे गांव के लिए निकले। जहां पर कुछ ग्रामीण महिलाओं ने उनका काफिला रोक लिया। काफिला रुकने पर सीएम एकनाथ शिंदे ने महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने इसकी तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट की है। शिंदे ने पोस्ट में लिखा, मेरी मिट्टी, मेरे लोग...मैं राजनीति की हलचल से दूर कुछ आराम करने के लिए अपने पैतृक गांव सतारा जिले के डेरे गांव गया था। गांव से निकलते वक्त कुछ महिलाओं ने मेरे कारवां को रोक लिया।



उन्होंने लिखा, मेरे ही गांव में रहने वाली ये महिलाएं मेरी मां की बहुत घनिष्ठ थीं, लेकिन उन लोगों को एक पल के लिए संदेह हुआ कि मैं उन्हें पहचान पाऊंगा या नहीं, लेकिन मैंने उनसे संवाद करते हुए कहा कि मैं सभी को मैं जानता हूं। एक पल भी सोचे बिना, ये मेरे पास आईं और मुझसे पूछा। मैंने भी उनकी उम्र का सम्मान करते हुए उनके पैरों पर गिरकर आशीर्वाद लिया और पूछा कि उन्हें मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना का पैसा मिला है या नहीं। इस पर सभी ने हां में सिर हिलाया और हाथों में खाने की प्लेट लेकर प्यार से मेरी ओर इशारा किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर आगे लिखा कि उनके कांपते गर्म हाथों ने मुझे भरपूर आशीर्वाद दिया और आग्रह किया कि प्रदेश में एक बार फिर हमारी सरकार बने।

बता दें कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। 288 विधानसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान होना है। वहीं इसके नतीजे 23 नवंबर को सामने आएंगे। सभी राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी तैयारी तेज कर दी हैं।

## पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या का आरोपी शिवसेना में शामिल, पूर्व मंत्री ने दिलाई पार्टी सदस्यता

**मुंबई, एजेंसी।**
पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या के आरोपी श्रीकांत पांगारकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए। गौरी लंकेश की 5 सितंबर 2017 को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु स्थित उनके आवास के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। महाराष्ट्र की एजेंसियों की सहायता से कर्नाटक पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच की थी और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पांगारकर 2001 से 2006 तक जालना नगरपालिका के पार्षद रहे। उन्हें अगस्त 2018 में गिरफ्तार किया गया था। इस साल 4 सितंबर को कर्नाटक हाई कोर्ट ने उन्हें जमानत दी थी।

अविभाजित शिवसेना की ओर से 2011 में टिकट नहीं दिए जाने पर पांगारकर दक्षिणपंथी हिंदू जनजागृति समिति में शामिल हो गए थे। वह शुक्रवार को राज्य के पूर्व मंत्री अर्जुन खोतकर की उपस्थिति में शिंदे नीत शिवसेना में शामिल हो गए। खोतकर ने संवाददाताओं से कहा, 'पांगारकर पूर्व शिवसैनिक हैं और पार्टी में वापस आ गए हैं। उन्हें जालना विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान का प्रमुख नामित किया गया है।' मालूम हो कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव सभी 288 सीटों पर एक ही फेज में मतदान होना है। 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे और नतीजे



23 नवंबर को घोषित होंगे। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। गौरी लंकेश हत्याकांड के मुख्य आरोपियों का बीते दिनों उनके गृहनगर पहुंचने पर कुछ हिंदुत्व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया था। कोर्ट ने 9 अक्टूबर को परशुराम वाघमारे, मनोहर यादव और 6 अन्य आरोपियों को जमानत दे दी थी और 11 अक्टूबर को उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। वे सभी 6 साल से अधिक समय तक सलाखों के पीछे रहे। जब वे अपने गृहनगर पहुंचे तो हिंदुत्व कार्यकर्ता उन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पास ले गए।

## दिवाली से पहले फरीदाबाद में हो जाएगा बड़ा काम, प्रदूषण के साथ-साथ ट्रैफिक पर भी असर

**फरीदाबाद , एजेंसी।**
फरीदाबाद में प्रदूषण की रोकथाम के लिए बाटा और बल्लभगढ़ रेलवे ओवरब्रिज सहित अंदरूनी सड़कों की दीवाली से पहले मरम्मत कराई जाएगी। इसके लिए नगर निगम आयुक्त ने सभी अधिकारियों को आदेश जारी किए हैं। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से भी सोमवार से मरम्मत कार्य शुरू कर दिया जाएगाजिससे वाहनों को रफ्तार मिलेगी।

शहर में पिछले दिनों हुई बारिश से बाटा और बल्लभगढ़ रेलवे फ्लाईओवर सहित सेक्टर और कॉलोनियों की सड़कें खस्ताहाल हो गई हैं। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। सबसे ज्यादा खराब हालत ईएसआईसी-तिकोना पार्क, बल्लभगढ़-बाटा रेलवे फ्लाईओवर, नीलम चौक, सेक्टर-12, गांधी कॉलोनी आदि मुख्य सड़कों की बनी हुई है। सड़कों पर गड्ढे होने के कारण जब वाहन यहां से गुजरते हैं, तो धूल उड़ती है। जिससे प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। गड्ढों की वजह से रेलवे



फ्लाईओवर पर ट्रैफिक रेंग रहा है। सुबह-शाम हालत यह होती है कि पांच मिनट की दूरी तय करने में लोगों को 15 से 20 मिनट लग जाते हैं।

रेलवे फ्लाईओवर की सड़कें जर्जर होने के कारण वाहन धीमी गति से गुजरते हैं। इससे एक ओर जहां ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। वहीं, जगह-जगह जाम लगने से वाहनों के धुएं से भी प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी हो रही है। कन्फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए के प्रधान एनके गर्ग ने कहा, बाटा और बल्लभगढ़ रेलवे फ्लाईओवर को सुधारने का कार्य सोमवार से शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से संबंधित ठेकेदारों को आदेश दे दिए गए हैं। शहर में सड़कों का बुरा हाल है। जगह-जगह से सड़कें टूटी पड़ी हैं। दिनभर धूल उड़ती है। आरओबी पर भी गड्ढे हो रहे हैं। जिससे यातायात प्रभावित होता है। इन सड़कों की प्रशासन को मरम्मत करवानी चाहिए। लंबे समय से शहर के लोग यह मांग करते आए हैं। यह शहर के लिए एक बड़ी समस्या है।

लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रदीप संधू ने कहास दोनों फ्लाईओवर की मरम्मत का कार्य सोमवार से शुरू कर दिया जाएगा। सड़कों पर जगह-जगह पैचवर्क करने हैं, इसके लिए ट्रैफिक रोकने की जरूरत नहीं है। एक से दो दिन में काम पूरा कर लिया जाएगा। बल्लभगढ़ रेलवे फ्लाईओवर पर बारिश के दौरान जलभराव होने की मुख्य वजह हाईवे की सर्विस सड़क का ऊंचा होना है और रेलवे फ्लाईओवर के रैंप का ढलान सर्विस सड़क से नीचे होना है। इस कारण बारिश का पानी फ्लाईओवर से नीचे उतरते ही जमा हो जाता है। इसके समाधान के लिए ढलान थोड़ा ऊंचा किया जाएगा। जिससे बारिश के दौरान चौक पर पानी जमा नहीं होगा। एनआईटी-दो, तीन, पांच, नीलम चौक, बाटा चौक, बीपीटीपी चौक, सरूरपुर चौक, प्याली रोड, नंगला पार्ट 2, राजीव कॉलोनी, तिगांव, सेक्टर-3 आदि क्षेत्रों में सड़कों की हालत काफी ज्यादा खराब हैं। सड़कों पर गड्ढे बन जाने से दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। बाटा और सोहना-बल्लभगढ़ मार्ग के रेलवे फ्लाईओवर शहर के व्यस्त मार्ग हैं। यहां सुबह-शाम ट्रैफिक का दबाव काफी रहता है। इस वजह से यहां सुबह-शाम ट्रैफिक रेंगता रहता है। गड्ढों की वजह से यहां वाहन चालकों के लिए परेशानी बनी हुई है। लोक निर्माण विभाग सोमवार से यहां पैचवर्क का काम शुरू कर देगा। पैचवर्क के दौरान लोक निर्माण विभाग ट्रैफिक डायवर्ट नहीं करेगा। जिस समय ट्रैफिक कम होगा।

## गुरुग्राम में दिवाली से पहले पूरे हो जाएं दो काम, केंद्रीय मंत्री राव नरबीर सिंह का सख्त आदेश, अफसरों को लगाई फटकार

**गुरुग्राम , एजेंसी।**
कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने शहर की समस्याओं पर अफसरों को खरी-खरी सुनाई है। उन्होंने शहर की टूटी सड़कों, जलभराव और अतिक्रमण की समस्या पर नाराजगी जताते हुए दो-टूक लहजे में कहा कि दीवाली से पहले अफसर इन समस्याओं का समाधान निकालें। शहर के विकास में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों के समय पर दफ्तर नहीं आने और जल्द चले जाने पर भी उन्हें आड़े हाथों लिया।

राव नरबीर सिंह हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद शनिवार को पहली बार जिले के अफसरों के साथ बैठक कर रहे थे। लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में बैठक के दौरान उन्होंने अफसरों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में जिस किसी के पास दोहरा प्रभार है, उसे एक की जिम्मेदारी छोड़नी होगी। शहर की समस्याएं बढ़ने की एक प्रमुख वजह यह भी है। बैठक के दौरान मंत्री ने नगर निगम, जीएमडीए और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए इसमें सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान एक अधिकारी से कहा कि आपके खिलाफ काफी शिकायतें हैं। वह अफसर कोई सफाई देते इससे पहले ही उन्हें बैठक से बाहर जाने के लिए बोल दिया गया। बैठक के दौरान मंत्री ने कहा कि यदि किसी अधिकारी ने भ्रष्टाचार किया या पैसा लेकर काम किया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उस अधिकारी से रुपये तो वसूले ही जाएंगे, साथ ही उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भी भेजा जाएगा।

# ड्रोन अटैक के जवाब में इजराइल का बेरूत पर हमला

### दाहियेह इलाके को खाली करने के आदेश

## नेतन्याहू बोले- हिजबुल्लाह की भारी गलती

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के घर पर शनिवार को हुए ड्रोन अटैक के बाद इजराइल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला किया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली सेना लेबनान में अब तक सबसे बड़ा ऑपरेशन चला रही है। हिजबुल्लाह ने भी इजराइल के उत्तरी इलाकों पर कई रॉकेट हमले किए हैं।

नेतन्याहू ने घर पर हुए हमले के बाद इसे हिजबुल्लाह की भारी गलती करार दिया। नेतन्याहू ने कहा कि हत्या का ये प्रयास उन्हें हिजबुल्लाह को खत्म करने से नहीं रोक सकता है। इजराइली पीएम ने ईरान समर्थित हिजबुल्लाह को चेतावनी भी दी। हिजबुल्लाह ने नेतन्याहू के होम टाउन सिसेरिया को ड्रोन से निशाना बनाया था। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने इस हमले की पुष्टि की थी। पीएमओ ने बताया कि इस हमले में पीएम नेतन्याहू का निजी आवास निशाने पर था। हमले के वक्त नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा घर पर नहीं थे।

ड्रोन सिसेरिया की एक इमारत पर गिरा। इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के मुताबिक लेबनान से इजराइल पर 3 ड्रोन दागे गए। इजराइली फोर्सेस ने 2 ड्रोन को मार गिराया। आईडीएफ ने माना है कि उनका एयर डिफेंस सिस्टम हमले को रोकने में विफल रहा। उन्होंने कहा कि वे ड्रोन घुसपैठ की जांच कर रहे हैं। इजराइली सेना ने लेबनान की राजधानी बेरूत के दाहियेह इलाके को तुरंत खाली करने के लिए कहा है। आइडीएफ ने यहां दो इमारतों को टारगेट करने के लिए कहा है। इजराइल ने इन इमारतों को हिजबुल्लाह का ठिकाना बताया है। गाजा में इजराइली हमले में 73 की मौत गाजा के उत्तरी हिस्से के बेइत लाहिया इलाके में इजराइली हमले में 73 लोगों की मौत हो गई है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक अभी भी सैकड़ों लोग मलबे में फंसे हुए हैं। गाजा के सरकारी



मीडिया के मुताबिक हमले वाली जगह पर बचाव कार्य जारी है। हालांकि मौत का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। गाजा के उत्तरी इलाकों में 16 दिनों से इजराइली सेना ने नाकाबंदी की हुई है। इसकी वजह से भोजन, पानी और दवाओं की सप्लाई कट गई है। वहीं दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में हुए हमले में भी पांच लोग मारे गए हैं। इनमें चार इंजीनियर और एक कर्मचारी शामिल हैं। ये सभी इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े मरम्मत के काम में जुटे हुए थे। ड्रोन अटैक के बाद भड़के नेतन्याहू, कहा ईरान हिजबुल्लाह को चुकानी होगी भारी कीमत इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के घर पर ड्रोन अटैक के बाद अपने पहले बयान में उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. नेतन्याहू ने ईरान हिजबुल्लाह को खुली चुनौती दी है. उन्होंने कहा कि कहा ईरान हिजबुल्लाह को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी. उन्होंने कहा कि जो कोई भी इजराइल के नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा, उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी. इस बीच संयुक्त राष्ट्र में ईरानी दूतावास ने ड्रोन अटैक को लेकर प्रतिक्रिया दी है और कहा कि इसमें ईरान का हाथ नहीं है. इसके पीछे हिजबुल्लाह शामिल है. इसकी जानकारी इजराइल के विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर दी है. इजराइल के विदेश मंत्री कैट्ज ने ट्वीट किया, संयुक्त राष्ट्र में ईरानी दूतावास ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर हत्या के प्रयास की जिम्मेदारी से इनकार किया है. साथ ही दावा किया है कि इसके पीछे हिजबुल्लाह का हाथ था. हालांकि इजराइल के विदेश मंत्री ने कहा कि वह जिसे ईरान ने बनाया उसका वित्तपोषण किया, हथियार दिए, प्रशिक्षित किया और अब अपने सभी कार्यों को नियंत्रित करता है. वह अचानक उसे एक स्वतंत्र इकाई के रूप में चित्रित किया जा रहा है. यह ईरान का झूठ और झूठे बहाने हैं. आप इसके लिए जिम्मेदार हैं. नेतन्याहू ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, मेरी पत्नी और मुझे मारने की कोशिश करके ईरान हिजबुल्लाह ने एक बड़ी गलती की है. नेतन्याहू ने कहा कि हत्या की कोशिश उन्हें या इजराइल को आतंकवादियों को खत्म करने से नहीं रोकेगा. रिपोर्ट के अनुसार हमले के समय नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा घर पर नहीं थे. टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार शनिवार की सुबह लेबनान से दागे गए दो अन्य ड्रोनों को इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली ने मार गिराया. इन हमलों के बाद तेल अवीव में सायरन बजने लगे थे. सोशल मीडिया पोस्ट में नेतन्याहू ने कहा कि यह हमला मुझे या इजरायल को हमारे भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हमारे दुश्मनों के खिलाफ युद्ध जारी रखने से नहीं रोक पाएगा. नेतन्याहू ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि जो कोई भी इजरायल के नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा, उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी. उन्होंने जोर देकर कहा कि इजराइल आतंकवादियों के खिलाफ अपना अभियान जारी रखेगा. इजराइल आतंकवादियों और उन्हें भेजने वालों को खत्म करना जारी रखेगा. साथ ही आश्वासन दिया कि गाजा से बंधकों को वापस लाया जाएगा. हम अपने नागरिकों को सुरक्षित रूप से उनके घरों तक वापस लाएंगे जो हमारी उत्तरी सीमा पर रहते हैं. प्रधानमंत्री नेतन्याहू एक बार फिर दोहराया कि इजराइल अपने युद्ध उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए तत्पर है. साथ ही आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा के लिए चिंतित है. शुक्रवार को नेतन्याहू ने गाजा के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर हमास अपने हथियार डालने और बंधकों को वापस करने के लिए सहमत हो जाता है तो युद्ध कल ही समाप्त हो सकता है. एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि याह्या सिनवार खत्म हो चुका है. उसे राफा में इजरायली रक्षा बलों के बहादुर सैनिकों ने मार गिराया. हालांकि यह गाजा में युद्ध का अंत नहीं है, लेकिन यह अंत की शुरुआत है. गाजा के लोगों के लिए मेरा एक संदेश है - यह युद्ध कल समाप्त हो सकता है. यह तभी समाप्त हो सकता है जब हमास अपने हथियार डाल दे और हमारे बंधकों को वापस कर दे।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका ने गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेजा

**कोलंबो, एजेंसी।** शुक्रवार को यहां भारतीय उच्चायोग ने एक पोस्ट में कहा, 17 भारतीय मछुआरों को सफलतापूर्वक वापस भेज दिया गया है और वे तमिलनाडु, भारत के लिए रवाना हो गए हैं। श्रीलंका ने अपने जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया है। यहां भारतीय मिशन ने यह जानकारी दी। दोनों देशों के मछुआरों को एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। शुक्रवार को यहां भारतीय उच्चायोग ने एक पोस्ट में कहा, 17 भारतीय मछुआरों को सफलतापूर्वक वापस भेज दिया गया है और वे तमिलनाडु, भारत के लिए रवाना हो गए हैं। मछुआरों का मुद्दा द्विपक्षीय संबंधों में एक विवादास्पद विषय रहा है। श्रीलंका नौसेना की आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, इस वर्ष देश की नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए भारतीयों की संख्या बढ़कर 413 हो गई है जबकि 55 नौकाएं जब्त की गई हैं।

### एयर न्यूजीलैंड के विमान को मिली बम से उड़ाने की धमकी, 140 यात्री थे सवार

**सिडनी, एजेंसी।** एयर न्यूजीलैंड के विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि शनिवार को सिडनी एयरपोर्ट पर एयर न्यूजीलैंड के विमान में बम की सूचना मिली। इस विमान में करीब 140 यात्री सवार थे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने स्काई न्यूज ऑस्ट्रेलिया और चैनल नाइन न्यूज वेबसाइट के हवाले से बताया कि वेलिंगटन से सिडनी जा रही एयर न्यूजीलैंड की एक उड़ान को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना के समय विमान में 140 यात्री सवार थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि बम की सूचना मिलने के बाद विमान को सुरक्षित तरीके से लैंड कराया गया है। दरअसल, एयर न्यूजीलैंड की फ्लाइट एनजेड-247 ने स्थानीय समयानुसार शाम करीब 5:40 बजे वेलिंगटन से उड़ान भरी थी। बम की सूचना मिलने के बाद टेक्निकल ऑपरेशन यूनिट, पैरामेडिक्स और अग्निशमन दल को तुरंत ही मौके पर बुलाया गया। रिपोर्ट के अनुसार, विमान जब हवा में था तो एयर न्यूजीलैंड ने पुष्टि की है कि उन्हें सुरक्षा खतरे की संभावना के बारे में पता है। एयरलाइन के मुख्य परिचालन और सुरक्षा अधिकारी कैप्टन डेविड मॉर्गन ने एक बयान में कहा, हम स्थानीय अधिकारियों के साथ काम कर रहे हैं और ऐसी घटनाओं के लिए स्थापित मानक प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं।

### अफगान सरकार ने हमास नेता सिनवार की मौत पर जताया शोक

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने हमास नेता याह्या सिनवार की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस बात की जानकारी प्रशासन के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने दी। मुजाहिद ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा, हम याह्या सिनवार की शहादत पर इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) और सभी मुजाहिद्दीनों (इस्लामी लड़ाकों) के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। समाचार एजेंसी श?न्हुआ के अनुसार, हमास ने शुक्रवार को सिनवार की मौत की पुष्टि की। सिनवार को इस्माइल हान?या की जगह हमास के राजनीतिक ब्यूरो का प्रमुख नियुक्त किया गया था। हान?या की इस वर्ष जुलाई में ईरान के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के दौरान तेहरान में हत्या कर दी गई थी।

### मिसिसिपी के स्कूल में फुटबॉल मैच के बाद गोलीबारी में तीन लोगों की मौत, आठ घायल

**मिसिसिपी, एजेंसी।** मध्य मिसिसिपी में शनिवार को तड़के कम से कम दो लोगों ने सैकड़ों लोगों के एक समूह पर गोलीबारी कर दी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ये लोग खेल समाप्त होने के कई घंटे बाद स्कूल की घरेलू फुटबॉल जीत का जश्न मना रहे थे। होम्स काउंटी के शेरिफ विली मार्च ने बताया कि गोलीबारी की घटना समारोह में मौजूद कुछ लोगों के बीच झगड़े के बाद हुई। उन्होंने बताया कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि झगड़े की शुरुआत कैसे हुई।

## अमेरिका में नाव हादसा- ढहा फेरी प्लेटफॉर्म, 7 की मौत



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
अमेरिकी राज्य जॉर्जिया के सैपेलो द्वीप पर एक फेरी (छोटे यात्री जहाज) प्लेटफॉर्म के ढहने से बड़ा हादसा हुआ है। जिसमें कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि शनिवार को एक नाव से टकराने के बाद घाट पर स्थित एक गैंगवे (प्रवेश करने का पथ) ढह गया। इस दौरान वहां जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए लोग पानी में गिर गए। जॉर्जिया प्राकृतिक संसाधन विभाग के प्रवक्ता टायलर जोन्स के अनुसार कई लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में जॉर्जिया के गवर्नर ब्रायन केम्प ने कहा कि वह और उनका परिवार सपेलो द्वीप पर हुई त्रासदी से दुखी हैं। राज्य और स्थानीय बचाव दल इस घटना पर नजर बनाए हुए हैं, वह काम कर रहे हैं, इसलिए हम जॉर्जिया वासियों से अनुरोध करते हैं कि वह हमारे साथ मिलकर उन लोगों के लिए प्रार्थना करें जो खो गए हैं, जो अभी भी खतरे में हैं, उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करें।

### पति से झगड़े का बदला: महिला ने बच्चों को 23वीं मंजिल की खिड़की से बाहर एसी पर बिठाया

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के हेनान प्रांत के लुओयांग शहर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक महिला ने पति से झगड़े के बाद अपने दो छोटे बच्चों को 23वीं मंजिल के अपार्टमेंट की खिड़की से बाहर एयर कंडीशनर (एसी) यूनिट पर बिठा दिया। घटना 10 अक्तूबर को हुई और इसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पड़ोसियों ने जब बच्चों के रोने और चिल्लाने की आवाज सुनी, तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद तुरंत फायर डिपार्टमेंट की टीम को मौके पर बुलाया गया और उन्होंने बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जब इस खतरनाक स्थिति की खबर फैली, तो लोग अपने अपार्टमेंट से बाहर आ गए और कुछ लोगों ने घटना का वीडियो भी रिकॉर्ड किया। वीडियो में देखा गया कि एक छोटी बच्ची रोते हुए दिखाई दी, जबकि उसका छोटा भाई एसी पर चुपचाप बैठा हुआ था। इस दौरान महिला अपने पति को बच्चों के पास जाने से रोक रही थी, जिससे स्थिति और भी खतरनाक हो गई थी। बच्चों ने किसी भी प्रकार का सुरक्षा गियर नहीं पहन रखा था, जिससे उनकी जान पर बड़ा खतरा मंडरा रहा था। दमकल विभाग के अधिकारियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया और बच्चों को सुरक्षित तरीके से अपार्टमेंट के अंदर खींच लिया। इस बीच, पड़ोसियों में इस घटना को लेकर गहरा सदमा था, क्योंकि बच्चों की जान खतरे में डालना बेहद चिंताजनक था।

## कनाडा में अब भारतीय के साथ नस्लीय बदसलूकी, वृद्धा ने कहा- तुम काले हो...सब वापस जाओ

**ओटावा, एजेंसी।**
कनाडा और भारत के बीच संबंध तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं, और इस तनाव के बीच एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक भारतीय नागरिक, अश्विन अन्नामलाई, को कनाडा में नस्लीय भेदभाव का सामना करते हुए देखा जा रहा है। अन्नामलाई, जो पिछले छह साल से कनाडा में रह रहे हैं और हाल ही में नागरिकता प्राप्त की है, ने बताया कि जब वह वाटरलू, ओंटारियो में टहल रहे थे, तो एक बुजुर्ग महिला ने उन्हें नस्लवादी टिप्पणी की।



वीडियो में अन्नामलाई महिला को समझाते हैं कि वे भी एक कनाडाई हैं, लेकिन महिला इस बात से असहमत होती हैं। महिला अन्नामलाई के स्किन कलर पर टिप्पणी करते हुए कहती हैं, तुम कनाडाई नहीं हो। यहां बहुत सारे भारतीय हैं, और मैं चाहती हूं कि तुम वापस जाओ। तुम्हारे माता-पिता और दादा-दादी यहां के नहीं हैं। जब अन्नामलाई ने महिला से पूछा कि क्या वह फ्रेंच बोल सकती है (कनाडा की दूसरी आधिकारिक भाषा), तो महिला ने इसका जवाब नहीं दिया और केवल यह कहा, वापस जाओ। वापस भारत जाओ।

अन्नामलाई ने अपने पोस्ट में कहा कि यह घटना अकेली नहीं है। इस साल के शुरू से ही ऐसी घृणित घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह के व्यवहार को पूरे कनाडा पर नहीं थोपना चाहिए और लोगों को एकजुट होकर समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए। भारत-कनाडा संबंधों में गिरावट के बाद से, कनाडा में रहने वाले भारतीय नागरिकों को अक्सर नस्लीय टिप्पणियों का सामना करना पड़ रहा है। अन्नामलाई ने कहा कि उन्हें कभी भी ऐसी कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ा जो आज के अंतर्राष्ट्रीय छात्र झेल रहे हैं।

## पत्नी और बच्चों संग सुरंग में छिपता दिखा था याह्या सिनवार, इजरायल ने जारी किया नया वीडियो

**येरूसलम एजेंसी।**
इजरायली डिफेंस फोर्स ने हमास चीफ याह्या सिनवार की मौत से पहले का नया फुटेज जारी किया है, जिसमें वह सुरंग के भीतर जाता नजर आ रहा है। आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हागरी ने कहा, भयानक हमलों से पहले सिनवार 6 अक्टूबर की रात अपने परिवार के साथ भूमिगत बंकर में जाते दिखा। वह खुद के जीवित रहने की तैयारी में जुटा था। फुटेज में दिख रहा है कि कैसे उसके लिए भोजन और दूसरी वस्तुओं की सप्लाई की जा रही है, ताकि लंबे समय तक वह सुरंग के भीतर रह सके। यह वीडियो क्लिप 6 अक्टूबर की देर रात का बताया जा रहा है, जबकि 7 अक्टूबर के इजरायल पर घातक हमला हुआ था। वीडियो में सिनवार अपनी पत्नी और बच्चों के साथ भूमिगत सुरंग में जाता दिख रहा है। इसे लेकर हागरी ने कहा, एक बार फिर साबित होता है कि आतंकी संगठन हमास के नेता अपनी जान बचाने में लगे रहते हैं। चाहे वो कोई भी हो, उसे गाजा



के लोगों की ओर से चुकाई गई कीमत की परवाह नहीं है। वे उन्हें मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करते हैं। उन्हें तो महज अपने अस्तित्व के बारे में चिंता होती है। सिनवार ने अपने साथ मोटी रकम भी इकट्ठा कर रखी थी। आईडीएफ के प्रवक्ता ने कहा कि याह्या सिनवार युद्ध के दौरान खान यूनिस और राफा के बीच आवाजाही करता रहा। हमारा मानना था कि वह पूरे समय गाजा में था। उन्होंने कहा, हमसे पूछा गया कि क्या सिनवार मिस्र भाग गया है। हमने दोहराया कि वह गाजा के भीतर ही छिपा हुआ है, जिसका दायरा खान यूनिस और राफा के बीच रहा। वीडियो फुटेज में वह अपने परिवार के साथ नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि आइडीएफ के पास सिनवार के परिवार के भी दस्तावेज हैं।

# कमला हैरिस की कितनी मदद कर पाएंगे ओबामा? आखिरी चरण में चुनावी प्रचार में उतरने के मायने

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए अगले महीने की पांच तारीख को मतदान होगा। इस चुनावी माहौल में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस के लिए पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा प्रचार में उतर आए हैं। ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल के साथ कमला हैरिस कई जगह प्रचार करेंगी। उनका उद्देश्य डेमोक्रेटिक मतदाताओं को एकजुट करना और चुनाव के नजदीक आते ही राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन करना है। हालांकि पूर्व राष्ट्रपति की लोकप्रियता इस बात की ओर इशारा करती है कि वे उन राज्यों में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं, जहां जीत का अंतर कम है। ओबामा की लोकप्रियता से हैरिस को फायदा मिलने की उम्मीद भी है, लेकिन इसके साथ ही कुछ चुनौतियां भी हैं।

पूर्व राष्ट्रपति ओबामा की कुछ टिप्पणियों ने अश्वेत मतदाताओं में नेगेटिव रिस्पांस पैदा किया है। उन्होंने हाल ही में हैरिस के समर्थन में अश्वेत पुरुष मतदाताओं को दोषी ठहराया था, जिससे उनके प्रति समर्थन में कमी आने की आशंका भी बढ़ गई है। ऐसे में यह बड़ा सवाल है कि



क्या ओबामा का समर्थन वास्तव में हैरिस के लिए फायदेमंद साबित होगा। सोशल मीडिया पर ओबामा के भाषण के बाद मिली जुली प्रतिक्रिया आ रही है। 17 प्रतिशत लोगों ने उनकी बातें पॉजिटिव बताई हैं, जबकि 33 प्रतिशत ने नेगेटिव रिस्पांस दी है। कई लोगों ने उनके कमेंट को अपमानजनक और परेशान करने वाला बताया है। ऐसे में कमला हैरिस की चुनावी जीत के लिए मजबूत नींव तैयार करना मुश्किल हो सकता है।

**ओबामा के असर से डेमोक्रेटिक पार्टी को सही तालमेल बिठाना होगा:** बहरहाल कमला हैरिस के लिए ओबामा का प्रचार बहुत महत्वपूर्ण है। वे उन राज्यों में जीतने के लिए जोरशोर से प्रचार कर रही हैं, जहां डेमोक्रेट्स को अपनी स्थिति मजबूत करने की जरूरत है। लेकिन ओबामा के नेगेटिव इंपैक्ट को नजरअंदाज करना आसान नहीं होगा। इस चुनावी दौर में हैरिस को उम्मीद है कि ओबामा की मौजूदगी उनके ग्राउंड गेम को मजबूती देगी। हालांकि उन्हें यह भी ध्यान रखना होगा कि किसी भी नकारात्मक टिप्पणी से बचना अत्यंत जरूरी है। ओबामा के असर से डेमोक्रेटिक पार्टी को इस चुनाव में सही तालमेल बिठाना होगा। कमला हैरिस के लिए ओबामा का समर्थन उनके अभियान को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। ओबामा की मौजूदगी मतदाताओं को उस समय की याद दिलाती है, जब 2008 में उनके चुने जाने पर देश में आशा और उत्साह का माहौल था। कमला हैरिस ओबामा की उपलब्धियों, जैसे अफोर्डेबल केयर एक्ट और जलवायु परिवर्तन की नीतियों से खुद को जोड़कर अपना इमेज मजबूत कर रही हैं। वह खुद को उन नीतियों को आगे बढ़ाने वाली नेता के रूप में दिखा रही हैं, जो देश के विकास के लिए नए कदम उठाने को तैयार हैं। कार्यकाल को परिभाषित करते थे। खासकर अश्वेत मतदाता और युवा प्रगतिशील मतदाता, जो उनके लिए महत्वपूर्ण हैं, ओबामा की लोकप्रियता से आकर्षित हो सकते हैं। ओबामा पेंसिल्वेनिया और उत्तरी कैरोलिना जैसे महत्वपूर्ण स्विंग राज्यों में भी हैरिस के पक्ष में समर्थन जुटा सकते हैं। पिछले सप्ताह पेंसिल्वेनिया में ओबामा ने ट्रंप के विरोध में औसत अमेरिकियों से बातचीत कर उन्हें याद दिलाया कि उनके मूल्यों और ट्रंप के विचारों में बड़ा अंतर है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


इमर्जिंग एशिया कप




# भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड में एसीसी मेन्स टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के तहत खेले गए अहम मुकाबले में भारत ए ने पाकिस्तान ए को रोमांचक मुकाबले में 7 रन से हरा दिया। भारत ने पहले खेलते हुए अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरण और तिलक वर्मा की पारियों की बदौलत 183 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी पाकिस्तान की टीम ने एक समय 78 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन इसके बाद अराफात मिन्हास ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। ऐसे समय में रासिख सलाम ने 2 विकेट निकालकर मैच भारत की ओर मोड़ दिया। अब्बास अफरीदी ने भी अंत में जोर लगाया लेकिन जीत भारत को ही मिली।

### भारत ए पारी:183-8 (20 ओवर)

अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरण सिंह ने भारत ए को तेजतर्रार शुरूआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 6 ओवर में ही 68 रन बना दिए। अभिषेक ने 22 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 35 रन तो प्रभसिमरण ने 19 गेंदों पर 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से 36 रन बनाए। कप्तान तिलक वर्मा का भी बल्ला चला। उन्होंने 35 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 44 रन बनाए। बाद में नेहल वडेहरा ने 22 गेंदों पर 25 तो रमनदीप सिंह ने 11 गेंदों पर 17 रन बनाकर स्कोर 8 विकेट के नुकसान पर 183 तक पहुंचाया। पाकिस्तन के लिए सुफियान मुकीम ने 28 रन देकर 2 विकेट लीं।

### पाकिस्तान ए पारी:176-7 (20 ओवर)

पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद हारिस ने पहले ही गेंद पर छक्का लगाकर पारी की शुरूआत की। लेकिन वह अंशुल कंबोज की अगली ही गेंद पर बोल्ड हो गए। उमेर युसूफ भी 2 ही रन बना पाए। यासिर खान ने 22 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 33 तो कासिम अकरम ने 21 गेंदों पर 27 रन बनाए। मध्यक्रम में अराफात मिन्हास ने 29 गेंदों पर 5 चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन बनाए। अब्दुल समद ने 15 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 25 रन बनाए। अब्बास अफरीदी ने 9 गेंदों पर 4 चौके लगाकर 18 रन जरूर बनाए लेकिन उनकी टीम 176 रन ही बना पाई और मैच 7 रन से गंवा लिया।

# 36 साल बाद घर में न्यूज़ीलैंड से टेस्ट हारा भारत




- **न्यूज़ीलैंड ने पहले टेस्ट में भारत को 8 विकेट से मात देकर तीन मैचों की सीरीज में बनाई 1-0 से बढ़त**

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए पहले टेस्ट मैच में टीम इंडिया को 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने इसके साथ ही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था और भारतीय टीम सिर्फ 46 रनों पर ही ऑल आउट हो गई थी। यह भारतीय टीम का भारत में सबसे कम टेस्ट स्कोर था। दूसरी पारी में सरफराज खान, ऋषभ पंत, विराट कोहली द्वारा अच्छी कोशिशों के बावजूद भारतीय टीम पहली पारी के बेहद कम स्कोर से अंत तक उभर नहीं सकी।

भारत ने दूसरी पारी में 462 रन बनाए थे और चौथी पारी में न्यूजीलैंड को जीत के लिए मात्र 107 रनों का स्कोर दिया था। कीवी टीम ने यह स्कोर पांचवें और अंतिम दिन केवल 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। अंतिम दिन न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम को जसप्रीत बुमराह ने बगैर खाता खोले एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया था। इसके बाद दूसरे ओपनर डेवोन कॉन्वे को भी 17 रनों के निजी स्कोर पर इसी तरह से आउट कर दिया गया। इसके बाद विल यंग (48) और रचिन रविंद्र (39) के बीच बनी अटूट अर्धशतकीय भागीदारी ने न्यूजीलैंड की 8 विकेट से जीत सुनिश्चित की। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 8 ओवर में 29 रन देकर 2 विकेट लिए। भारत ने चौथी पारी में अपने पांच गेंदबाजों का इस्तेमाल किया।

इससे पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने पहली पारी के दौरान रचिन रवींद्र के शानदार शतक, कॉन्वे के 91 रन और निचले क्रम पर टिम साउदी द्वारा बनाए गए अहम 65 रनों की बदौलत 402 रनों का स्कोर खड़ा किया था। वहीं भारत की ओर से पहली पारी के फ्लॉप शो के बाद दूसरी पारी में सरफराज खान ने शानदार 150 रनों की पारी खेली थी। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भी 105 गेंदों पर तेज 99 रन बनाए थे। इससे पहले रोहित शर्मा ने 52 और विराट कोहली ने 70 रनों का योगदान दिया था। एक समय भारत का स्कोर 4 विकेट के नुकसान पर 433 रन था। लेकिन निचले मध्यक्रम और निचले क्रम के सस्ते में ढहने के बाद भारतीय पारी सिर्फ 462 रनों पर ढेर हो गई थी।

हॉकीः

# जर्मनी के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए वरूण कुमार की भारतीय टीम में वापसी, श्रीजेश के बिना उतरेगा भारत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फरवरी में बंगलूरू पुलिस ने वरूण पर पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत आरोप लगाये थे जब 22 वर्ष की एक महिला ने आरोप लगाया था कि पिछ्ले पांच साल से वरूण ने कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया है और इसकी शुरूआत तब हुई जब वह नाबालिग थी।

जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिये डिफेंडर वरूण कुमार की भारतीय



हॉकी टीम में वापसी हुई है। एक जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये जाने के कारण वरूण पेरिस ओलंपिक और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में जगह नहीं बना सके थे।

फरवरी में बंगलूरू पुलिस ने वरूण पर पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत आरोप लगाये थे जब 22 वर्ष की एक महिला ने आरोप लगाया था कि पिछ्ले पांच साल से वरूण ने कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया है और इसकी शुरूआत तब हुई जब वह नाबालिग थी।

# डाइवर पलक शर्मा एशियन डाइविंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 21 अक्टूबर को चाइना होंगी रवाना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आगामी 21 अक्टूबर से एशियन डाइविंग चैंपियनशिप का आयोजन चाइना के ग्वांग्झू में होने जा रहा है। इस डाइविंग प्रतियोगिता में एशियाई देशों के डाइवर अपनी सहभागिता करेंगे। भारतीय दल का नेतृत्व इस टूर्नामेंट में डाइवर पलक शर्मा करते हुए नजर आने वाली हैं। पलक शर्मा मूलतः मध्यप्रदेश की क्लीन सिटी इंदौर की रहने वाली हैं।

अपने 8 साल की उम्र से डाइविंग को पैशन बना चुकी पलक शर्मा ने अपने 9 साल के इस सफर में अब तक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 50 पदक जीत चुकी हैं, जिनमें से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 4 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य पदक सहित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 29 स्वर्ण, 8 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। सन 2018 में मात्र 12 साल की उम्र में पलक शर्मा ने राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक जितना शुरू कर दिया था। और उसके बाद से जो ये जितने का सिलसिला शुरू हुआ वो अब तक निर्बाध रूप से निरंतर जारी है। बेहद कम उम्र में ही इस प्रतिस्पर्धा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी पलक शर्मा ने राष्ट्रीय , अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जितने के साथ कई पुरस्कार भी अपने नाम कर चुकी हैं जिनमें से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2021 और मध्य प्रदेश का सर्वोच्च पुरस्कार एकलव्य पुरस्कार 2022 शामिल है। पलक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अति महत्वकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर भी है। इस एशियन डाइविंग चैंपियनशिप में शामिल होने से ठीक 5 दिन पहले ही पलक को एक बेहद कठिन दौर से गुजरना पड़ा है जिसमें उनके दादाजी का देहांत हो गया है। इस कठिन परिस्थिति और आघात के बावजूद मात्र 5 दिन में ही पलक ने इस टूर्नामेंट के लिए सहमति देकर एक मिसाल कायम किया है।

पलक ने कहा कि दादाजी मुझे बेहद प्रिय थे और अब इस टूर्नामेंट में उनके सम्मान के लिए पदक जीतने पर ही हमारा ध्यान केंद्रित रहेगा। कई लोगों ने इस कठिन परिस्थिति में टूर्नामेंट छोड़ने की सलाह दी लेकिन पलक ने कहा कि नहीं जब सचिन तेंदुलकर जैसे महान खिलाडी अपने पिता की मौत पर देश के लिए खेल कर शतक बना सकते हैं तो वो क्यों नहीं खेल सकती ? वो टूर्नामेंट में हिस्सा अवश्य लेंगी। और इसी संकल्प के साथ पलक शर्मा  चाइना में आयोजित होने जा रहे इस टूर्नामेंट के लिए अपनी सहमति दे दीं। अब वो इस टूर्नामेंट में भागीदारी करने के लिए 21 अक्टूबर को दिल्ली से टीम के बाकी सदस्यों के साथ चाइना के लिए प्रस्थान करेंगी। यह जानकारी उनके पीआरओ संजय भूषण पटियाला ने दिया।

# भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने जापान के खिलाफ 4-2 से शानदार जीत दर्ज की

**जोहोर बाहरू, एजेंसी।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां सुल्तान ऑफ जोहोर कप में जापान के खिलाफ 4-2 से शानदार जीत के साथ बेहतरीन शुरुआत की। भारत की जीत में आमिर अली (12), गुरजोत सिंह (36), आनंद सौरभ कुशवाह (44) और अंकित पाल (47 ने गोल किए, जबकि जापान के लिए सुबासा तनाका (26 और राकुसेई यामानाका (57) ने गोल किए।

भारत की शुरुआती गेम में जीत का स्वागत दिग्गज पूर्व भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने बड़ी मुस्कान के साथ किया, जो भारतीय जूनियर पुरुष टीम के कोच के रूप में हॉकी में अपनी नई पारी की शुरुआत कर रहे हैं। शुरुआत से ही यह एक रोमांचक मैच था, जिसमें भारतीय जूनियर




हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने आक्रामक हॉकी खेली और मैच के शुरू में ही गोल करने के मौके तलाशते रहे।

मैच के 12वें मिनट में आमिर अली ने बेहतरीन फील्ड गोल करके जापानी रक्षापंक्ति को ध्वस्त कर दिया। जापान ने इस शुरुआती झटके से वापसी की जब 26वें मिनट में सुबासा तनाका ने बराबरी का गोल किया। इस बराबरी के गोल ने भारत के मनोबल को कम नहीं किया और उन्होंने जापान को 2-1 की बढ़त लेने से रोक दिया, जब नियो सातो और युतो हिगुची ने मिलकर गोल पर बेहतरीन शॉट लगाने के लिए मिलकर काम किया, जिसका श्रेय भारतीय गोलकीपर अली खान को जाता है जिन्होंने गोलपोस्ट में शानदार बचाव किया।

हाफ-टाइम ब्रेक के छह मिनट बाद, भारत ने अपनी बढ़त फिर से हासिल कर ली, जब गुरजोत सिंह, जिन्होंने पिछले महीने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, ने बेहतरीन फील्ड गोल किया। इस गोल को बनाने में मोहम्मद कोनैन दाद ने उनकी शानदार मदद की और भारत को अच्छी गति दी।

कुछ ही मिनटों बाद, दिलराज सिंह ने चतुराई से भारत को एक महत्वपूर्ण पीसी अर्जित करने में मदद की, जिसने उन्हें 44वें मिनट में अपनी बढ़त को 3-1 तक मजबूत करने में मदद की। आनंद सौरभ कुशवाह ने अपने विस्फोटक ड्रैग-फ्लिक से जापान के गोलकीपर किशो कुरोडा को छकाकर गोल किया। भारत का गोल-उत्सव अंतिम क्वार्टर में भी जारी रहा, जब अंकित पाल ने 47वें मिनट में टीम का चौथा गोल किया। उन्होंने पीसी से रिबाउंड लेकर गेंद को जापान के गोलकीपर के पार पहुंचाया। इससे भारत मजबूत स्थिति में पहुंच गया।

हालांकि जापान ने 57वें मिनट में राकुसेई यामानाका के जरिए गोल किया, लेकिन भारत 4-2 से आगे रहा।जब भारतीय हमलावरों ने पांचवें गोल की तलाश में अपनी रणनीति में तेजी दिखाई। लेकिन जापान के गोलकीपर कोकी ओरिगासा ने गोल को रोककर अच्छा प्रदर्शन किया और भारत ने 4-2 से शानदार जीत दर्ज की।

# बजरंगबली को याद करके भाला फेंकता हूं: नीरज चोपड़ा

**लखनऊ, एजेंसी।** मुझे लखनऊ आना अच्छा लगता है। यहां के लोगों का खूब प्यार मिलता है। लखनऊ में ही साल 2012 में जूनियर नेशनल का पहला गोल्ड मेडल जीता था। टोक्यो ओलिंपिक के बाद भी यहां आया था। मैच से पहले मैं बजरंगबली और महादेव को याद करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी से मिलने गया था तो मां के हाथों का बना चूरमा लेकर गया था।

यह कहना है ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा का। वह शनिवार को लखनऊ पहुंचे थे। यहां नीरज चोपड़ा ने भास्कर से बातचीत की। उन्होंने कहा- लखनऊ में पुरानी बिल्डिंग को जिस तरह से सुरक्षित रखा गया है। यह काफी अच्छा था। आज पहली बार लखनऊ में घूमने का मौका मिला है। पालक पत्ता चाट बहुत अच्छा था। हमारे यहां घेवर मीठा होता है। यहां पर नमकीन था, अच्छा लगा। खिचड़ी भी यहां पर खाई है। शर्मा जी की चाय की दुकान पर भी गया था। उनका चाय बनाने का तरीका थोड़ा अलग है।



### नीरज बोले- अभी थोड़ा मोटा हो गया हूं

नीरज चोपड़ा ने कहा- मैं, प्रधानमंत्री के लिए मां के हाथों का बना चूरमा लेकर गया था। मैं जब भी घर जाता हूं, तो हमारे पांच से दस दोस्त यही चूरमा खाते हैं। अभी मोटापा बड़ रहा है। ट्रेनिंग चल नहीं रही है। डाइट पर अधिक फोकस है। अभी 30-40 मिनट रनिंग और एक्सरसाइज कर लेते हैं। सीजन अभी खत्म हुआ है।

इसलिए एक डेड महीना हल्की ट्रेनिंग है। अब अगले साल वर्ल्ड चैम्पियनशिप है, उसकी ट्रेनिंग करूंगा। अभी सर्जरी भी कराई थी। डॉक्टर ने भी रिकवरी के लिए बोला है। जब भी आता हूं कोशिश करता हूं, देश के लोगों को और परिवार को टाइम दे सकूं। अधिकांश समय तो ट्रेनिंग के लिए बाहर ही रहना पड़ता है।

### 90 मीटर का मैजिकल थ्रो जल्द फेकेंगे

नीरज ने कहा कि 2018 से मैं कई बार 90 मीटर जैवलिन थ्रो के करीब पहुंच गया हूं। हर कॉम्पिटिशन में उसके पास में पहुंच रहा हूं। अगर आप मुझसे पूछोगे कि 90 मीटर प्लस मारना है या फिर नियमित तौर पर 88-89 मीटर का थ्रो मारना है। तो मैं, 88-89 मीटर के बारे में कहूंगा।

मेरे हिसाब से कंसिस्टेंसी बहुत जरूरी है। 90 मीटर मैजिकल मार्क है। कभी-कभी सेंटीमीटर से रह जाता हूं। जब 100 पर्सेंट इंजरी फ्री होंगे तो यह होगा।

# 11 साल पहले जिसने छोड़ा भारत, उस खिलाड़ी ने सुपर ओवर में नेपाल को जिताया, यूएसए ने गंवाई टी-20 सीरीज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूएसए के दौरे पर गई नेपाल की टीम ने 3 मैचों की टी-20 सीरीज जीत ली है. सीरीज का दूसरा मैच नेपाल ने सुपर ओवर में जीता और 2-0 की अजेय बढ़त ले ली. नेपाल को सुपर ओवर में उस खिलाड़ी ने जिताया, जिसका पूरा बचपन भारत में बीता है. उस खिलाड़ी को क्रिकेट का चस्का भी भारत में लगा था. और, जो 11 साल पहले भारत छोड़कर नेपाल चला गया था. हम बात कर रहे हैं ऑलराउंडर सोमपाल कामी की, जिन्होंने सुपर ओवर में किए अपने कमाल की बदौलत नेपाल को जीत दिलाई है.

सोमपाल कामी मूल रुप से नेपाल के ही रहने वाले हैं. उनका ताल्लुक पश्चिमी नेपाल के गुलमी से है. वो जब छोटे थे तभी




उनके मां-बाप उन्हें लेकर भारत में पंजाब आ गए थे. भारत में रहते हुए सोमपाल ने कई स्कूल और क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट खेले. लेकिन, फिर करियर को नई दिशा देने के मकसद से वो 2013 में 17 साल की उम्र में फिर से नेपाल चले गए. 2014 में सोमपाल ने नेपाल के लिए डेब्यू किया और तब से अब तक टीम के मजबूत स्तंभ बने हैं, जिसका की उदाहरण भी उन्होंने यूएसए के खिलाफ अपने परफॉर्मेन्स से दे दिया.

### नेपाल- यूएसए ने बनाए 170-170 रन

नेपाल और ड्ड के बीच दूसरे टी-20 का फैसला सुपर ओवर में हुआ. इससे पहले दोनों टीमों ने 20-20 ओवरों के खेल के बाद 170-170 रन बनाए. पहले बल्लेबाजी करते हुए कुशल भुर्तेल के नाबाद 92 रन की बदौलत नेपाल ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन बनाए थे. उसके बाद यूएसए ने भी 20 ओवर में 8 विकेट पर 170 रन बनाए. यूएसए की ओर से विकेटकीपर एंड्रीज गूज ने सबसे ज्यादा 62 रन की पारी खेली.

# रणजी ट्रॉफी में आग उगल रहा वाशिंगटन सुंदर का बल्ला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर का बल्ला रणजी ट्रॉफी 2024 में जमक बोला है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हो रहे तमिलनाडु और दिल्ली के मुकाबले में सुंदर टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करने के लिए उतरे और उन्होंने कमाल कर दिया। उन्होंने इस मौके को दोनों हाथों से कबूल किया और दिल्ली के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दी।

**तीसरे नंबर पर आकर ठोका सुंदर ने शतकः** तमिलनाडु ने वाशिंगटन सुंदर को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए भेजा। ऐसे में सुंदर ने 269 गेंदों का सामना किया और 56.51 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 152 रन की गजब पारी खेली। उन्होंने अपनी इनिंग्स में 19 चौके और 1 छक्का भी लगाया। उन्होंने साई सुदर्शन (213) के साथ दूसरे विकेट के लिए 232 रन जोड़ने के बाद भारत ए के बल्लेबाज

दमदार शतक से लूट ली महफिल



पॉल (117) के साथ चौथे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। आंद्रे सिद्धार्थ ने भी नाबाद 66 रन बनाए।

सुंदर और प्रदोष रंजन पॉल ने दिल्ली के कमजोर स्पिन आक्रमण का पूरा फायदा उठाते हुए शनिवार को शतक जड़े जिससे तमिलनाडु रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच में अपनी पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। तमिलनाडु ने अपनी पहली पारी छह विकेट पर 674 रन पर घोषित की। दिल्ली ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 43 रन बनाए थे।

सलामी बल्लेबाज ध्रुव कौशिक के चोटिल होने के कारण सनत सांगवान के साथ हर्ष त्यागी ने पारी का आगाज किया। दिल्ली की समस्या यहीं तक सीमित नहीं है। उसके ऑलराउंडर प्रांशु विजयरन भी चोटिल हो गए हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## संक्षिप्त समाचार

### एनडीए की मजबूती को बनाएंगे रणनीति : उपेंद्र

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार की यात्रा कर सभी जगह से फिडबैक ले रहे हैं। उसके बाद एनडीए की मजबूती पर रणनीति बनाएंगे। ये बातें शनिवार को अतिथि गृह में पूर्व मंत्री सह राज्यसभा सदस्य उपेन्द्र कुशवाहा ने पत्रकारों से कही। कहा कि जिले के विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण किया हूं। पार्टी को अपार समर्थन मिल रहा है। मुख्यमंत्री के विकास कार्यों से जनता काफी प्रभावित है। जिले के किसानों ने लीची और शहद उत्पादन करने में कुछ परेशानी हो रही है। इसके निराकरण का प्रयास किया जाएगा। वहीं, छात्र राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश संगठन प्रभारी सह प्रवक्ता बख्तियार अहमद रजा के आवास पर उसको सम्मानित किया गया। मौके पर नौशाद अहमद, मेराज अहमद, इरशाद रजा, मो. अशरफ, शारूख अहमद, एजाज अहमद, आफताब आलम, सोहराब रजा, समर खान, कमर अहमद आदि थे।

### निजी नर्सिंग होम में महिला की मौत पर हंगामा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** कच्ची-पक्की सड़क स्थित एक निजी नर्सिंग होम में शुक्रवार की देर रात मनियारी थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी जलेश्वर मांझी की पत्नी संजू देवी (45) की ऑपरेशन करने के बाद तबीयत बिगड़ गई। उसके बाद चिकित्सक ने बेहोशी की हालत में रेफर कर दिया। ले जाने के दौरान रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया। उसके बाद परिजन शव लाकर नर्सिंग होम के सामने रख दिया। चिकित्सकों पर गलत ऑपरेशन से महिला की मौत का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। परिजनों ने बताया कि संजू के पेट में पत्थरी की शिकायत पर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। इधर, सूचना पर पहुंचे एसआई अभिषेक कुमार ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। थानाध्यक्ष देवव्रत कुमार ने बताया कि परिजनों की ओर से आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### मुखिया अजय पासवान बने आरजेडी के युवा प्रखंड अध्यक्ष

**गया, एजेंसी।** इमामगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित निजी सभागार भवन में शनिवार को आरजेडी पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई हैं। बैठक में इमामगंज प्रखंड की ग्राम पंचायत लाबाबार के मुखिया अजय पासवान को युवा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। इस संबंध पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष श्री वर्मा ने बताया कि आरजेडी पार्टी गरीबों की पार्टी है। गांव-गांव में पार्टी को मजबूत करने के लिए अभियान चलाया जा रहा हैं।

### पत्नी की हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** थाना क्षेत्र अलिगंज गांव में स्थानीय पुलिस शनिवार को छापेमारी कर हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त राजू यादव को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए अभियुक्त के ऊपर पत्नी की हत्या करने का मामला दर्ज है। अभियुक्त कई माह से फरार चल रहा था। वही, मथुरापुर से एक फरार अभियुक्त सुधीर कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उत्त संबध में थानाध्यक्ष चाहत कुमार ने बताया राजू यादव को को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। उस पर अपनी पत्नी की हत्या कर शव को जलाने का आरोप है।

### पटना चलो रैली को लेकर दवा प्रतिनिधियों ने की नुक्कड़ सभा

**गया, एजेंसी।** बिहार एंड झारखंड सेल्स रिप्रेंजेटेटिव यूनियन के पटना चलो रैली को लेकर गया के दवा प्रतिनिधि भी सक्रिय हैं। रैली को लेकर शनिवार को दवा मंडी में दवा प्रतिनिधियों नुक्कड़ सभा की। सभा की अध्यक्षता करते हुए कॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि 26 हजार न्यूनतम मजदूरी, सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक काम के घंटे, श्रम कानून को बचाने आदि मांगों को लेकर 22 अक्टूबर के पटना चलो रैली का आयोजन किया गया है। इसके तहत इसी दिन मुख्यमंत्री के समक्ष धरना दिया जाएगा। समा को कॉ. विमल चन्द मनीष, कॉ. अशोक कुमार, कॉ. ऋतेश पाठक व काँ ओम प्रकाश झा ने भी संबोधित किया। सभा में कॉ. नवीन कुमार, कॉ. योगेश्वरनाथ मिश्रा, कॉ. अजित मिश्रा कॉ. प्रिंस कु., कॉ. सुजीत कुमार, कॉ. सुमन सिन्हा व कॉ. परमेन्द्र कुमार सहित भारी संख्या में दवा प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# छठ महापर्व: तैयारी में जुटा जल संसाधन विभाग

# इंजीनियरों को मिला यह जिम्मा, छह ठेकेदारों पर गाज



**पटना, एजेंसी।** बिहार में छठ महापर्व धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाता है। जल संसाधन विभाग के चार कार्यपालक अभियंताओं के नेतृत्व में गठित टीम गंगा नदी के घाटों की स्थिति की रिपोर्ट देगी। उसके बाद ही खतरनाक घाटों की सूची जारी की जाएगी। आने वाले दिनों में नदी का जलस्तर, दलदल होने की स्थिति और कहां धसान होने की आशंका है। इस विषय पर रिपोर्ट देगी। इस बीच लापरवाही के आरोप में छह ठेकेदारों के खिलाफ एक्शन लिया गया है। विभाग के इंजीनियर की टीम गंगा के 108 घाटों का 24 अक्टूबर से जायजा लेगी। विभाग के बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण अंचल के अधीक्षक अभियंता की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि कार्यपालक अभियंता विद्याशंकर वर्मा के नेतृत्व में टीम नासरीगंज घाट से बुद्ध घाट तक, कार्यपालक अभियंता शिशिर कुमार के नेतृत्व वाली टीम केशव राय घाट से पत्थरी घाट तक, कार्यपालक अभियंता अभिनव आनंद के नेतृत्व वाली टीम नया मंदिर घाट से मिरचाई घाट तक, कार्यपालक अभियंता ओमप्रकाश कुमार के नेतृत्व वाली टीम मानिकचंद तालाब घाट से बांसघाट तालाब तक निरीक्षण कर रिपोर्ट देगी। अभिंयताओं को पहली नवंबर तक रिपोर्ट देनी है। उसके बाद तय किया जाएगा कि गंगा के किनारे कितने घाट खतरनाक घोषित किए जाएंगे। इधर जिला प्रशासन की ओर से भी 21 सेक्टर मजिस्ट्रेट को घाटों की स्थिति को लेकर रिपोर्ट देने को कहा गया है, जिसमें घाटों पर जलस्तर की स्थिति, संपर्क पथ, घाटों की वर्तमान स्थिति क्या है इस पर रिपोर्ट देनी है। दोनों टीम की रिपोर्ट आने के बाद घाटों को लेकर जिला प्रशासन प्रबंधन करेगा। कई सेक्टर मजिस्ट्रेट ने को छठ कोषांग को रिपोर्ट दे दी है। रिपोर्ट का अध्ययन किया जा रहा है। उसके बाद छठ कोषांग की ओर से आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

#### लापरवाही पर छह ठेकेदारों पर कार्रवाई

छठ पूजा की तैयारी को लेकर बड़हरवा घाट पर पदाधिकारियों के संग शनिवार को नगर आयुक्त अनिमेष पराशर ने समीक्षा बैठक की। घाटों को तैयार करने में लापरवाही बरतने वाले छह ठेकेदारों पर कार्रवाई की गई है। सभी से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

नगर आयुक्त की ओर से कार्यपालक पदाधिकारी एवं अभियंताओं से गंगा घाटों की वस्तु स्थिति, संवेदकों की चुनौतियों, जवाबदेही एवं ससमय तैयारी की रूपरेखा पर संवेदकों से रिपोर्ट मांगी गई। रिपोर्ट में छह ठेकेदार की लापरवाही सामने आयी। आयुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारियों से कहा कि घाटों का निरीक्षण कर प्रतिदिन रिपोर्ट उपलब्ध करवाएं। सैंड बैग घाट के अनुसार उपलब्ध करवाया जाएगा। इसकी संख्या भी संवेदक बताएंगे। लाइट की प्रतिदिन निगरानी, तार की जांच सुनिश्चित करने, एप्रोच रोड का निर्माण ससमय पूर्ण करने, कपड़े से मार्किंग, लाइट की व्यवस्था, सेल्फी प्वाइंट बनाने को कहा गया।

#### इनसे मांगा गया स्पष्टीकरण

कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कृष्णा घाट, रानी घाट, काली घाट, बंसी घाट, रौशन घाट एवं घघा घाट के संवेदक से स्पष्टीकरण मांगा गया। इन घाटों पर पदाधिकारियों के जांच के दौरान मिट्टी की सफाई, लेबर की संख्या में कमी मिली। इसके अतिरिक्त इनमें से कई संवेदक समीक्षा बैठक में भी उपस्थित नहीं हुए। कार्य संतोषजनक नहीं होने पर 48 घंटे के अंदर निविदा रद्द कर दूसरे संवेदक को कार्य सौंपा जाएगा। इस दौरान बैठक में पाटलिपुत्र, बांकीपुर, पटना सिटी, अजीमाबाद सहित सभी घाटों के संवेदक उपस्थित रहे।

## 8 साल से गया में बौद्ध भिक्षु बनकर रह रहा था बांग्लादेशी, थाईलैंड भागने के दौरान पकड़ाया



**गया, एजेंसी।** बिहार के गया में बीते 8 सालों से बौद्ध भिक्षु बनकर रह रहा एक बांग्लादेशी नागरिक एयरपोर्ट से पकड़ा गया। गया एयरपोर्ट से वह थाईलैंड के बैंकॉक जाने की तैयारी में था। तभी इमिग्रेशन काउंटर पर जांच के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि उसके वीजा और पासपोर्ट में गड़बड़ी पाई गई। शक होने पर सुरक्षाकर्मियों ने उसे हिरासत में लिया और जिला पुलिस के हवाले कर दिया। जांच में सामने आया कि वह बांग्लादेश का नागरिक है और पहचान बदलकर बोधगया में रह रहा था।

बांग्लादेशी नागरिक की गिरफ्तारी के बाद गया एयरपोर्ट पर खलबली मच गई। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक ने सुरक्षाकर्मियों को अपना नाम राजीव धर बताया। उसने कहा कि बौद्ध भिक्षु के वेश में वह 8 सालों से बोधगया में रह रहा था। उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर नोटिस जारी किया गया था। पुलिस से बचने के लिए उसने अपनी पहचान बदल ली थी। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार पकड़ा गया बांग्लादेशी नागरिक शुक्रवार को भारतीय पासपोर्ट संख्या एक्स -7037848, जो फ्लाइट संख्या टीजी-327 से वीजा ऑन अराइवल की सुविधा पर बैंकॉक जाने वाला था। जांच के दौरान पता चला कि वह बांग्लादेशी नागरिक है। आरोपी इतना शातिर है कि उसने अलग-अलग नामों से आधा दर्जन से भी ज्यादा पासपोर्ट बना लिए। पूछताछ के बाद एयरपोर्ट सुरक्षा कर्मियों ने मगध मेडिकल थाना की पुलिस को सौंप दिया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 2 भारतीय आधार कार्ड, पासपोर्ट, पेन कार्ड के साथ 1560 थाई मुद्रा, 1 मोबाइल, 411 यूसएस डॉलर, 5 यूरो, 3800 भारतीय रुपये बरामद किए गए। शुरुआत में वह बांग्लादेशी पासपोर्ट पर भारत आया था, जिसमें उसका नाम बाबू जॉय बरूआ, पिता परितोष बरूआ दर्ज है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से बरामद दस्तावेज जांच में फर्जी पाया गया है।

## चलती ट्रेन में युवक को मारी गोली, 3 राउंड फायरिंग

### पटना–लोकमान्य तिलक एक्स. में लूटपाट के लिए घुसे थे अपराधी, चेन पुलिंग कर फरार

**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** चलती ट्रेन में अपराधियों ने तीन राउंड फायरिंग की। दो गोली लूटपाट का विरोध करने वाले युवक को लगी। एक गोली दाहिने हाथ के आर-पार हो गई और दूसरी सीने को छूकर निकल गई। वारदात 13201 पटना-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस स्लीपर कोच में हुई। चार से पांच अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया और चेन पुल कर फरार हो गए। अन्य यात्रियों ने घटना की जानकारी 139 पर दी। आरा जीआरपी थानाध्यक्ष और RPF के जवानों ने आरा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर घायल को ट्रेन से उतारा और सदर अस्पताल ले गए। जहां से पटना रेफर कर दिया गया, हालांकि परिजन उसे अपने साथ वाराणसी ले गए। घटना दानापुर-पंडित दिन दयाल उपाध्याय रेलखंड सदीसोपुर रेलवे स्टेशन की है।



#### रात 1 बजे सदीसोपुर स्टेशन पहुंची ट्रेन

जख्मी युवक वाराणसी के मंडुआडीह थाना क्षेत्र के भूलनपुर गांव निवासी जयनाथ उपाध्याय के बेटे कृष्ण मोहन उपाध्याय (40) हैं। जख्मी के चचेरे भाई ओम प्रकाश ने बताया कि हम दोनों पटना में पिछले डेढ़ साल से प्राइवेट कंपनी से सर्वे का काम करते हैं।

छुट्टी के समय में अपने-अपने घर वाराणसी चले जाते हैं। शनिवार की रात काम खत्म करने के बाद 13201 पटना-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस के स्लीपर बोगी में रिजर्वेशन करा कर दोनों पंडित दिन दयाल उपाध्याय जंक्शन जा रहे थे। दोनों बर्थ संख्या 41 और 44 पर सोए थे। पटना से ट्रेन रात 11 बजकर 55 मिनट से 22 मिनट लेट 12 बजकर 17 मिनट पर खुली थी। जैसी ही ट्रेन दानापुर से 12 बजकर 40 पर खुलकर सदीसोपुर स्टेशन पर रात 1 बजकर 4 मिनट पहुंची तो चार से पांच हथियारबंद अपराधी कोच में घुसे और यात्रियों के बैग छिनने लगे। कहा हमलोगों का भी बैग छीन लिया जिसमें कपड़ा और एक-दो हजार रुपए कैश थे। बैग लूटता देख कृष्ण मोहन ने विरोध किया तो एक अपराधी ने फायरिंग कर दी। दहशत फैलाने के लिए दोबारा फायरिंग की और चेन पुलिंग कर सभी ट्रेन से उतर गए।

#### गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है

आरा जीआरपी थानाध्यक्ष रोहित कुमार ने कहा कि घटना की सूचना मिलने के बाद जीआरपी और आरपीएफ पुलिस फोर्स ने तुरंत आरा स्टेशन से जख्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज किया। बेहतर इलाज लिए परिजन उसे बनारस लेकर चले गए है। जख्मी का बयान दर्ज कर लिया गया है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए बिहटा स्टेशन और सदीसोपुर स्टेशन पर छापेमारी की जा रही है।

## शराब बेचने की सूचना देने पर माफियाओं ने पीटा, जांच में जुटी पुलिस



**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा के सिमराहा स्थित वार्ड संख्या 4 में शराब माफियाओं के खिलाफ पुलिस को सूचना देना एक पिता-पुत्र के लिए खतरनाक साबित हुआ। शराब के अवैध धंधे की जानकारी देने के बाद, शनिवार को धंधेबाजों ने उनके घर में घुसकर पिता-पुत्र की बुरी तरह पिटाई कर दी।

घायलों की पहचान वर्षीय हरिश्चंद्र यादव (60) और उनके बेटे जयकुमार यादव (28) के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को गंभीर हालत में सहरसा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

#### शराब बेचने की सूचना देने पर पीटा

जयकुमार यादव ने बताया कि उनके मोहल्ले में 7 नंबर पुल के पास मनोज यादव, विजय यादव और लखीचंद यादव समेत अन्य लोग शराब बनाने और बेचने का धंधा करते हैं। उन्होंने पहले भी इन अवैध गतिविधियों की जानकारी उत्पाद थाने को दी थी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शराब माफियाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

हालांकि, जमानत पर बाहर आने के बाद उन्होंने दोबारा अवैध शराब का काम शुरू कर दिया। शनिवार को जयकुमार ने फिर से उत्पाद पुलिस को शराब बेचने की सूचना दी। इसके बाद मनोज, विजय, और लखीचंद यादव समेत अन्य आरोपियों ने घर में घुसकर पिता-पुत्र पर हमला कर दिया, जिसमें जयकुमार के सिर पर गंभीर चोटें आईं और उनके पिता भी बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस घटना ने स्थानीय लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया है।

#### जांच में जुटी पुलिस

सदर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है, मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दो जख्मी

### सहरसा में शादी समारोह में हुआ था विवाद



**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा जिले के सदर थाना क्षेत्र के वार्ड नं. 37 में डीजे बजाने को लेकर शुरू हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जानकारी के अनुसार, तीन दिन पहले शादी समारोह के दौरान बच्चों के बीच डीजे बजाने को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसे स्थानीय स्तर पर सुलझा लिया गया था। हालांकि, शनिवार को अचानक इसी पुराने विवाद को लेकर एक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष के घर पर हमला करने पहुंचे। हमलावरों ने लाठी-डंडों से पिटाई की, इस घटना में मोहम्मद अफरोज (44) और संजीदा खातून (35) गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें परिजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

#### 20 से 25 लोगों ने किया हमला

घायल फिरोज आलम ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि जब हमला हुआ, उस वक्त घर के सदस्य वहां मौजूद नहीं थे। लगभग 20-25 लोगों के समूह में मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद कोसो, मोहम्मद मुरशिद, मोहम्मद एहसान और मोहम्मद जाबेद समेत अन्य लोग लाठी-डंडों के साथ पहुंचे और भाई-भाभी को बुरी तरह पीटा। घटना की सूचना परिजनों ने सदर थाने को दी गई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

#### जांच में जुटी पुलिस

सदर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि मारपीट की घटना घटित हुई है। मामले में पीड़ित पक्ष से आवेदन मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

## बिहार के कई जिलों में छाया कोहरा:दिवाली से पहले खराब होने लगी पटना की हवा

**पटना, एजेंसी।** बिहार में अगले दो से तीन दिनों तक मौसम शुष्क बना रहेगा। तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। सुबह के समय कई जिलों में आद्रता ज्यादा होने के कारण कोहरा छाया रहेगा। वहीं, पटना समेत प्रदेश के कई जिलों में दिवाली से पहले ही हवा खराब होने लगी है। एक्यूआई में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। पटना का एक्यूआई 219, हाजीपुर का एक्यूआई 259 और कटिहार का एक्यूआई 206 दर्ज किया गया है। मौसम विभाग पटना के अनुसार,



एक चक्रवर्ती वायु परिसंचरण उत्तर पूर्वी असम के आसपास समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर ऊपर बनी हुई है। जिसके कारण बिहार के उत्तर पूर्वी भाग में बादल छाए रहेंगे। पिछले 24 घंटे के दौरान बिहार में मौसम शुष्क बना रहा। प्रदेश के कई जिलों में बादल छाए रहे। हवा की दिशा पश्चिम की ओर बनी रही। अधिकतम तापमान 31 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 20 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

**पश्चिमी विक्षोभ पर निर्भर करेगा ठंड :** पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार प्रदेश में इस बार कितनी ठंड पड़ेगी। उसको लेकर लेकर पश्चिमी विक्षोभ जिम्मेदार होते हैं। पिछले साल दिसंबर तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ था। इसलिए दिसंबर महीने में कोई खास ठंड नहीं पड़ी थी।

## अररिया में दवा व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

### ड्रग एंड मेडिकल एसोसिएशन ने की कार्रवाई की मांग, नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**अररिया, एजेंसी।** अररिया नगर थाना क्षेत्र के मारवाड़ीपट्टी में शनिवार रात करीब 8.20 बजे अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने दवा व्यवसायी दीपक भगत (43) की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक गणपति फार्मा के मालिक थे और घटना के समय अपनी दुकान पर स्टाफ के साथ मौजूद थे। बदमाशों ने दीपक को सीने में गोली मारी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद उन्हें तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी। मामले पुलिस ने अमरनाथ और दुकान के स्टाफ से पूछताछ की और घटना की जांच के विभिन्न पहलुओं, जैसे आपसी रंजिश और व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता, पर ध्यान केंद्रित किया है। हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी दवा के व्यवसायी की हत्या के बाद ड्रग एंड मेडिकल एसोसिएशन के सचिव राकेश कुमार वर्मा उर्फ मिट्ठू ने बताया कि जिले में अपराध चरम सीमा पर है। एक दवा व्यवसायी को गोली मारकर हत्या किया जाना दुर्भाग्य की बात है। यह



पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान खड़ा करता है। उन्होंने बताया कि 24 घंटे के अंदर पुलिस अपराधी को पकड़ने में सफल नहीं होते हैं तो वे लोग जिलेभर के दवाई दुकान को बंद कर सड़क पर उतर जाएंगे और चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे। घटना के बाद दवा व्यवसाय सहित अन्य सैकड़ों व्यवसायी सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी लेने में जुटे रहे। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक कुमार भगत ने 24 घंटे में अपराधी के गिरफ्तारी की मांग की है।

साथ ही वार्ड 23 के पूर्व पार्षद सुमित कुमार सुमन ने कहा कि पुलिस तुरंत अपराधी को चिह्नित कर गिरफ्तार करे और पीड़ित परिजनों को सुरक्षा मुहैया कराए।